
RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 285
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ग्राम, ब्लॉक और जिला पंचायतों में अधिक समन्वय हो
राष्ट्रीय-11

# चंद्रयान-3 के लैंडर ने संचार शुरू किया

## ● चंद्रमा के सुदूर पार्श्व भाग के चित्र भेजे

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल ने चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर के साथ संचार शुरू कर दिया है, और लैंडर हजार्ड डिटेक्शन एंड एवाइडेंस कैमरा (एलएचडीएसी) से ली गई चंद्रमा के सुदूर पार्श्व भाग की तस्वीरें जारी की हैं। इसरो ने रविवार को कहा कि चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल के बुधवार को शाम करीब छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है। लैंडर के अंदर एक रोवर है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, स्वागत है दोस्त। चंद्रयान-2 आर्बिटर ने औपचारिक रूप से चंद्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। दोनों के बीच दोतरफा संचार स्थापित हो गया है। एमओक्स (मिशन ऑपरेशंस कॉम्पलेक्स) के पास अब लैंडर मॉड्यूल तक पहुंचने के लिए अधिक मार्ग हैं। एमओएक्स यहां इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में स्थित है।

चंद्रयान-2 ऑर्बिटर के साथ चंद्रयान-3 के लैंडर में इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क (आईडीएसएन), बड़े




चंद्रयान-3 के लैंडर द्वारा भेजा गया चंद्रमा के सुदूर पार्श्व भाग का चित्र

एंटेना के नेटवर्क और इसरो द्वारा संचालित संचार सुविधाओं के साथ संचार करने की क्षमता है। इसरो ने यह भी कहा कि चंद्रमा की सतह पर उतरने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बुधवार शाम पांच बजकर 20 मिनट से शुरू होगा। चंद्रयान-2 मिशन 2019 में भेजा गया था। इस अंतरिक्षयान में आर्बिटर, लैंडर और रोवर शामिल था। लैंडर के अंदर एक रोवर था। लैंडर चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे यह मिशन के सॉफ्ट लैंडिंग लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रहा था। इसरो ने 2019 में कहा था कि चंद्रयान-2 मिशन के आर्बिटर का सेवाकाल सात साल बढ़ गया है। इसरो के पूर्व प्रमुख जी माधवन नायर ने कहा है कि चंद्रमा की सतह पर उतरने की प्रक्रिया बहुत जटिल है। उन्होंने कहा कि सफल लैंडिंग ग्रहीय अन्वेषण के इसरो के अगले चरण की शानदार शुरूआत करेगा। वह 2008 में चंद्रयान-। मिशन को भेजे जाने के समय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख थे। उन्होंने सोमवार को कहा, यह (सॉफ्ट लैंडिंग) एक बहुत जटिल प्रक्रिया है। हम (चंद्रमा की सतह से ऊपर) अंतिम दो किलोमीटर में (चंद्रयान-2 मिशन में चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने के दौरान) बहुत करीब से चूक गए थे। उन्होंने कहा, इसलिए, कई चीजों पर एक साथ काम करना होगा...थ्रर्स्टर्स, सेंसर, अल्टीमीटर, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर आदि। कहीं भी कोई भी गड़बड़ी होने पर हम संकट में घिर सकते हैं। नायर ने कहा, हमें सावधान रहना होगा और नजर रखनी होगी। नायर ने कहा, हम (चंद्रमा की) सतह से जो आंकड़े एकत्र कर सकते हैं, वह कुछ खनिजों की पहचान करने में उपयोगी होगा...दुर्लभ खनिज, ...हीलियम-3 इत्यादि। यह भी जांचने का प्रयास किया जाएगा कि हम अन्वेषण या मानव उपस्थिति के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास किस प्रकार की व्यवस्था कर सकते हैं। यह (सफल सॉफ्ट-लैंडिंग) इसरो के ग्रह अन्वेषण के अगले चरण के लिए एक बड़ी शुरुआत होने जा रही है। इसरो के एक अन्य पूर्व प्रमुख के. सिवन ने कहा कि रूस के लूना-2 चंद्र मिशन की नाकामी का चंद्रयान-3 पर कोई असर नहीं पड़ेगा। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोसमोस ने रविवार को एक बयान में कहा कि अनियंत्रित कक्षा में प्रवेश करने के बाद लूना-25 अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। (शेष पेज 9)

### रूस के लूना की नाकामी का चंद्रयान-3 अभियान पर असर नहीं होगा: इसरो वैज्ञानिक

**बेंगलुरु।** रूस के लूना-25 चंद्र मिशन की नाकामी का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चंद्रयान-3 अभियान पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारत के शीर्ष अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने यह जानकारी दी। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोसमोस ने रविवार को एक बयान में कहा कि अनियंत्रित कक्षा में प्रवेश करने के बाद लूना-25 अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चंद्रयान-2 मिशन को 2019 में भेजे जाने के समय इसरो प्रमुख रहे के. सिवन ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। उनसे यह पूछा गया था कि रूसी मिशन की नाकामी के बाद क्या इसरो सॉफ्ट लैंडिंग से पहले अतिरिक्त दबाव में है। इसरो ने रविवार को कहा था कि चंद्रयान-3 मिशन का लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह पर बुधवार शाम करीब छह बजकर चार मिनट पर उतरने वाला है। सिवन ने कहा, यह (चंद्रयान-3 मिशन) योजना के मुताबिक आगे बढ़ रहा। यह (सॉफ्ट लैंडिंग) योजना के अनुसार होगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार (चंद्रयान-2) के उलट यह (सतह पर उतरने में) सफल रहेगा। इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी माधवन नायर ने कुछ हलकों में हो रही इस चर्चा को खारिज कर दिया। (शेष पेज 9)

# अब गरीबों के खाते में जा रहा एक-एक पैसा: मोदी

## ● प्रधानमंत्री ने कहा, देश में 2014 से पहले था भ्रष्टाचार और घोटालों का युग, अब रुक गया सिस्टम का लीकेज

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार और घोटालों का युग था और गरीबों के अधिकार व उनके पैसे लूटे जा रहे थे, लेकिन अब हर पैसा सीधे उनके बैंक खातों में पहुंच रहा है। मोदी ने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पांच साल में 13.50 करोड़ भारतीय बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) श्रेणी से बाहर आ गए हैं। मोदी ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि बड़ी संख्या में लोग कर चुका रहे हैं। यह सरकार में उनके विश्वास को दर्शाता है कि उनके पैसे का अच्छा उपयोग किया जा रहा है। मोदी मप्र की राजधानी भोपाल के सीएम राइज शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर मा. विद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-अभिमुखीकरण कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत काल के पहले साल में ही सकारात्मक खबरें आनी शुरू हो गई हैं, जो बढ़ती समृद्धि और घटती गरीबी को दर्शाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पांच साल में 13.50 करोड़ भारतीय बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) श्रेणी से बाहर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि आयकर रिटर्न की संख्या से पता चलता है कि पिछले नौ वर्षों के दौरान भारतीयों की औसत आय बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है, जो 2014 में 4 लाख रुपए थी। उन्होंने कहा कि लोग निम्न से उच्च आय वर्ग की ओर बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि सभी क्षेत्रों को ताकत मिल रही है और रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों का विश्वास बढ़ रहा है। वे इस विश्वास के साथ अपना कर जमा करने आ रहे हैं कि उनका हर पैसा देश के विकास पर खर्च होगा। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था 2014 में विश्व में 10वें स्थान से अब 5वें स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि सिस्टम में लीकेज को रोकने का मतलब गरीबों के कल्याण पर अधिक पैसा खर्च करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि निवेश से रोजगार पैदा हुआ है और 2014 के बाद भारत में पांच लाख नए कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए गए हैं, जिससे कई लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि आज नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षक इस ऐतिहासिक काल में शिक्षण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से जुड़ रहे हैं। वे भारत की भावी पीढ़ियों को गढ़ने, उन्हें आधुनिक बनाने और एक नई दिशा देने की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने कहा कि नए शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में बहुत बड़ा योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि जब निर्णय, सकारात्मक सोच, सही इरादे और पूरी निष्ठा के साथ लिए जाते हैं, तो पूरा वातावरण सकारात्मकता से भर जाता है और पीएम विश्वकर्मा योजना की घोषणा इसी दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। मोदी ने कहा कि पारंपरिक कौशल को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप ढालने के लिए विश्वकर्मा योजना बनाई गई है। (शेष पेज 9)

# सुप्रीम कोर्ट ने विवाहेत्तर गर्भधारण को बताया खतरनाक

## ● 27 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को एक बलात्कार पीड़िता को गर्भपात की अनुमति देते हुए कहा कि विवाह से इतर गर्भधारण खतरनाक हो सकता है। पीड़िता 27 हफ्ते की गर्भवती है। पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जवल भूइयां ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय का याचिकाकर्ता की गर्भपात की अनुमति का अनुरोध करने वाली याचिका को खारिज करना सही नहीं था। शीर्ष अदालत ने कहा कि भारतीय समाज में विवाह संस्था के भीतर गर्भावस्था न सिर्फ दंपति बल्कि उसके परिवार और दोस्तों के लिए खुशी और जश्न का मौका होता है।

न्यायालय ने कहा, इसके विपरीत विवाह से इतर खासकर यौन उत्पीड़न या यौन हमले के मामलों में गर्भावस्था खतरनाक हो सकती है। ऐसी



गर्भावस्था न केवल गर्भवती महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है बल्कि उनकी चिंता एवं मानसिक पीड़ा का कारण भी होती है। किसी महिला पर यौन हमला अपने आप में तनावपूर्ण होता है और यौन उत्पीड़न के कारण गर्भावस्था के विपरीत परिणाम हो सकते हैं क्योंकि ऐसी गर्भावस्था स्वैच्छिक या अपनी खुशी के अनुसार नहीं होती है।

पीठ ने कहा, उपरोक्त चर्चा और चिकित्सा रिपोर्ट के मद्देनजर हम याचिकाकर्ता को गर्भपात की अनुमति देते हैं। हम निर्देश देते हैं कि वह कल अस्पताल में उपस्थित रहे ताकि गर्भपात की प्रक्रिया को शुरू किया जा सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर भ्रूण जीवित पाया जाता है, तो अस्पताल यह सुनिश्चित करेगा कि भ्रूण को जीवित रखने के लिए हर आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। शिशु अगर जीवित रहता है तो राज्य यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा कि बच्चे को कानून के अनुसार गोद लिया जाए। एक विशेष बैठक में शीर्ष अदालत ने शनिवार को गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा पीड़ित की चिकित्सकीय गर्भपात के लिए अनुरोध करने वाली याचिका को अनुमति नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि मामले के लंबित रहने के दौरान कीमती वक्त बर्बाद हो गया। गर्भपात के लिए मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भपात की ऊपरी समय सीमा विवाहित महिलाओं, बलात्कार पीड़ितों और अन्य कमजोर महिलाओं जैसे कि दिव्यांग और नाबालिगों सहित विशेष श्रेणियों के लिए 24 सप्ताह की गर्भावस्था है।

# बिहार में जातिगत सर्वेक्षण पर रोक से कोर्ट का इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बिहार सरकार को जातिगत सर्वेक्षण की अनुमति देने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से सोमवार को कहा कि वह इस प्रक्रिया पर तबतक रोक नहीं लगाएगा जबतक कि वे (याचिकाकर्ता) इसके खिलाफ प्रथम दृष्ट्या ठोस आधार नहीं देते। शीर्ष अदालत ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को इस मुद्दे पर सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने की भी अनुमति दी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि सर्वेक्षण के कुछ परिणाम हो सकते हैं। मेहता ने कहा, हम इस तरफ या उस तरफ नहीं हैं, लेकिन इस कवायद के कुछ परिणाम हो सकते हैं और इसलिए हम अपना जवाब दाखिल करना चाहेंगे। उन्होंने विवादास्पद कवायद के संभावित परिणामों के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

उच्च न्यायालय के एक अगस्त के फैसले को चुनौती देने वाले विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों और व्यक्तियों द्वारा दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस. वी. एन. भट्टी की पीठ ने मेहता के अनुरोध पर कार्यवाही स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत से राज्य सरकार को आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की। पीठ ने कहा, आप समझिए, दो चीजें हैं। एक आंकड़ों का संग्रह है, वह कवायद जो समाप्त हो गई है, और दूसरा सर्वेक्षण के दौरान एकत्र आंकड़ों का विश्लेषण है। दूसरा भाग, अधिक कठिन एवं समस्याग्रस्त है। जब तक आप (याचिकाकर्ता) प्रथम दृष्टया मामले का आधार बनाने में सक्षम नहीं हो जाते, हम किसी भी चीज पर रोक नहीं लगाने वाले। इसमें कहा गया है कि बिहार सरकार ने पिछली सुनवाई के दौरान आश्वासन दिया था कि वह डेटा प्रकाशित नहीं करने जा रही है। जब रोहतगी ने बिहार सरकार को रोक लगाने का आदेश देने पर जोर दिया, तो पीठ ने कहा, राज्य के पक्ष में पहले ही फैसला आ चुका है। (शेष पेज 9)

# दोस्त की बेटी से दुष्कर्म में अफसर निलंबित, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में किशोरी के साथ बलात्कार के मामले में दिल्ली सरकार के अधिकारी प्रेमोदय खाखा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में मुख्य सचिव नरेश कुमार ने एक आदेश जारी किया है। इस बीच दिल्ली पुलिस ने पूछताछ के बाद खाखा और उसकी पत्नी सीमा रानी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इससे पहले दिन में, मुख्य सचिव को उक्त अधिकारी को निलंबित करने का आदेश जारी किया था। मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत खाखा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। आदेश में कहा गया है। केंद्रीय सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमें, 1965 के नियम 10 के उप नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सहायक निदेशक प्रेमोदय खाखा को तत्काल




किशोरी से बलात्कार के मामले में गिरफ्तार अधिकारी प्रेमोदय और उसकी पत्नी सीमा

प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

निलंबन अविध के दौरान अधिकारी को पूर्व अनुमति के बगैर महिला एवं बाल विकास विभाग मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से एक रिपोर्ट भी मांगी है। इससे पहले दिन में, केजरीवाल ने यहां एक कार्यक्रम से इतर मीडिया से बातचीत करते हुए दिल्ली पुलिस से आरोपी अधिकारी को तुरंत गिरफ्तार करने की अपील की थी। केजरीवाल ने कहा मुख्य सचिव को जांच लंबित रहने तक अधिकारी को निलंबित करने का आदेश दिया है। पुलिस ने रविवार को कहा था कि दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी के खिलाफ अपने मित्र की नाबालिग बेटी से कई बार बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के पिता का एक अक्टूबर, 2020 को निधन हो गया था और तब से वह आरोपी और उसके परिवार के साथ उनके घर में रह रही थी।

## क्विक न्यूज

### राज्यसभा के नौ सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित नौ सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा सचिवालय से जारी एक बयान के अनुसार राज्यसभा कक्ष में उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों को शपथ दिलाई। जयशंकर ने अंग्रेजी में शपथ ली। राज्यसभा सदस्य के रूप में यह उनका दूसरा कार्यकाल है। वह पहली बार वर्ष 2019 में निर्वाचित हुए थे। जयशंकर के अलावा राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने वाले भारतीय जनता पार्टी सदस्यों में बाबूभाई जेसांगभाई देसाई (गुजरात), केसरीदेवसिंह दिग्विजय सिंह झाला (गुजरात) और नागेन्द्र राय (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस के पांच सांसदों ने भी उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। इनमें डेरेक ओब्रायन, डोला सेन, सुखेन्दु शेखर रे, प्रकाश चिक बाराइक और समिरूल इस्लाम शामिल हैं। डेरेक, सेन, इस्लाम और रे ने बांग्ला में शपथ ली। सोमवार को जिन नौ सदस्यों ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली, उनमें से पांच पहली बार निर्वाचित होकर उच्च सदन में पहुंचे हैं।

# मुंबई बैठक में जारी होगा इंडिया का लोगो

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली/मुम्बई

## ● भाजपा नीत राजग के खिलाफ ठोस रणनीति बनाने के लिए 31 अगस्त व 1 सितंबर को जुटेंगे विपक्षी नेता, हो सकता है कई समितियों का ऐलान

**मुम्बई** में आगामी 31 अगस्त और 1 सितंबर को प्रस्तावित बैठक में इंडिया गठबंधन का लोगो जारी किया जा सकता है। बैठक में गठबंधन के सुचारू संचालन के लिए समन्वय समितियों की घोषणा भी जाएगी। दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन यानी 1 सितंबर को नेताओं के बीच विचार-विमर्श शुरू होने से पहले यह लोगो सामने आ जाएगा। गठबंधन के दलों के बीच बेहतर तालमेल के लिए एक संयुक्त सचिवालय का भी यहां ऐलान होगा। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग गठबंधन से मुकाबले के लिए आकार ले रहे इस गठबंधन की तीसरी बैठक में 26 से अधिक राजनीतिक दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। वर्तमान में 26 दल इस समूह का हिस्सा हैं और मुम्बई की दो दिवसीय बैठक के दौरान कुछ और दल इसमें शामिल हो सकते हैं। इस विपक्षी गुट की पहली बैठक जून में पटना में और दूसरी पिछले महीने बेंगलुरु में हुई थी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन समेत इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं के 31 अगस्त को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है।

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे 31 अगस्त को ग्रैंड हयात होटल में इन नेताओं के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे, जबकि बैठक के दिन दोपहर का भोजन कांग्रेस की मुम्बई इकाई द्वारा आयोजित किया जाएगा। उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस, शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के साथ महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सहयोगी हैं। (शेष पेज 9)

### केजरीवाल और जयंत बैठक में होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आप** के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी मुम्बई में 31 अगस्त से होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे। मुम्बई बैठक से अनुपस्थिति की संभावना की अटकलों के बीच रालोद प्रमुख ने कहा कि वह मुम्बई की बैठक में उसी तरह शामिल होंगे जैसे वह बेंगलुरु की बैठक में पहुंचे थे। एनसीपी ने भी दोनों क्षेत्रीय दलों के भाजपा के संपर्क में होने से इनकार किया है। केजरीवाल से सामेवार को जब पूछा गया कि क्या वह मुंबई में विपक्षी दलों की आगामी बैठक में शामिल होंगे। तो उन्होंने कहा, मुंबई जाएंगे और परिणाम आपके साथ साझा करेंगे।

# उप्र में हिंदू पंचांग के हिसाब से तैनात होंगे पुलिसकर्मी

## ● डीजीपी ने दिया आदेश, अपराध पर काबू पाने का दिया तर्क, लोगों को भी जागरूक रहने की सलाह

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) विजय कुमार ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को हिंदू पंचाग के आधार पर चंद्रमा की गतिविधि के हिसाब से तैनाती का आदेश दिया है। साथ ही लोगों को भी इसी आधार पर सतर्क रहने की सलाह दी है। कुमार ने पिछली 14 अगस्त को सभी वरिष्ठ पुलिस अफसरों को भेजे गए परिपत्र (सर्कुलर) में कहा है कि वे कैसे चंद्रमा की कलाओं के आधार पर तैनाती करें। उन्होंने कहा कि चंद्रमा की कलाओं को जानने के लिए सबसे आसान तरीका हिंदू पंचांग है। उन्होंने अपने इस परिपत्र पर विस्तार से बात करते हुए सोमवार को जारी एक वीडियो में बताया कि आम लोगों को भी यह जानना इसलिए जरूरी है ताकि उन्हें पता रहे कि अपराधी किस वक्त अपनी गतिविधियां करते हैं। कुमार ने एक चार्ट के माध्यम से इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि किस तारीख को चंद्रमा कितने बजे उगता और अस्त होता है और रात कब आंशिक रूप से और कब बिल्कुल अंधेरी होती है। उन्होंने कहा कि लोगों को जानना चाहिए ताकि वे सतर्क रहें और पुलिस को भी यह जानना चाहिए ताकि वह उस समय सबसे ज्यादा मुस्तैद रहे। उन्होंने चार्ट के जरिए चांद की गतिविधियों के बारे में बताते हुए कहा, आठ अगस्त को छह बजे शाम से रात 12 बजे तक पूरा अंधेरा रहता है और अपराधी पूरी सक्रिय हो सकते हैं। इसके बाद 16 अगस्त को अमावस्या का समय था। इसमें चंद्रमा का उदय सुबह छह बजे होता है और शाम छह बजे वह अस्त हो जाता है। इसका मतलब 16 अगस्त को पूरी रात बिल्कुल अंधेरा होता है।



प्रतीकात्मक चित्र

उस वक्त पूरी रात अपराधियों के लिए बड़ी मुफीद होती है।

डीजीपी ने बताया कि 24 अगस्त को चांद शाम को छह बजे से रात 12 बजे अस्त हो जाता है यानी रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक अंधेरी रात होती है जिसमें अपराधी अपना काम करते हैं। पूर्णमासी के बाद जो सप्तमी आती है, उससे लेकर अमावस्या की सप्तमी के बीच का समय अपराधियों के लिए बड़ा उपयुक्त है और इस बात को जानने के लिए हिंदू पंचांग का प्रयोग कर सकते हैं। कुमार ने कहा, यह पंचांग बताता है कि किस रात में अमावस्या है, कब शुक्ल पक्ष और कब कृष्ण पक्ष की सप्तमी है। इसी के बीच पुलिस को विशेष रूप से सतर्क रहना है। जनता को भी यह जान लेना चाहिए कि कब अपराधी ज्यादा सक्रिय होते हैं। इस सर्कुलर का यही उद्देश्य था। यह जनता के लिए भी उपयोगी है। हर आदमी को जानना चाहिए कि अपराधी कब उनके आसपास गतिविधि कर सकते हैं।

# किसानों की समस्या का 15 दिनों में करें समाधान : पंकज सिंह

## आंदोलनकारियों के घेराव पर विधायक ने कहा, जनप्रतिनिधि यहां प्रदर्शन देखें और आईडीसी लखनऊ में तमाशा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में किसान आंदोलन उग्र होता जा रहा है। सोमवार को किसानों ने मांगों को लेकर विधायक पंकज सिंह के घर का घेराव किया। विधायक पंकज सिंह ने प्राधिकरण ओएसडी अविनाश त्रिपाठी को कहा अपने चेयरमैन जो आईडीसी हैं, लखनऊ में बैठकर तमाशा न देखें। मैं 15 दिन का समय दे रहा हूं। ये समय उद्योग मंत्री को भी दे रहा हूं। जल्दी से समस्या का समाधान करें।

विधायक ने कहा, रोज का धरना प्रदर्शन हम सब यहां बैठकर देखते हैं। आईडीसी वहां बैठकर तमाशा देख कर रहा है। ये मैं जो कर रहा हूं आप सब लोगों की तरफ से नेतृत्व ही हुआ। आईडीसी को बोलिए कि इस बात का जवाब सबसे पहले दें। हम यहां जनप्रतिनिधि प्रदर्शन देखते हैं। आईडीसी वहां बैठकर तमाशा कर रहा है। विधायक के आश्वासन के बाद किसान शांत हुए। दरअसल, किसान पिछले एक महीने नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को भी पहले किसान सेक्टर-6 स्थित प्राधिकरण के कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद वहां से पैदल मार्च करते हुए दोपहर बाद सेक्टर.26 विधायक के घर पहुंचे। पुलिस ने यहां बैरिकेड कर रखी थी। जिसके बाद किसानों ने पहले मांग की उन्हें विधायक से मिलना है। इसके बाद विरोधी नारेबाजी की। किसानों को आगे जाने से रोकने पर वो उग्र हो गए। किसानों ने बैरिकेड को तोड़ दिया और आगे बढ़ गए। पुलिस के समझाने के बाद वे शांत हुए। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। नौबत खींचतानी तक की आ गई। इसके बाद प्राधिकरण अधिकारियों की एक टीम वहां पहुंची। साथ विधायक के मिलने के आश्वासन के बाद किसान वहीं बैठ गए। विधायक के सख्त रुख दिखाते हुए प्राधिकरण अधिकारियों को फटकार लगाई। इसके बाद आईडीसी पर जमकर भड़के। किसानों को आश्वस्त किया उनकी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। इसके बाद वे धरना स्थल पर वापस लौट आए। इस कारण से कई जगहों पर जाम लग गया। मांगों को लेकर किसान पिछले 30 दिनों से प्राधिकरण के बाहर प्रदर्शन कर रहे है।



नोएडा में कई दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे किसानों की समस्याओं के समर्थन में आए भाजपा विधायक पंकज सिंह।

### धरना दे रहे किसानों की मांगें

- 1997 के बाद के सभी किसानों को बढ़ी दर से मुआवजा दिया जाए। चाहे वह कोर्ट गए हो या नहीं
- किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड दिया जाए।
- आबादी जैसी है वैसी छोड़ी जाए। विनियमितीकरण की 450 वर्गमीटर सीमा को बढ़ाकर 1000 प्रति वर्गमीटर किया जाए।
- भूमि उपलब्धता न होने के कारण पात्र किसानों के 5 प्रतिशत आबादी भूखंड भू लेख विभाग में नहीं रोके जाएंगे। उनका नियोजन किया जाए।
- भवनों की ऊंचाई को बढ़ाए जाने की अनुमति दी जाए। क्योंकि गांवों के आसपास काफी हाइराइज इमारत है। ऐसे में उनका एरिया लो लेयिंग एरिया में आ गया है।
- 5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर व्यवसायिक गतिविधियां चलने की अनुमति दी जाए।
- गांवों के विकास के साथ खेल बजट का प्राविधान किया जाए।
- गांवों में पुस्तकालय बनाए जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### नमस्ते नहीं करने पर किशोर पर ब्लेड से हमला

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में फफराना बस्ती निवासी वीरेन्द्र जाटव मजदूर हैं। वीरेन्द्र का 17 वर्षीय पुत्र राज एक कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। बताया कि राज देर रात राज अपने एक दोस्त के साथ दूध लेकर घर लौट रहा था। आरोप है कि इसी बीच एक दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर राज को जबरन रोक लिया और उससे नमस्ते नहीं करने पर गाली गलौज की। दबंग ने राज की गर्दन पर ब्लेड से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना की शिकायत करने पर आरोपियों ने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। एसीपी का कहना है कि तहरीर के आधार पर विशाल चौधरी और दो अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक को गोली मारने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गांव कादराबाद में युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया है। घायल युवक पर दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है और वह जमानत पर बाहर चल रहा है। गांव कादराबाद निवासी आकाश शर्मा शनिवार रात को पशुओं को चार डालकर घेर से घर जा रहा था। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचा तो अचानक उन पर जानलेवा हमला बोल दिया गया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने गोली चलाई और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

### कारोबारी के यहां हुई लूट के प्रयास का खुलासा

**गाजियाबाद।** गत सप्ताह पटेल नगर में पेंट कारोबारी को बंधक बनाकर लूट का प्रयास का करने वाले तीन बदामाशों को गिरफ्तार करके सिहानी गेट पुलिस ने उक्त वारदात का खुलासा कर दिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से दो तमंचे, कारतूस और चोरी की स्कूटी व बाइक सहित अन्य सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक गैंग का सरगना इटावा निवासी दीक्षित है। जबकि उसके सहयोगियों के नाम रहीस और कुलदीप है। दीक्षित सन 2019 में भी ऑम्स एक्ट के तहत जेल भेजा गया था। हाल में दीक्षित थिनर सप्लाई का काम कर रहा था। दीक्षित ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर यह योजना बनाई थी कि वो पेंट कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर उनके यहां रखे लाखों रूपए व जेवरात लूट लेंगे।

### अजगर पकड़ने रात भर डटे रहे सैकड़ों लोग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कस्बा डासना में पेड़ पर चढ़े अजगर को देखने और पकड़ने के लिए लोग करीब 12 घंटे तक डटे रहे। वे पूरी रात पेड़ के नीचे पहरा देते रहे, ताकि अजगर उतरकर कहीं छिप न जाए। सुबह वन विभाग की टीम ने पहुंचकर करीब 10 फीट लंबे अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। आज उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। लोगों ने रविवार शाम को कस्बा डासना में बस स्टैंड के पास पेड़ पर एक अजगर देखा। इसके बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई। इतने में अंधेरा हो गया। इस वजह से अजगर को उतारा नहीं जा सका। सैकड़ों लोग पेड़ के नीचे इकट्ठा रहे। वे टॉर्च से अजगर को देखने का प्रयास करते रहे। लोगों को डर था कि अजगर कहीं पेड़ से उतरकर आसपास के मकान.दुकान में न घुस जाए।

### मोदीनगर में ज्योतिषाचार्य से सात लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के संतपुरा कॉलोनी निवासी ज्योतिषचार्य से ऑनलाइन कोचिंग सेंटर में निवेश कराने के नाम पर सात लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जिला देवरिया निवासी छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। नगर के संतपुरा कॉलोनी निवासी ज्योतिषचार्य विपिन शर्मा परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि अंशु पांडेय उनके पास में किराये पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने मेरे पत्नी नीलम शर्मा से 50 हजार रुपए उधार लिए। उन्होंने कहा कि एक नामी ऑनलाइन कंपनी की फ्रेंचाइची मिल रही है, जिसमें सात लाख रुपए निवेश करने होंगे। इसके बाद विपिन शर्मा ने उनके बैंक खाते में सात लाख डाल दिए।

# नाग-पंचमी और सावन के सातवें सोमवार पर मंदिरों में जलाभिषेक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सावन के सातवें सोमवार और नागपंचमी पर भक्तों ने शिवालयों में पूजा अर्चना की। इस मौके पर भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, बेल पत्र और नारियल से पूजा की। शिवालय में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। कई मंदिरों में कीर्तन भी किए जा रहे है। वहीं शाम को भी शिवालय में पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान पुलिस बल भी शहर के प्रमुख मंदिरों के बाहर मौजूद रहा।

नोएडा में सेक्टर.20 स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। यहां गर्भ गृह में बने शिवलिंग की पूजा की गई। जलाभिषेक किया गया। इस मौके पर लोगों ने पीपल के पेड़ के नीचे दूध भी रखा। वहीं पूरी श्रद्धा के साथ पूजा की गई। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर.2 स्थित लाल मंदिर, सेक्टर.12 स्थित कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर.19 स्थित सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर.49 स्थित पार्वती मंदिर वोडा महादेव मंदिर के अलावा सफ ाबाद मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। यहां बैरिकेडिंग करके श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रवेश किया। सनातन धर्म मंदिर के पुजारी ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पंचमी तिथि के स्वामी नाग देवता माने गए हैं। नाग पंचमी के दिन नागों की पूजाए व्रत रखने और कथा पढ़ने से व्यक्ति को कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। भय दूर होता है, परिवार की रक्षा होती है और सभी मनोकामना पूर्ण होती है। शाम को कई मंदिरों में भव्य आयोजन भी किए जाएंगे। जिसमें भजन संध्या और कीर्तन होंगे।



- शिवालयों के बाहर सुबह से लग गई थी भक्तों की भीड़

# गाजियाबाद में जातिसूचक शब्द लिखे 1665 वाहनों का किया गया चालान

**गाजियाबाद।** शासन के निर्देश पर कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे ऐसे वाहनों के, जिनकी नंबर प्लेट अथवा बॉडी पर जातिसूचक शब्द लगाये अथवा स्टीकर चिपकाये हुए थे, के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दो दिनों के अंदर 1665 वाहनों के चालान काटे गये।

पुलिस के मुताबिक जिन वाहनों के चालान किये गये उन पर दो.दो हजार का शमनशुल्क भी लगाया गया। यह जानकारी देते हुए एडीसीपी ट्रेपिुक रामानन्द कुशवाहा ने बताया कि ऐसे वाहन चालकों एवं स्वामियों पर सख्ती के लिए ट्रैपिक थाना-चौकी पुलिस भी प्रयास कर रहीं है।

# शत्रु संपत्ति के विरोध में 12वें दिन भी प्रदर्शन जारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- मोदी नगर तहसील के सीकरी खुर्द में 1800 बीघा जमीन का मामला

मोदीनगर में सरकारी दस्तावेजों में दर्ज शत्रु संपत्ति के विरोध में सोमवार को 12वें दिन भी धरना जारी रहा। धरनाकारी महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर लोकगीत गाकर विरोध जताया। डीएम ने धरना समाप्त कराने के लिए मोर्चा के पदाधिकारियों से वार्ता किया लेकिन बात नहीं बन सकी। दूसरी ओर समर्थन देने का सिलसिला जारी रहा। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने जुलूस निकालकर समर्थन दिया।

मोदीनगर तहसील के गांव सीकरी खुर्द की 1800 बीघा जमीन शत्रु संपत्ति में दर्ज की गई है। इस जमीन में लगभग 25 हजार मकान बने हुए हैं। बेघर होने की चिंता लोगों को सता रही है। इसके चलते विगत 10 अगस्त से तहसील परिसर में प्रभावित लोगों का धरना चल रहा है।

पिछले तीन दिन से धरने पर क्रमिक अनशन के रूप में प्रतिदिन लोग बैठ रहे हैं। पालिका सभासद प्रदीप शर्मा, दुष्यंत यादव, गुलाब सिंह, राहुल राणा और आलोक भारती क्रमिक अनशन पर रहे। डीएम राकेश सिंह ने एसडीएम कार्यालय में मोर्चा के 11 पदाधिकारियों को बुलाकर वार्ता की। लगभग एक घंटे तक वार्ता चली। डीएम ने मामला कोर्ट से जुड़ा बताते हुए जल्द सुनवाई शुरू करने का आश्वासन दिया। पदाधिकारियों ने स्पष्ट कह दिया कि पिछले कुछ अधिकारियों ने जबरन अपने स्वार्थ के चलते जमीन को शत्रु संपत्ति में दर्ज किया है। जब तक शत्रु संपत्ति नहीं हट जाएगीए तब तक धरना जारी रहेगा। महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर लोक गीत गाकर अपना विरोध जताया।

मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि भीम आर्मी आजाद पार्टी के पश्चिम प्रभारी निजाम चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारी बस स्टैंड से जुलूस के रूप में धरना स्थल पर पहुंचे और समर्थन दिया।

# समाधान दिवस में आवंटियों ने बताई जीडीए को समस्याएं

**गाजियाबाद।** जीडीए में आज समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम जीडीए सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रॉपर्टी अफसर सीपी त्रिपाठी आदि अधिकारी भी समाधान दिवस में मौजूद रहे। जीडीए में समाधान दिवस प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जाता है। इस दौरान म्यूटेशन, कब्जा, नक्श आदि की शिकायतों की सुनवाई होती है। मौके पर ही अधिकारी मौजूद रहते हैं। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बाकी समस्याएं समाधान दिवस में दर्ज की जाती हैं।

### मेयर ने निगम से तलब की कम्युनिटी सेंटर की सूची

**गाजियाबाद।** नंदग्राम स्थित कम्युनिटी सेंटर को लेकर चल रहे विवाद के बीच मेयर सुनीता दयाल ने अब और तेवर दिखाए। मेयर सुनीता दयाल ने नगर निगम से सभी कम्युनिटी सेंटर की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि जल्दी ही निगम प्रशासन यह रिपोर्ट मेयर को कम्युनिटी सेंटर की लिस्ट सौंपेगा। नंदग्राम स्थित कम्युनिटी सेंटर को लेकर विवाद चल रहा है। मेयर सुनीता दयाल ने इस कम्युनिटी सेंटर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।

**फार्म नं. यूआरसी-2**
अधिनियम के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत पंजीकरण के बारे में सूचना का विज्ञापन
[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (रजिस्ट्रीकरण के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में]

1. एतद्द्वारा द्वारा नोटिस दिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसरण में, दिल्ली में कंपनी रजिस्ट्रार को इस सूचना के प्रकाशन के पंद्रह दिनों के बाद लेकिन तीस दिनों की समाप्ति से पहले एक आवेदन करने का प्रस्ताव है कि **के.एल. अरोड़ा एंड सन,** जो एक साझेदारी फर्म है, को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।
2. कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:
• मेसर्स के.एल. अरोड़ा एंड सन नाम की साझेदारी फर्म के चल रहे व्यवसाय को संभालना और ठेकेदारी, उप-ठेकेदारी, अर्ध ठेकेदारी के व्यवसाय को आगे बढ़ाना तथा निर्माण, संशोधन, मरम्मत, परिवर्तन, हटाने, पुनर्सज्जा, पुनः डिजाइन करने, विस्तार करने, सिविल कार्य, किसी भी उपयोग के लिए भवन के सुधार और डिजाइन, सड़कें, संपर्क सड़कें, गलियों, गोलचक्करों, चौराहे, पार्क, पार्किंग स्थल, पुल, बांध, जलाशय, सुरंगें, मिट्टी के काम, सीवर, टैंक, नालियां, लाइटहाउस, टावर, पाइपलाइन, भूमिगत केबल आदि से संबंधित अनुबंध और उप-अनुबंध लेना, चाहे टर्नकी आधार पर या श्रम अनुबंध पर या अन्यथा हो।
3. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन (ड्राफ्ट मेमोरेंडम) और संस्था के अंतर्नियम की प्रति का निरीक्षण **23, प्रथम तल, विज्ञान विहार, नई दिल्ली-110092** स्थित कार्यालय में किया जा सकता है।
4. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति लिखित रूप में अपनी आपत्ति को रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा) पिन कोड 122050 को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से **इक्कीस दिनों** के भीतर, एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में देते हुए भेज सकता है।

**दिनांक 22 अगस्त 2023**
**आवेदक के नाम**
1. के एल अरोड़ा (भागीदार)
2. धीरज अरोड़ा (भागीदार)
3. नीलिमा अरोड़ा (भागीदार)

# सिंचाई विभाग ने जलभराव की स्थिति का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में कस्बा निवाड़ी में जलभराव के कारण सूख रहे आम के पेड़ों का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को कस्बा निवाड़ी के जंगल में पहुंचकर निरीक्षण किया। किसानों ने जलभराव से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया।

कस्बा निवाड़ी में निकासी का प्रबंध ना होने के कारण जंगल में जलभराव हो गया है। जलभराव होने के कारण खेतों में दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। भाजपा नेता प्रदीप त्यागी ठेकेदार व समाजसेवी संजय त्यागी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री, नगर विकास मंत्री को पत्र लिखकर जलभराव से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करा दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि जलभराव के चलते कस्बा निवाड़ी में सैकड़ों आम के फलदार पेड़ सूख गए हैं।

उन्होंने पत्र में लिखा कि जिला गाजियाबाद में कस्बा निवाड़ी व आसपास के इलाका ही ग्रीन एरिया है। जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रीन एरिया समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा मामले को संज्ञान लेने के बाद सिंचाई विभाग की टीम हरकत में आ गई।

# बिजली का खंभा लगाते समय उतरा करंट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- हादसे में एक कर्मचारी की मौत, छह घायल, ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज

नोएडा के सेक्टर-24 स्थित ईएसआई अस्पताल के सामने रविवार देरशाम बिजली का खंभा लगाते समय करंट की चपेट में आकर सात कर्मचारी झुलस गए। इसमें बिजली का काम करने वाले एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया।

विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि खंभा लगाने का काम प्राधिकरण के ठेकेदार की ओर से किया जा रहा था। इसके लिए उन्होंने शटडाउन नहीं लिया था। एसीपी सुशील गंगा प्रसाद ने बताया कि रविवार को शाम छह बजकर 45 मिनट पर ईएसआई अस्पताल के बाहर ठेकेदारी में सात लोग स्ट्रीट लाइट के खंभे सड़क पर लगा रहे थे। इस दौरान ऊपर से जा रही 11 हजार केवी की लाइन की चपेट में सभी सात लोग आ गए। बिहार के अररिया के 25 वर्षीय दिलकश राजा की मौके पर ही मौत हो गई। वह ठेकेदार के अंडर में काम करता था।

राहगीरों से सूचना मिलते ही एसीपी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा। सड़क के दोनों तरफ लोग जमा हो गए। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को मौके से हटाया। प्राथमिक उपचार के बाद मामूली रूप से झुलसे आदिल, मूसा, अब्दुल करीम अंसारी, अफरोज, नसीर और मुश्ताक को घर भेज दिया गया। विद्युत निगम के एसडीओ विक्रांत कुमार का कहना है कि प्राधिकरण की ओर से कोई शटडाउन नहीं मांगा था। प्राधिकरण की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं आया है। मृतक के भाई यासीन की तहरीर पर सविता इलेक्ट्रॉनिक कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार संजय गोयल, सुपरवाइजर शहबान, पेटी ठेकेदार मोहम्मद फिरोज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# निर्माण में देरी पर गोल्फरों ने मांगा सदस्यता शुल्क

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- काम जल्द पूरा कराने और वैकल्पिक इंतजाम की मांग की

नोएडा के सेक्टर-151ए में बन रहे गोल्फकोर्स के निर्माण में देरी हो रही है। इस वजह से क्लब के सदस्यों ने साइट पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और रणनीति तैयार की। इसमें शामिल कुछ सदस्य रिफंड और ऑप्शनल रूप से गोल्फखेलने के पूर्ण अधिकार की मांग कर रहे हैं। आरोप लगाया कि प्राधिकरण की लापरवाही ने गोल्फखेलने के शौकीन लोगों को अनिश्चिता पर छोड़ दिया है।

प्राधिकरण को संबोधित एक पत्र में सदस्यों ने गोल्फकोर्स के निर्माण में हो रही देरी पर निराशा व्यक्त की। उनकी शिकायतों के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि या तो सदस्यों का पैसा वापस किया जाए या फिर उन्हें ऑप्शनल गोल्फ कोर्स में पूरा अधिकार दिया जाए। गोल्फकोर्स के सदस्यता के लिए 10.10 लाख बतौर शुल्क के रूप में जमा किए है।

वर्तमान में गोल्फकोर्स का 26.8 करोड़ की लागत से 43 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसे पूरा बनाने में करीब 100 करोड़ रुपये लगेंगे।

**PUBLIC NOTICE**
**Ownership amendment of Industrial Plot No. 621, Phase-V, Udyog Vihar, Gurugram**
Industrial **Plot No. 621, Phase-V, Udyog Vihar, Gurugram** was re-allotted by HSIIDC (hereinafter called the "Corporation") Vide its re-allotment Letter No.: 5207, Dated 15.12.2017, in the name of **{(Smt. Raj Kumari & Sh. Rajender Parshad) (50%)} and {Sh. Vijay Kumar, Sh. Deepak Kumar Kukreja & Pankaj Kumar Kukreja} (50%).**
In between, after the death of **Sh. Rajender Parshad** on **26.02.2022**, the Legal-Heirs left behind are as follows:
(a) Smt. Raj Kumari W/o Sh. Rajender Parshad
(b) Mr. Hitesh Kumar son of Sh. Rajender Parshad
(c) Mr. Lokesh Kumar son of Sh. Rajender Parshad
(d) Mrs. Dipty Pasrija D/o Sh. Rajender Parshad (W/o Sh. Gaurav Pasrija)
On request of legal heirs of late **Sh. Rajender Parshad** and **Sh. Vijay Kumar, Sh. Deepak Kumar Kukreja & Pankaj Kumar Kukreja**, as a result of understanding among legal heirs, the transfer of plot (change in constitution) was provisionally allowed by HSIIDC in the joint name of **(Smt. Raj Kumari (50%)) and {Sh. Vijay Kumar, Sh. Deepak Kumar Kukreja & Pankaj Kumar Kukreja} (50%)** vide their letter No.HSIIDC: 923, Dated: 09.06.2023.
That henceforth, owners of Industrial **Plot No. 621, Phase-V, Udyog Vihar, Gurugram**, shall be in the name of **(Smt. Raj Kumari (50%)) and {Sh. Vijay Kumar, Sh. Deepak Kumar Kukreja & Pankaj Kumar Kukreja} (50%).**
This public notice is hereby served for filing objection, if any, against the amendment in shareholding ownership of above-mentioned industrial plots/properties along with the building constructed thereon as per above details within a period of 30 days from the date of this public notice. The objection against the said transfer, if any, should be filed in the office of HSIIDC, Udyog Vihar, Gurugram within a period of 30 days from the date of this notice failing which ownership of Industrial **Plot No. 621, Phase-V, Udyog Vihar, Gurugram** shall be formally acknowledged by HSIIDC in the name of **(Smt. Raj Kumari (50%)) and {Sh. Vijay Kumar, Sh. Deepak Kumar Kukreja & Pankaj Kumar Kukreja} (50%).**
**HSIIDC, Udyog Vihar, Gurugram, HARYANA**

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large that Mrs. Shahnaz wife of Sakir Malik who is owner of One Shop bearing Municipal No.16/455, area admeasuring 75.47 sq. mts. (i.e., 90.27 Sq. Yds.), situated Delhi Bus Stand Se ChhapprauliChungi Ke Madhay(Navyug Colony Ke Samne), Village Baraut, Andar Sima Nagar Palika Parishad Baraut, Paragna& Tehsil Baraut,District Baghpat-250617; having acquired the same from Mr. Sakir Malik son of Marhum Mehardin as attorney of Mr. Zakir Husain, Mohd. Sazid, Dr. Abid & Mr. Asif vide Gift Deed dated 03.12.2022, which is duly registered vide Document No.17386, at SRO-Badaut, on 03.12.2022; and same to be finance & mortgage by Protium Finance Limited. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 10 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP Plot no.136,(Basement) Uday Park, New Delhi-110049 Contact# 011-40046316**

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large that Mr. Subhash Chand S/o. Mr. Kishan Dutt who is owner of Freehold Residential Built Up Property bearing No.RZ-F-1/224, having 02 Floors (Ground and First Floor), area measuring 20.90 Sq. Mtrs. i.e. 25 Sq. Yds. each, out of Khasra Nos. 542 & 543, situated in the Revenue Estate of Village Nasirpur, abadi known as Mahavir Enclave, F-1 F-2 Block, New Delhi-110045; having acquired the same from Delhi Development Authority (under PM-Uday Scheme) vide Conveyance Deed Dated 18.03.2023, which is duly registered vide Document No.3065, at SRO-IX, New Delhi; and same to be finance & mortgage by Shubham Housing Development Finance Co. Limited. That original 1) GPA, ATS & Will Dated 06.11.2007, 2) GPA, ATS & Will Dated 18.02.2008 & 3) GPA & ATS Dated 03.03.2008 in respect of aforesaid property is Lost/Misplaced/Not available an online Lost Report vide LR No. 513439/2023 dated 03.06.2023 has been lodged by Mr. Subhash Chand in this regard. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP, Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049, Contact# 011-40046316**

# कविताओं-गजलों से सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यदुकुल पुनर्जागरण मिशन द्वारा नोएडा के सेक्टर-73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय महाशय तेजपाल सिंह की स्मृति में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन हुआ। इसमें देश के कई नामचीन कवि और शायर शामिल हुए। इन्होंने अपनी कविताओं एवं गजलों के माध्यम से सभी स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वर्गीय तेजपाल सिंह के पुत्र पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री डीपी यादव ने कहा, पिताजी का कविताओं से गहरा रिश्ता था। वे हर रोज हमें विभिन्न विषयों पर कविताएं सुनाया करते थे। देशभक्ति एवं राष्ट्रवाद उनकी कविताओं का प्रिय विषय था। मैं यह जानता हूं कि मैं कोई बहुत बड़ा कवि नहीं हूं, लेकिन आज मैं जो भी कविताएं लिखता हूं, वो सब पिताजी से बचपन में सुनी कविताओं की ही देन है। इस दौरान डीपी यादव ने ने प्रसिद्ध कवि स्वर्गीय गोपाल दास नीरज से अपनी मित्रता का भी जिक्र किया। हाल ही में दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले में वाणी प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित डीपी यादव की कविताओं का संकलन वक्त साक्षी है का विमोचन भी हुआ था।



नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरे में कविता पाठ करते कवि। ह्यह्य

इस कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में देश के कई नामचीन कवियों जैसे ताहिर फ़राज, डॉ विष्णु सक्सेना, अकील नोमानी, डॉ दिनेश रघुवंशी, डॉ कीर्ति काले, अर्जुन सिसोदिया, मुमताज़ नसीम, डॉ राजीव राज, डॉ सोनरूपा विशाल, आलोक यादव आदि ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ताहिर फ़राज़ तथा संचालन डॉ दिनेश रघुवंशी ने किया। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय महाशय तेजपाल सिंह नोएडा के गांव सरफाबाद के रहने वाले थे। उनके जीवन का एक बहुत बड़ा हिस्सा आज़ादी के लिए संघर्ष करते हुए बीता। उन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में कई आंदोलनों में प्रमुखता से हिस्सा लिया। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने के कारण जेल भी गए। आर्य समाजी होने के नाते उनका साहित्य एवं संस्कृति से गहरा जुड़ाव था। गांव के लोग बताते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय तेजपाल सिंह गांव के लोगों को आल्हा, देशभक्ति गीत एवं प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के किस्से और कविताएं सुनाया करते थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एमसीडी के सभी अस्थाई कर्मचारी होंगे नियमित : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में 317 निगम के कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

- 13 साल बाद निगम कर्मचारियों को पहली तारीख को मिलने लगा वेतन, सभी कर्मचारी बेहद खुश





त्यागराज स्टेडियम में सोमवार को दिल्ली नगर निगम की महिला कर्मचारी को नियमित होने का नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। इस अवसर पर एमसीडी कर्मियों ने कुछ इस तरह से आभार जताया।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के सभी अस्थायी कर्मचारी नियमित होंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एमसीडी कर्मचारियों को पक्का करने का यह ऐलान त्यागराज स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में किया। इस अवसर पर उन्होंने 370 नए नियमित कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलने के लिए नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि कर्मचारियों को पिछले दो महीने से समय पर वेतन मिल रहा है और नगर निगम का कर संग्रह भी बढ़ा है क्योंकि यहां एक ईमानदार व्यवस्था का शासन है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इससे पहले 2010 में कर्मचारियों को एक तारीख को वेतन मिला था। वह बाकी कर्मचारियों को भी पक्का करेंगे। ये मेरी गारंटी है। हर वादे को पूरा करेंगे। अब हम सब मिलकर दिल्ली को देश का ही नहीं, दुनिया का सबसे साफ-सुथरा शहर बनाएंगे। इस मुहिम में दिल्ली वालों को भी जोड़ेंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब ईमानदार सरकार आती है तो माहौल बदल जाता है। कर्मचारियों को समय से तनख्वाह मिलती है तो उनका काम में भी मन लगता है। हम लोगों ने दिल्ली नगर निगम को लेकर जितने सपने देखे थे, जितनी गारंटी दी थी, वो सारी पूरी होगी। वह उन 317 कर्मचारियों को बधाई देते है जिनको नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। बाकी कर्मचारियों का भी नियमितिकरण होगा। यह प्रक्रिया चालू हो गई है। चुनाव से पहले कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की गारंटी दी थी। नियमितिकरण करना बहुत बड़ा काम है। लेकिन ये उनकी गारंटी है। एक बार जो कह देते हैं वो करते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए। सभी कर्मचारियों को नियमित करने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन सभी का नियमितिकरण करेंगे, यह मेरी गारंटी है।

### निगम हाउस टैक्स भी बढ़ गया : मुख्यमंत्री

केजरीवाल ने कहा कि अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पिछले कुछ महीनों में नगर निगम का हाउस टैक्स भी खूब बढ़ गया है। नगर निगम का हाउस टैक्स अपने आप बढ़ने लग गया, क्योंकि अब एक ईमानदार सरकार आ गई है। अब टैक्स की चोरी कम हो गई है और लोगों को भी यह लगने लगा है कि टैक्स देना चाहिए। लोगों को लगता है कि बेइमान सरकार है तो वो टैक्स देना बंद कर देते हैं। क्योंकि लोगों को लगता है कि जब हमारा टैक्स चोरी ही हो जाएगा तो टैक्स देकर क्या फायदा है।

### किसी कर्मचारी को परेशानी नहीं होगी

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि अब सबके खाते में एक तारीख को वेतन मिल रहा है। एमसीडी में पिछले 13 सालों में जो नहीं हो पाया, वो अब हो रहा है। एमसीडी में भी एक बेहतरीन मॉडल की शुरूआत हुई है। सफाई कर्मचारी एमसीडी की रीढ़ हैं। अब किसी को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में नगर निगम भी जनता की सेवा व उनकी सुविधाओं लिए दिन रात कार्यरत है ताकि दिल्लीवासियों को वर्ल्ड क्लास बनाया जा सके।

# गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी मिलने का हुआ रास्ता साफ

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी मंजूरी, 68,747 एनएफएस कार्ड धारकों सहित 2,80,290 लाभार्थियों को फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

पिछले महीने सीएम की अध्यक्षता में दिल्ली कैबिनेट की हुई बैठक में मुफ्त चीनी देने का निर्णय लिया गया था। सरकार के इस निर्णय से 68,747 एनएफएस कार्ड धारकों समेत 2,80,290 लाभार्थियों को मुफ्त चीनी मिल सकेगी। इस पहल का मकसद गरीब परिवारों के सामने आने वाली कठिनाइयों को कम करना और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद फाइल एलजी के पास भेजी गई है।

दिल्ली सरकार के अनुसार, 20 जुलाई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई थी। इस बैठक में गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने का एक प्रस्ताव लाया गया था।

यह प्रस्ताव अंत्योदय अन्न योजना श्रेणी के कार्ड धारकों के लिए चीनी सब्सिडी योजना के तहत लाया गया था। कैबिनेट ने मौजूदा आर्थिक हालात और बढ़ती महंगाई से गरीब परिवारों के सामने उत्पन्न चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी थी।

# कोविड के दौरान कुछ लोगों ने उठाए क्षमता पर सवाल : धनखड़

- उपराष्ट्रपति धनखड़ एम्स के 48वें दीक्षांत समारोह में कहा ऐसे रवैए से बचने की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह दुखद है कि जब भारत कोविड-19 महामारी से मुकाबला कर रहा था और अन्य देशों की मदद कर रहा था, उस दौरान कुछ लोगों ने देश की क्षमताओं पर विश्वास नहीं किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली के 48वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में, हमें उस रवैए से बचने की जरूरत है। इससे किसी को फायदा नहीं होगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह कानूनी पेशे से आते हैं और वह समझते हैं कि पेशेवराना रुख का क्या अर्थ है। उन्होंने कहा कि तनिक शिथिलता, तनिक व्यावसाईकरण, तनिक नैतिक विचलन उन लोगों के लिए खराब साबित हो सकता है जिनकी वे सेवा करना चाहते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह तीन साल के अंतराल के बाद हो रहा है और यह अंतराल उन्हें कोविड महामारी की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी कड़ी मेहनत और गंभीर प्रयासों से देश को उस संकट से बाहर निकाला। उन्होंने हमारे सभ्यतागत लोकाचार का प्रदर्शन किया। हमने अपने यहां भी कोविड से लड़ाई लड़ी और साथ ही कई देशों की भी मदद की। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह देखना दुखद था कि हमारी क्षमता पर विश्वास नहीं करते हुए कुछ चिंताएं जताई गईं। भारत आज विश्व की फार्मेसी बन गया है। हमारे पास वह कौशल, मानव संसाधन है। लेकिन हमें आम आदमी के लिए दवाओं को किफायती बनाने की खातिर कुछ और काम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रो. शर्मा संपूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति नियुक्त



**नई दिल्ली।** लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आचार्य ज्योतिष विभाग के प्रो. बिहारी लाल शर्मा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति नियुक्त किए गए हैं। प्रो शर्मा मूलरूप से हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं और पिछले 26 वर्षों से लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली में ज्योतिष विभाग में आचार्य पद पर कार्यरत थे। उन्हें तीन वर्षों के लिए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है।

### डीएमआरसी, एनबीसीसी साथ मिलकर करेंगे विकास

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और सरकारी क्षेत्र के उपक्रम नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भारत और विदेशों में बुनियादी ढांचे के विकास क्षेत्र में साथ मिलकर काम करने के लिए समझौता किया। आधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस समझौते की घोषणा डीएमआरसी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में दी। डीएमआरसी ने लिखा, भारत और विदेशों में बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में एक साथ काम करने के लिए डीएमआरसी और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के बीच आज एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।



### निलोठी गांव में फैक्ट्री में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के निलोठी गांव में सोमवार को दो कारखानों में आग लग गई। आग से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। जिन दो कारखानों में आग लगी है उनमें से एक कारखाने में पीवीसी पाइप का निर्माण होता हैं। पुलिस के अनुसार, आग लगने की जानकारी सुबह आठ बज कर 52 मिनट पर मिली और 20 दमकल गाड़ियां आग बुझाने के लिए भेजी गई हैं। कारखानों की इमारत से गहरा काला धुआँ निकल रहा था और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग को काबू किया।

### गीता कॉलोनी में मंदिर का एक हिस्सा तोड़ा



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत एक मंदिर का एक हिस्सा तोड़ दिया गया। शहर भर में अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह अभियान पुलिस बल की तैनाती के बीच अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) की निगरानी में चलाया गया। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक प्रस्ताव के बाद अभियान के तहत लेबर चौक पर स्थित मंदिर के 44 वर्ग मीटर के हिस्से को तोड़ दिया गया। राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने बताया, दिल्ली सरकार की धार्मिक समिति ने विध्वंस प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे दी थी। यह समिति इस तरह के सभी मामले देखती है।

### टाइटलर के खिलाफ सुनवाई 29 अगस्त को

**नई दिल्ली।** सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के पुल बंगश हत्याकांड से संबंधित एक मामले की दिल्ली की एक अदालत सुनवाई 29 अगस्त को करेगी। कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर इस मामले में आरोपी हैं।अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने मामले को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने टाइटलर द्वारा दिए गए एक आवेदन पर दलीलें पेश करने के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया।

# जी-20 सम्मेलन के लिए संवर रहीं दिल्ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी में सज रही राजधानी। फोटो : रंजन डिमरी

सितंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली संवर रही है। राजधानी की सड़कों, फुटपाथों और चौराहों को सजाया संवारा जा रहा है। फ्लाईओवरों की दीवारों और अंडरपास की दीवारों पर खूबसूरत पेंटिंग की जा रही है। सड़कों पर जहां-जहां गड्ढे हैं या टूटी-फूटी हैं उनको भी सही किया जा रहा है।

दिल्ली एनसीआर के होटलों में सम्मेलन में आने वाले मेहमानों को ठहराया जाएगा। इन होटल से राजघाट और प्रगति मैदान तक जाने वाले मार्गों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य कार्यक्रम प्रगति मैदान में आयोजित किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग जी-20 सम्मेलन से पहले कई सड़कों, फुटपाथों और नालों की मरम्मत के साथ-साथ सुंदरीकरण कर रहा है। ये सड़कें अतिथियों के आवागमन के रूट से जुड़ी हैं। आउटर रिंग रोड पर आश्रम से लेकर मोदी मिल, पंचशील एंक्लेव में फुटपाथ, नेल्सन मंडेला रोड पर वसंत कुंज टी प्वाइंट से बाबा गंगनाथ मंदिर तक काम जारी है।

### चालक ने बनाई डकैती की योजना, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने डकैती की कहानी गढ़ने व रुपये लेकर भागने के आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अशोक विहार के सावन पार्क एक्सटेंशन निवासी संदीप कुमार के रूप में हुई है। वह शास्त्री नगर के कारोबारी सुमित गुप्ता के यहां चालक की नौकरी करता था।

पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि आरोपी कुमार 18 अगस्त को दोपहर करीब 2.15 बजे गुप्ता के दोपहिया वाहन से ढाई लाख रुपए लेकर मालिक के आवास से निकला था। कुमार ने दावा किया कि जब वह 56 बीघा पार्क पहुंचा तो उसके दोपहिया वाहन का संतुलन बिगड़ गया और पास में खड़े एक अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गया।

# नाबालिग के यौन शोषण मामले में गहलोत इस्तीफा दें : बांसुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल कल्याण विभाग के उपनिदेशक प्रेम उदय खाका द्वारा नाबालिग लड़की के यौन शोषण मामले में भाजपा नेता ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल पर हमला बोला है। प्रदेश भाजपा सचिव बांसुरी स्वराज ने नाटकीय धरने पर बैठकर मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश करने के लिए मालीवाल तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष होने के नाते मालीवाल को संवेदनशीलता से काम करना चाहिए और दिल्ली पुलिस को उचित कानूनी कार्रवाई करने की अनुमति देनी चाहिए।

बांसुरी स्वराज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा इस घटना की निंदा करती है, जो एक तरफ समाज में सामाजिक मूल्यों की गिरावट को दर्शाता है, वहीं दूसरी तरफ यह दर्शाता है कि कैसे शक्तिशाली लोग अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ऐसी वीभत्स घटनाओं को अंजाम देते हैं। जाहिर तौर पर इस मामले में आरोपी उपनिदेशक खाका को मंत्री कैलाश गहलोत से ताकत मिली है और उन्हें भी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा नेता ने खाका को मंत्री कैलाश गहलोत का ओएसडी नियुक्त करने का दस्तावेज दिखाया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि इसे ओएसडी नियुक्त किया जाए।

### चौबीस घंटे पानी का वादा सिर्फ झांसा है : भाजपा

**नई दिल्ली।** चौबीस घंटे पीने का पानी मुहैया कराने के मुद्दे पर भाजपा ने दिल्ली सरकार पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली को 24 घंटे पानी की सप्लाई का वादा अब एक और झांसा साबित हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब यह कह रहे हैं कि दिल्ली को 24 घंटे पानी तब मिलेगा, जब केंद्र 1300 एमजीडी पानी की सप्लाई करेगी। सीएम ने जब 24 घंटे पानी की सप्लाई का वादा किया था, तब यह शर्त नहीं लगाई थी कि केंद्र से पानी मिलने पर प्यास बुझेगी।

# सेंट स्टीफंस में अल्पसंख्यक कोटे से प्रवेश में हस्तक्षेप से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- इस स्तर पर किसी भी हस्तक्षेप से और भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी: सुप्रीम कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस अंतरिम आदेश में हस्तक्षेप से सोमवार को इनकार कर दिया जिसके तहत सेंट स्टीफंस कॉलेज में समान विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के अंकों पर विचार करने के अलावा अल्पसंख्यक कोटे के तहत प्रवेश के लिए साक्षात्कार लेने की अनुमति दी गई है।

न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति पी.एस.नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि इस स्तर पर किसी भी हस्तक्षेप से और भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी तथा प्रवेश प्रक्रिया को लेकर अनिश्चितता का माहौल बनेगा। पीठ ने कहा, यह संज्ञान में लेते हुए कि जिस आदेश को चुनौती दी गई है उसे उच्च न्यायालय ने लंबित रिट याचिका में अंतरिम आदेश के तौर पर दिया हैअ इस समय हम उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप का कोई कारण नहीं देखते। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय से भी कहा कि वह मामले में फैसला तेजी से करे। न्यायालय दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें 21 जुलाई के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है।

विश्वविद्यालय की ओर से पेश सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए तर्क दिया कि चयन प्रक्रिया अब भी चल रही है। यह अल्पसंख्यक संस्थान है, इसलिए 50 प्रतिशत सीटों को अल्पसंख्यक छात्रों द्वारा भरा जाएगा। इसमें कोई परेशानी नहीं है। सवाल यह है कि 50 प्रतिशत आरक्षित सीटों को कैसे भरा जाएगा अखिल भारतीय मेधा सूची से या सीईयूटी से।

मेहता ने कहा, पिछले साल वे 50 प्रतिशत सीटों को साक्षात्कार के जरिए भरना चाहते थेअ डीयू ने उन्हें निर्देश दिया कि इन 50 प्रतिशत सीटों में से 15 प्रतिशत को साक्षात्कार के जरिए भरें। साक्षात्कार हमेशा सापेक्षिक होता है। उच्च न्यायालय के आदेश से मेधावी छात्र बाहर रह जाएंगे। सेंट स्टीफंस कॉलेज के अधिवक्ता ए. मरियारपुथम ने कहा कि यह अंतरिम आदेश है, छात्रों का चयन किया गया और उन्हें पहले ही कक्षाएं आवंटित कर दी गई हैं। पीठ ने कहा कि इस स्तर पर वह अंतरिम आदेश में हस्तक्षेप का इच्छुक नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा, इस स्तर पर छात्रों के बीच और भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी। मेहता ने तर्क दिया कि इस मामले में उच्च न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि अंतरिम आदेश गलत था और प्रत्एक प्रवेश मेधा सूची पर आधारित होना चाहिएअ ऐसे में उन मेधावी छात्रों का क्या होगा जिनका चयन इस साक्षात्कार प्रक्रिया की वजह से नहीं होगा। उन्होंने दावा किया कि साक्षात्कार के जरिए भरी गई सीटें एक तरह से भुगतान वाली सीट हो गई हैं। हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को आदेश पारित किया और प्रवेश प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है।

शीर्ष अदालत ने कहा, वास्तव में अब बहुत देर हो गई है। इससे और अनिश्चितता उत्पन्न होगी। एक बार उच्च न्यायालय में मामले का पूरी तरह से फैसला हो जाए तो छात्र जान पाएंगे कि स्थिति क्या है। हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को कॉलेज को अल्पसंख्यक कोटे के तहत प्रवेश के लिए सीईयूटी अंक पर विचार करने के साथ छात्रों का साक्षात्कार लेने की अनुमति दे दी।

# दिशा रवि ने जमानत की शर्तों में बदलाव करने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- टूलकिट मामले में विदेश जाने से पहले निचली अदालत से अनुमति लेनी होगी

दिल्ली में 2021 में किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके समर्थन में टूलकिट साझा करने में संलिप्तता के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहीं जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से अपनी जमानत की शर्तों में बदलाव की अनुमति देने का अनुरोध किया है। जमानत की शर्त में कहा गया है कि विदेश जाने से पहले दिशा रवि को निचली अदालत की पूर्व अनुमति लेनी होगी।

सुनवाई के लिए याचिका न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के समक्ष आई थी, जिन्होंने रवि और पुलिस की ओर से पेश हुए वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा कि आदेश शाम चार बजे पारित किया जाएगा। केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसानों के प्रदर्शन से संबंधित टूलकिट को सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने रवि को 13 फरवरी, 2021 को गिरफ्तार किया था और 23 फरवरी, 2021 को उन्हें यहां की एक निचली अदालत ने जमानत दे दी थी।

# 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्रों को किया सम्मानित

## अतिथियों ने समाज उत्थान न्यास संस्था के कार्यों की सराहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**समाज** उत्थान न्यास संस्था ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए नारायणी वाटिका फरुखनगर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि राव नरबीर सिंह, पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार, सत्यप्रकाश जरावता विधायक पटौदी, निवर्तमान मेयर मधु अशोक आजाद और डॉ. डीपी गोयल संस्थापक कैनविन फाउंडेशन, डॉ. पवन सैनी प्रदेश महामंत्री बीजेपी हरियाणा, डॉ. आरके गर्ग एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीरबल सैनी द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले ओर सावित्री बाई फुले जी को पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सैनी प्रसिद्ध उद्योगपति गुरुग्राम, चेयरमैन ब्रह्म यादव, नरेश सैनी उपाध्यक्ष शिक्षा समिति सोहना तथा विशिष्ट अतिथि नरेंदर दत्त सैनी, पवन सैनी, चन्दर प्रकाश सैनी, गुंजन महेता और मनीष सैदपुर रहें। इनके अतिरिक्त बतौर अतिथि रोहित सैनी, प्रधान तेजिंदर सैनी, एडवोकेट जितेंद्र सैनी एवं सतीश वजीराबाद, डॉ सुरेश भोड़ाकलां, रहे। कार्यक्रम में संस्था के कॉउंसलर सीए संदीप, अधिवक्ता मुकेश, राजेश सैनी, राकेश सैनी, प्रोफसर सुशील एवं सीएस सुकेश ने भी उपस्थित रह कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि संस्था कोई भी है, उसकी समाज के प्रति सकारात्मक सोच रहनी चाहिए। बीजेपी के महामंत्री पवन सैनी ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए प्रदेश सरकार बेहतर कार्य कर रही है। विधायक सत्यप्रकाश जरावता, शिक्षा समिति सोहना के उपाध्यक्ष नरेश सैनी, बीरबल सैनी ने कहा कि समाज उत्थान न्यास संस्था जिस तरह से सेवा के कार्य कर रही है, वह सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। ऐसी संस्थाओं से शिक्षा लेने की जरूरी है।

निवर्तमान महापौर मधु आजाद ने कहा कि समाज उत्थान न्यास संस्था का यह अच्छा प्रयास है। डा. डीपी गोयल ने कहा कि संस्थाओं को समाजहित में काम करना चाहिए। प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के 378 छात्र एवं छात्राओं को अतिथियों द्वारा मोमेंटो, सर्टिफिकेट और डायरी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी। फरुखनगर की इकलौती बेटी डिम्पी शर्मा का चयन इसरो में होने पर उसे भी सम्मानित किया गया।

# सेवा भारती गावों में कर रही है बेहतरीन कार्य : सरपंच सुंदर लाल यादव



सेवा भारती के उत्तर सेवा प्रमुख कृष्ण का श्री खाटू श्याम जी सिलाई केंद्र सिंकदरपुर में स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेवा** भारती के उत्तर सेवा प्रमुख कृष्ण ने श्री खाटू श्याम जी सिलाई केंद्र सिंकदरपुर का प्रवास किया। इस दौरान हरियाणा प्रांत सह सेवा प्रमुख हरीश, गुरुग्राम विभाग प्रमुख सेवा भारती राम सज्जन, जिला मानेसर सेवा प्रमुख दीपक, जिला मानेसार सह सेवा प्रमुख बिक्रम और संघ के कई दायित्वों पर रहे रतन लाल ने भी शिरकत की।

अतिथियों ने किशन ने केंद्र की मुख्य शिक्षिका राज रानी और शिक्षण लेने आई महिलाओं से चर्चा की। ऐसे सिलाई सीखने के साथ-साथ अपने संस्कारों को भी सेवा भारती सिलाई केंद्र के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है, इस पर चर्चा हुई। साथ ही कैसे एक गांव में सभी के साथ से एक लाइब्रेरी की नींव रखी जाये, इन्हीं चर्चाओं के साथ उनका प्रवास संपन्न हुआ। अतिथियों ने सेवा भारती की ओर से ग्रामीण अंचल में जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा में ऐसी संस्थाओं की बहुत आवश्यकता है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि सेवा भारती अपने नाम को सार्थक करते हुए सेवा के कार्यों को गति दे रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में बहन-बेटियों को स्वरोजगार के लिए ना केवल प्रेरित किया जाता है, बल्कि उन्हें बेहतर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। सिलाई, कढ़ाई सिखाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाया जाता है। सुंदर लाल यादव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को रोजगार के लायक बनाकर उसके जीवन में हम बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। हम किसी को अगर कुछ देना चाहते हैं तो उसे हुनर दें।

हुनरमंद बनाकर उसके भविष्य को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं को हुनरमंद, स्किल्ड बनाकर उन्हें सरकारी के साथ निजी संस्थानों में भी रोजगा दिलवा रही है। हरियाणा के 75 प्रतिशत युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी देने का निर्णय ऐतिहासिक है।

# युवाओं को भाजपा की रीति-नीति समझाकर पार्टी से जोड़ें : ओमप्रकाश धनखड़



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में वोटर चेतना महाअभियान को लेकर कार्यशाला में बोलते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व मंचासीन अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी।

## भाजपा 25 व 26 अगस्त को चलाएगी राष्ट्रव्यापी वोटर चेतना अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** ने वोटर चेतना महाअभियान के तहत प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया है। सोमवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने सभी कार्यकर्ताओं को नए वोटरों को पार्टी से जोड़ने, बोगस वोटों को हटाने और लिस्ट की गलतियों को सुधारने में निर्वाचन विभाग की मदद करने का आह्वान किया।

कार्यशाला से पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओमप्रकाश धनखड़ ने बताया कि भाजपा 25 व 26 अगस्त को राष्ट्रव्यापी वोटर चेतना अभियान चलाएगी। उन्होंने इस अभियान को मतदाता शुद्धिकरण अभियान बताया। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि मतदाता सूची जितनी साफ-सुथरी होगी, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने इस अभियान में जुटे कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाताओं के वोट बनाएं और उन्हें पार्टी की रीति नीति समझाकर पार्टी से जोड़ें।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जोड़ने पर फोकस रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत नए मतदाताओं जोड़ने का काम तो होगा ही, साथ ही जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनके नामों को कटवाना भी हमारा ही दायित्व है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बड़े से बड़े नेता इस अभियान में शामिल होंगे। धनखड़ ने पदाधिकारियों से अभियान की तैयारियों को लेकर कहा कि प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में यह अभियान चलेगा। जिसके तहत सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर उन युवाओं से मिलना है जो 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे।

वोटर चेतना अभियान में जुटे सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि युवाओं के वोट बनवाने में अपना सहयोग करें। फॉर्म भरवाने से लेकर मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज करवाना है और युवा मतदाताओं को भाजपा की रीति व नीति भी बतानी है। मोदी सरकार के कार्य भी बताने है।

राजकुमार चाहर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने वोटर चेतना महाअभियान के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया है। 25-26 अगस्त को चलने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान में मुख्यमंत्री, केंद्रीय नेता, सांसद, विधायक, जिला पंचायत के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख शामिल होंगे और कैंप लगाकर नए वोट बनाने की प्रक्रिया को शुरू करेंगे। अभियान के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम भी किया जाएगा। कार्यशाला को संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा के अलावा चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रदेश प्रमुख प्रमोद कौशिक, चुनाव प्रबंधन विभाग के प्रदेश प्रमुख ललित बतरा ने भी संबोधित किया।

# प्रमोद शर्मा बने लायंस क्लब गुड़गांव के नये प्रधान



लायंस क्लब की शाखा लायंस क्लब गुड़गांव सिटी के 42वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते पदाधिकारी।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**अंतरराष्ट्रीय** संस्था लायंस क्लब की शाखा लायंस क्लब गुड़गांव सिटी के 42वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में डिस्ट्रिक्ट 321ए तथा सोहना, तावडू और दूसरे अन्य क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। सभी उपस्थित लायंस सदस्यों ने समाज के प्रति समर्पित भाव से निष्काम सेवा करने के संकल्प को दोहराया। इस दौरान लायंस क्लब गुड़गांव ने लायन प्रमोद शर्मा को नये प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी है।

लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष व हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने बताया कि कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप सिंघल बतौर मुख्य अतिथि रहे। पूर्व गवर्नर लायन अनिल अरोड़ा के द्वारा अध्यक्षता की गई। पूर्व गवर्नर लायन तेजपाल सिंह खिल्लन मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। वाईस गवर्नर-1 लायन एके गुप्ता वाईस गवर्नर-2 लायन ओंकार सिंह रेणु, जिला सचिव लायन राजेश गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल के साथ रीजन चेयरमैन लायन कर्नल एस के सोबती, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद सलूजा तथा कार्यक्रम के चेयरमैन लायन भीम वासुदेव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन लायन अनिल वाधवा ने किया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप सिंघल के द्वारा लायन प्रमोद शर्मा को वर्ष 2023-24 के लिए लायंस क्लब गुड़गांव सिटी का अध्यक्ष पद का कार्यभार विधिवत सौंपा गया । इसी के साथ लायन अमिताभ गुप्ता व लायन राजेश गुप्ता को क्रमशः सचिव तथा कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की टीम को भी स्थापित किया गया।

# भारत ने दुनिया को योग से सेहतमंद होने का दिखाया है रास्ता : नवीन गोयल



चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि नवीन गोयल।

## जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2023-24 का हुआ आयोजन

## जिला योगासना खेल संघ की ओर से आयोजित की गई चैंपियनशिप

पायनियर समाचार सेवा। गुरग्राम

**हरियाणा** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला योगासना संघ की ओर से जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2023-24 का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल मुख्य अतिथि रहे। इस चैंपियनशिप का जिला योगासना खेल संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में सफल आयोजन किया गया।

नवीन गोयल ने इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। बच्चों ने योगासन किया और हरियाणवी लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। इस अवसर पर तकनीकी सचिव सीमा, सचिव देवेंद्र, प्रबंधक सचिव अजीत सोलंकी, उपाध्यक्ष जगदीश यादव, खजांची कैलाश शर्मा, मानव रचना संघ अध्यक्ष पूनम वत्स, राज्य कार्यकारिणी सदस्य निर्मला, लता, आशा, कांता, आयुष विभाग जिला अधिकारी मंजू, उपनिदेशक प्रभु राम, लक्ष्मण मेहरा, मनमोहन, बेबी, संतराम आदि मौजूद रहे। योग के साथ उन्होंने बच्चों को पर्यावरण के प्रति भी जागरुक करने की अपील सभी से की। पर्यावरण भी फिट रहने का माध्यम है। अगर हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हम स्वस्थ रहेंगे। सभी को समय-समय पर पौधारोपण हमें करना चाहिए। यह अभियान कभी रुकना नहीं चाहिए। हर व्यक्ति कम से 5 पेड़ लगाकर अपने पर्यावरण को भविष्य के लिए बेहतर बनाने की दिशा में काम करे।

# इंडेल मनी को पहली तिमाही में हुआ 21 करोड़ रुपये का बढ़िया मुनाफा

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**इंडेल** कॉरपोरेशन की फ्लैगशिप कंपनी व एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) इंडेल मनी ने वित्त वर्ष 2023-4 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों का ऐलान किया है, जिसमें कंपनी को 21 करोड़ रुपये का ठोस मुनाफा हुआ है। कपनी के मुनाफ में तिमाही दर तिमाही आधार पर 63 फीसदी की वृद्धि हुई है. कंपनी के शानदार प्रदर्शन से टिकाऊ वृद्धि व परिचालन की दक्षता को लेकर प्रतिबद्धता तथा गोल्ड लोन की डिमांड में ओवरऑल रेसिलिएंस का पता चलता है. पहली तिमाही के दौरान कंपनी का एयूएम सालाना आधार पर 61 फीसदी बढ़कर 1294.44 करोड़ रुपये हो गया. एनुअल डिस्बर्समेंट रेट सालाना आधार पर बढ़कर 40 फीसदी हो गया और यह 2023-2024 की पहली



तिमाही में 850.64 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. कुल डिस्बर्समेंटमें गोल्ड लोन ने 92 फीसदी का योगदान दिया. 2023-24 की पहली तिमाही में साल भर पहले की तुलना में रेवेन्यू में 74 फीसदी की बढ़ोतरी आई. इंडेल मनी के एक्सीक्यूटिव डाइरेक्टर एवं सीईओ उमेश मोहनन ने प्रदर्शन पर कहा, 'हमें वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में 21 करोड़ रुपये के मुनाफे की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है. यह उपलब्धि वृद्धि को लेकर हमारे अटूट समर्पण और बाजार की बदलती स्थितियों के अनुकूल ढलने की हमारी क्षमता का प्रमाण है। डिस्बर्समेंट के उच्च स्तर और गोल्ड लोन पर फोकस ने कंपनी की शानदार बिजनेस ग्रोथ में योगदान दिया है।' कंपनी की सिक्योर्ड एनसीडी की तीसरी किस्त 88 फीसदी ओवरसब्सक्राइब हुई। कंपनी को एसोचैम नेशनल समिट एंड अवार्ड्स ऑन कॉरपोरेट बॉन्ड मार्केट के दौरान इश्यूअर ऑफ दी ईयर-पब्लिक इश्यूएंस रनर अप अवार्ड से सम्मानित किया. कंपनी को काम करने के सकारात्मक माहौल के कारण 2023-2024 में लगातार तीसरे साल 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' अवार्ड मिला है. इंडेल मनी नियामकीय जरूरतों को पूरा करते हुए अच्छा कैपिटल एडीकेसी रेशियो (सीएआर) को मेंटेन कर रही है. कंपनी की योजना वित्त वर्ष 2024 में 100 से ज्यादा ब्रांच खोलने जा रहे हैं।

# मुजिगल ने नई दिल्ली के शक्ति नगर में अपनी अत्याधुनिक संगीत अकादमी लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े संगीत शिक्षा मंच मुजिगल ने भारत में अपनी 8वीं अत्याधुनिक संगीत अकादमी लॉन्च की। शक्ति नगर (नई दिल्ली) में स्थित, अकादमी 1550 वर्ग फुट में फैली हुई है जो गायन और वाद्य सहित संगीत सीखने के लिए वन स्टॉप सलूशन है।

कई बैचों में फैले 500 से अधिक छात्रों को समायोजित करने की क्षमता के साथ, शक्ति नगर में संगीत अकादमी पियानो, कीबोर्ड, गिटार, ड्रम, कर्नाटक वोकल्स, हिंदुस्तानी वोकल्स, वेस्टर्न वोकल्स, वायलिन और युकुलेले में शिक्षा प्रदान करेगी। संगीत अकादमी के लॉन्च के बाद, शुरुआती महीने के लिए, मुजिगल सभी नामांकनों के साथ 1 महीने की मुफ्त संगीत शिक्षा का ऑफर दे रहा है।

मुजिगल की अत्याधुनिक अकादमी ऑनलाइन, ऑफलाइन और संगीत वाद्ययंत्रों की दुकान को एक मंच में एकीकृत करके संगीत सीखने और सिखाने के इको-सिस्टम में हर समाधान प्रदान करके संगीत शिक्षा में स्टैण्डर्ड स्थापित कर रही है।

मुजिगल की शक्ति नगर अकादमी के लॉन्च पर बोलते हुए, मुजिगल के फाउंडर डॉ. लक्ष्मीनारायण येलुरी



ने कहा, 'मुजिगल अकादमी का मिशन है कि वह सगीत की शिक्षा प्राप्त करने की इच्छुक लोगों के लिए उनकी कम्युनिटी के अंदर ही अत्याधुनिक शिक्षण केंद्र प्रदान करे। यह संगीत में सर्वोत्तम सीखने के अनुभव का प्रतिनिधित्व करेगा जिसकी कोई उम्मीद कर सकता है। यह विशेषज्ञ संगीत शिक्षकों द्वारा सिखाए जाने वाले भारतीय शास्त्रीय और पश्चिमी संगीत के व्यापक पाठ्यक्रमों को पूरा करेगा।

इनके अलावा, स्ट्रक्चर्ड करिकुलम, पीरियाडिक असेसमेंट सर्टिफ़िकेशन, फ्लेक्सिबल फी पेमेंट प्लान, हाइली ट्रेनेड टीचर्स, और ईजी एक्सेस , इसे शिक्षार्थी-केंद्रित बनाते हैं। भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूएई में फैले 10,000 से अधिक छात्रों के साथ, 400+ प्रशिक्षित संगीत शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

# सफल रहा स्मार्ट लाइटिंग इंडिया एक्सपो और इलेक्ट्रोटेक एक्सपो 2023

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रगति** मैदान में आयोजित हुआ स्मार्ट लाइटिंग इंडिया एक्सपो (एसएलआईई) और इलेक्ट्रोटेक एक्सपो (ईटीई) 2023 10-12 अगस्त 2023 तक शानदार सफलता के साथ संपन्न हुए। मंच कम्युनिकेशंस द्वारा नरेडको के साथ पार्टनरशिप में आयोजित, यह कार्यक्रम मैन्युफैक्चरर, स्टार्ट-अप और लाइटिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के एसएमई को एक साथ लाने में सक्षम रहा।

तीन रोमांचक दिनों में, लगभग 10,983 तरदे विजिटर सबसे उन्नत एलईडी लाइटिंग, इंटेलिजेंट लाइटिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स, सेमीकंडक्टर और ग्राउंडब्रेकिंग लाइटिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी का पता लगाने के लिए 100 से अधिक प्रतिनिधित्व वाली कंपनियों के साथ आमने-सामने



जुड़े। प्रमुख सरकारी गणमान्य व्यक्ति, व्यापार निकायों के प्रतिनिधि और लीडिंग इंडस्ट्री प्लेयर्स उद्घाटन समारोह के अवसर पर उपस्थित थे। इसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (भारत सरकार) अशोक कुमार पांडा, राजन बंदेलकर, अध्यक्ष नारेडको, सौरभ दीद्दी, निदेशक, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, डॉ. अभिलाषा गौड़, सीओओ, इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई), अनिल कुमार चौधरी संचालन प्रमुख, ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (ईईएसएल) सहित अन्य लोग शामिल थे। उनकी उपस्थिति ने इस अवसर को और भी ख़ास बना दिया, जिसनें भारत की ग्रोथ स्टोरी में लाइटिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के महत्व को दर्शाया।

मंच कम्युनिकेशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज माथुर ने कहा, "स्मार्ट लाइटिंग इंडिया एक्सपो और इलेक्ट्रोटेक एक्सपो की यह सफलता इंडस्ट्री की क्षमता और विकास की क्षमता को दर्शाती है। हम लोगों की शानदार प्रतिक्रिया से खुश हैं। लाइटिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री ने हमारा स्वागत किया है, और हम नए स्टेण्डर्ड्स स्थापित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग शो लाने का वादा करते हैं।" लीएडवांस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्ण सुजान ने कहा, "हम बेहद खुश हैं - हमने एक्सपो से क्वालिटी लीड तैयार की हैं।

# महापंचायत में जाति सूचक शब्द करने वाले पर हो केस दर्ज



**सोहना।** जिला पलवल के गांव पुंडरी में हुई महापंचायत में किसी जाति विशेष के प्रति अपशब्द कहने वाले वक्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापनदेने वालों ने प्रशासनिक अधिकारियों से आरोपी के खिलु कड़ी करने की मांग की है। मालूम रहे कि 31 जुलाई को जिला नूंह में हुई हिंसात्क घटना को लेकर 13 अगस्ग को जिला पलवल के गांव पुंडरी में विशेष समुदाय के नागरिकों की महापंचायत हुई थी। उक्त महापंचायत में हुई थी। जिसमें जिला नूंह का गांव उल्हेटा-हंसनपुर निवासी दिप्ती पर अनुसूचित जाति पर सवालियां निशान लगाते हुए अपशब्द कहने का आरोप लगाया है। सोमवार को स्थानीय निवासी वार्ड-17 के पार्षद ओमप्रकाश पहलवान व वार्ड-6 हरीनगर कॉलोनी निवासी गोविन्द ने सोहना एसडीएम प्रदीप सिंह को प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्हेटा हॅसनपुर निवासी दिप्ती द्वारा महापंचायत में अनुसूचित जाति समाज के लिए बोले गए अपशब्द के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। ओमप्रकाश पहलवान ने बताया कि ऐसे लोग समाज में शांति को भंग करने वाले होते है। जिनके गलत व्यवहार से समाज में एकता नहीं बनती और आपसी भाईचार टूटता है। गोविन्द का कहना है कि दिप्ती की गलत ब्यानबाजी से समाज में भारी रोष है। राज्य सरकार ऐसे समाज में अमन चैन को भंग करने वालों पर शिकंजा कसे।

# बिग-सी मोबाइल्स का वित्त वर्ष 2024 में 1,500 करोड़ रुपये के टर्नओवर का लक्ष्य, लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश से 2 साल में 150 नए आउटलेट खोलने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। हैदराबाद

**स्थित** मल्टी-ब्रांड मोबाइल रिटेल चेन बिग-सी मोबाइल्स ने चालू वित्तीय वर्ष में 1,500 करोड़ रुपये के टर्नओवर का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रु. 2022-23 में 1,000 करोड़ का टर्नओवर किया था। बिग-सी के फाउंडर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एम.बालू चौधरी ने कहा "वर्तमान में, हमारे पास तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 250 आउटलेट हैं।

हम लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश के साथ दो वर्षों में 150 नए आउटलेट खोलकर आउटलेट की संख्या 400 तक ले जाने का लक्ष्य रख रहे हैं। हम अपना पोर्टफोलियो भी बढ़ा रहे हैं। मोबाइल से परे प्रॉडक्ट्स की। अधिक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट पेश कर रहे हैं। हम अधिक बाजारों में प्रवेश करेंगे। हमारे पास 3 करोड़ का




मजबूत कस्टमर बेस है।" बालू चौधरी ने बिग-सी ब्रांड एंबेसडर, टॉलीवुड स्टार महेश बाबू और बिग-सी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर स्वप्न कुमार, डायरेक्टर बालाजी रेड्डी, गौतम रेड्डी, कैलाश के साथ स्टेकहोल्डर्स को संबोधित किया। मल्टी-ब्रांड मोबाइल रिटेलिंग में दो दशक पूरे होने के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में सैमसंग के नए फ्लिप और फोल्ड फोन का अनावरण भी किया।

उन्होंने कहा, "बिग-सी ने अपना ऑपरेशंस 23 दिसंबर, 2002 को शुरू किया था। हमने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में मोबाइल रिटेलिंग में बाजार नेतृत्व हासिल करके सफलतापूर्वक दो दशक पूरे कर लिए हैं। हम तीसरे दशक में भी शीर्ष स्थान बनाए रखेंगे। हम अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगे। दो साल में यह मौजूदा 2,500 से बढ़कर 4,000 हो जाएगी," बिग-सी ने देश में ऑर्गनाइज्ड रिटेलिंग बिक्री शुरू की बालू चौधरी ने कहा कि बिग-सी को देश में मोबाइल हैंडसेट की रिटेल बिक्री को ऑर्गनाइज्ड एक्टिविटी में बदलने का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा, "हम 2006 से ब्रांड एंबेसडर नियुक्त कर रहे हैं।

# जीवा के छात्र सीआईएससीई की नॉर्थ रीजन शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एएसआईएससी खेल प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह रीजनल खेल प्रतियोगिता पंजाब के सेंट जोंस कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें नार्थ रीजन के अनेक जोन के छात्रों ने भाग लिया। जीवा स्कूल के लिए यह गर्व का विषय है कि शतरंज की प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा के निखिल मौन एवं ग्यारहवीं कक्षा के ही आयुष गुप्ता ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण उनकी टीम ने इस रीजनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

निखिल और आयुष ने दिल्ली एनसीआर जोन की टीम का नेतृत्व किया। निखिल मौन का प्रदर्शन उच्च कोटि का रहा, क्योंकि निखिल ने पांचों राउंड जीते एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता।



यह प्रतियोगिता कई चरणों में विभाजित की गई थी। जिसमें जीवा के छात्रों ने सभी चरणों को पार किया एवं फाइनल तक पहुंचे। जीवा के दोनों छात्रों ने नॉर्थ रीजन की टीम में प्रथम स्थान प्राप्त किया और हैदराबाद में होने वाले नैशनल प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुए।

दोनों छात्रों ने धैर्य एवं अनुभव के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया। दोनों छात्रों का मानना है कि विद्यालय में सिखाए गए स्वाध्याय के कारण उन्हें अपने प्रदर्शन में बहुत सहायता मिली एवं विद्यालय के सीनियर पीईटी जितेंद्र नागर ने भी उनका मनोबल बढ़ाया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने दोनों विजेता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उनके प्रदर्शन की सराहना की। प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने भी दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एक सप्ताह में अधिकारी दूर करें एनआईटी में बिजली पानी की समस्या

### स्थानीय लोगों के साथ आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एनआईटी** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में कई महीने से लगातार बिजली कट के कारण लाखों लोगों की जिंदगी बदहाल हो गई है। हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। जिसको लेकर एनआईटी के लोगों ने सरूरपुर बिजली कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें उनके साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने बिजली अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रविवार तक व्यवस्था ठीक नहीं की गई तो रविवार को पाली रोड जाम किया जाएगा। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि कई कई घंटे का बिजली का कट लग रहा है, जिस कारण विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। लोग सीवर के पानी से नहाने पर मजबूर हैं और उसी से खाना बना रहे हैं तथा उसी पानी को पी भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि पानी की इतनी भयंकर समस्या है कि हजारों घरों में बच्चों के कपड़े तक साफ नहीं हो पा रहे हैं और बच्चों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर गरीब मजदूर वर्ग के लोग रहते हैं और रोजाना 100, 200 रूपये का पानी नहीं खरीद सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इन गरीबों के जीवन को नरक बना दिया है। यहां के कांग्रेसी विधायक भी अपनी मस्ती में मस्त हैं। कांग्रेसी विधायक को जनता का दुख दर्द नहीं दिख रहा है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि क्षेत्र में बिजली नहीं आ रही है, लेकिन लोगों के बिजली के बिल पहले से बहुत ज्यादा आ रहे हैं। जिसका 50 गज के मकान में दो कमरे हैं, उसका बिल भी 5000 रूपये तक आ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है और वहां लोगों के बिल जीरो आ रहे हैं तथा कोई कट भी नहीं लग रहा है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।

# नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप की घोषणा से फरीदाबाद के रियल एस्टेट में दाम बढ़ने की उम्मीद



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हाल** ही में हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री, दुष्यंत चौटाला ने फरीदाबाद में नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद फरीदाबाद में प्रॉपर्टीज के दामों में उछाल आने की उम्मीद काफी तेज हो गई है।

एडोर ग्रुप के डायरेक्टर जितेश गुप्ता ने कहा, नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण की घोषणा फरीदाबाद के लिए काफी बड़ी खबर है। इससे यहां के शहर में हाई क्वालिटी रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी और ऑर्गनाइज्ड कमर्शियल की डिमांड में इजाफा देखने को मिलेगा। हमारी कंपनी, एडोर ग्रुप भी सेक्टर 104 में एक नया हाउसिंग प्रोजेट ला रही है।

बता दें कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का फरीदाबाद के विकास पर काफी ध्यान केंद्रित है। अभी कुछ दिनों पहले ही बल्लभगढ़ से पलवल तक की मेट्रो रूट की घोषणा हुई थी। पिछले कुछ सालों में फरीदाबाद का विकास काफी तेजी से देखने को मिला है, चाहे वो कनेक्टिविटी हो, स्वस्थ सेवाएं हो या शिक्षा।

# राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जवाहर** लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर के सानिध्य और एनएसएस प्रभारी अंकित कौशिक के दिशा निर्देशन में एनएसएस के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में एक एनएसएस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरीश पेलक थे। उनके एनएसएस में कार्य को देखते हुए उन्हें राष्ट्रपति अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस के बारे में बताया और अपना अनुभव सांझा किया। विशिष्ट अतिथि दीपक कुमार अग्रवाल कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक ने भी अपना अनुभव सांझा किया। अंकित कौशिक ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए एनएसएस के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यों के बारे में सभी को बताया।

उन्होंने बताया कि किस तरह एक एनएसएस स्वंसेवक सामाजिक कार्य करते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकता है। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताते हुए कुछ सीनियर स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव को भी सांझा किया। इस अवसर पर आरती कुमारी, अनीश, हरेंद्र, दीप्ति, दीपक इत्यादि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कपड़ा कंपनी के नाम पर हुई 34 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** सेक्टर-9 स्थित एक कंपनी के निदेशक के साथ कपड़ों की कंपनी के नाम पर 34 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जिसमें जीएसटी को लेकर भी धोखाधड़ी की गई। थाना सेक्टर-8 पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। एचडीआई आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी एससी भाटिया ने बताया कि उन्होंने एमएस एसआरएसकेटी गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के महिराज, गौरव यादव, जावेद सुल्तान, किशन सिंह, हरजिंदर कौर के साथ कपड़ों का कारोबार शुरू किया था। कंपनी में कपड़े तैयार किए जाते हैं। आरोपियों ने पीड़ित को बिना सूचित किए कंपनी के कर्मचारियों को करीब 26 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। इसके अलावा अंतरराज्यीय सेवा शुल्क के नाम पर करीब तीन लाख रुपये और जीएसटी के नाम पर लगभग पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की। इस तरह आरोपियों ने साढ़े 34 लाख रुपये की गड़बड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिय है।

# भारत विकास परिषद ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

### शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों ने भाग लेकर अपनी जांच कराई व लाभ लिया




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र में नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लडशुगर, ब्लडप्रेशर और स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई।

इस शिविर में 323 लोगों को लाभ मिला, इन लोगों को ट्रस्ट द्वारा बहुत ही कम दरों पर स्वास्थ्य सेवाएं जैसे- सीटी स्कैन, ईसीजी, इको, टीएमटी, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड आदि प्रदान की गई। इस कैंप में तीन मरीजों को आंखों के ऑपरेशन के लिए चुना गया, सभी का ऑपरेशन आने वाले कुछ दिनों में निशुल्क किया जायेगा। यह कैप विशेष रूप से फरीदाबाद टूल एंड हार्डवेयर मर्चेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष भोला नाथ मिश्रा, शैलेश मुद्रा (सचिव) और उनकी टीम, फरीदाबाद इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसी शर्मा, हरपाल सिंह (सचिव) और उनकी टीम, आर-डब्लू-ए, सेक्टर 9 के प्रधान रणबीर सिंह और उनकी टीम के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

भारत विकास परिषद फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं ने कैंप आयोजन में भरपूर योगदान दिया। डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र से राज कुमार अग्रवाल (प्रोजेक्ट चेयरमैन), मनोज टांटिया (अध्यक्ष), अशोक गोयल (सचिव), राकेश गुप्ता, अरुण सर्राफ, पवन अग्रवाल, समीर शर्मा, विष्णु अग्रवाल, विनय गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, डॉ रमेश अग्रवाल (मेडिकल डारेक्टर), डॉ. सिद्धार्थ आर्य, डॉ अनु अग्रवाल, डॉ. जेपी गुप्ता, डॉ. नितीश विरमानी, डॉ. आशीष अमर, डॉ. अनिल सभानी, डॉ. मोहिनी शर्मा, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. सुमंत गुप्ता, डॉ. कमल गुप्ता सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

# हड़ताली आशा वर्करों ने 28 अगस्त के बड़े आंदोलन के लिए भरी हुंकार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**आशा** वर्कर यूनियन के आह्वान पर चल रही हड़ताल 14वें दिन भी जारी रही। जिला सचिव बबली सेनी द्वारा संचालित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान रामरति चौहान ने की। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्रसिंह चौहान, रघुबीर सिंह तथा सीआईटीयू के नेता रमेशचंद व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य कमेटी के नेता ताराचंद व जिला प्रधान विधूसिंह ने कार्यक्रम में बोलते हुए आशा वर्कर की हड़ताल तथा उनके मांग मुद्दों का समर्थन करते हुए सरकार से हड़ताली आशाओं से बातचीत करके मांगों का समाधान करने की अपील की। कार्यक्रम में यूनियन की राज्य प्रधान सुरेखा व महासचिव सुनिता ने भी हड़ताली आशाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि जिले की सैकड़ों आशा वर्कर 28 अगस्त को विधानसभा कूच में भाग लेंगी।

कार्यक्रम में बोलते हुए यूनियन की राज्य प्रधान सुरेखा व महासचिव सुनीता ने बताया कि जिन आशा वर्करों की कोविड काल में विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा देश के प्रधानमंत्री अच्छी सेवाएं प्रदान करने के लिए पीठ थपथपा रहे थे, अब 14 दिन की हड़ताल के बाद उन्हीं आशाओं की आवाज को अनसुना किया जा रहा है। आशाओं की कड़ी मेहनत के बाद ही प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाया जा सका है। यही वजह है कि आज आशा वर्कर कि हड़ताल के कारण प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं अस्त व्यस्त हो रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश की आशा वर्करों को मात्र चार हजार रुपये का मानदेय दिया जाता है। आज बढ़ रही बेतहाशा महंगाई में इतनी राशि में परिवार का पालन पोषण करना संभव नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से आशा वर्करों के लिए न्यूनतम वेतन 26 हजार देने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आशा वर्करों से बातचीत न करके आंदोलन को लंबा खींचना चाहती है, जिससे आंदोलन कमजोर हो जाए। यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार की इस रणनीति को आशा वर्कर किसी कीमत पर कामयाब नहीं होने देंगी। उन्होंने आशा वर्करों से शांति, सद्भाव व आपसी मेलजोल से हड़ताल को मजबूत करने का आह्वान किया तथा हालिया घटनाओं की निंदा करते हुए कहा कि नूंह जैसी घटनाएं हमारी एकता को कमजोर करती हैं। इसलिए ऐसी ताकतों को अलग करते हुए भाईचारे को मजबूत करें। उन्होंने जिले की आशाओं से 28 अगस्त को होने वाले विधानसभा कूच में ज्यादा से ज़्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित आशा वर्करों को संबोधित करते हुए यूनियन की नेता गीता, राजन, बाला, सुमन व रोशनी ने भी जिले की आशाओं को विधानसभा कूच का आह्वान किया।

# ट्रेन से गिरकर 19 वर्षीय युवक की मौत

**पलवल।** देवली रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से गिरकर 19 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। युवक दिल्ली से अपने घर धौलपुर राजस्थान जा रहा था। जीआरपी चौकी पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी चौकी के जांच अधिकारी भीम सिंह के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई है। उसका शव देवली रेलवे क्रॉसिंग के पास पड़ा है।

सूचना मिलते पर तुरंत वे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक के शव को शिनाख्त के लिए जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। युवक के पास ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे कि उसकी शिनाख्त हो सके। मृतक के पास उसका फोन मिला, जिसके आधार पर उसकी पहचान धौलपुर राजस्थान के रहने वाले नीलेश त्यागी के रूप में हुई। उन्होंने तुरंत युवक के परिजनों को सूचित किया। निलेश की उम्र करीब 19 वर्ष है और वह धौलपुर से वृंदावन परिक्रमा करने के लिए आया था। इसके बाद वह दिल्ली किसी निजी कार्य से गया और वापसी में धौलपुर जाते समय उसकी ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। जीआरपी ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई की।

# बारहवीं की छात्रा से ओयो होटल में सामूहिक दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बारहवीं** कक्षा की छात्रा के साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। घर से स्कूल जाते समय दो युवक उसे जबरन ओयो होटल ले गए। वहां पर दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। छात्रा के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। कैंप थाना पुलिस ने छात्रा की मां की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, कैंप थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने शिकायत में कहा है कि वह टीचर है। उसकी बेटी शहर के एक निजी स्कूल में बारहंवीं कक्षा में पढ़ती है। बेटी जब स्कूल देरी से पहुंची तो उसने अपनी बेटी से देर होने का कारण पूछा। इस पर उसकी बेटी ने बताया कि राखोता गांव निवासी पंकज उसके पास फोन करता है और बात न करने पर जान से मारने की धमकी देता था। वह उससे फोन पर बात करने लगी। छात्रा ने बताया कि पंकज का फोन आया कि वह उससे मिले, लेकिन जब उसने मना कर दिया और वह अपने स्कूल जाने लगी तो रास्ते में उसे राखोता गांव निवासी पंकज व राजकुमार फौजी मिले। दोनों ने उसका रास्ता रोक लिया और पास में एक वर्कशॉप के बाथरूम में ले जाकर उसकी स्कूल ड्रेस बदलवा दी। इसके बाद दोनों उसे बाइक पर बैठाकर ओयो होटल में ले गए।

छात्रा ने आरोप लगाया कि ओयो होटल में ले जाकर दोनों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपियों ने उसे स्कूल की ड्रेस पहनने को कहा और जब उसने ड्रेस पहन ली तो आरोपी उसे बाइक पर बैठाकर स्कूल के पास छोड़ कर फरार हो गए। छात्रा की मां ने इसके बारे में अपने पति को बताया और इसके बाद वे बेटी को लेकर कैंप थाना लेकर पहुंचे और लिखित शिकायत दी।

पुलिस जांच अधिकारी सुरेखा ने बताया कि छात्रा की मां की शिकायत पर दोनों आरोपी पंकज व राजकुमार के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चाइनीज मांझा पर पूरी तरह रोक, बिक्री व प्रयोग पर प्रतिबंध



**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने बताया कि सरकार ने चाइनीज मांझा पर पूरी तरह से रोक लगाई हुई है। पतंग उड़ाने वाले चाइनीज धागे की बिक्री, उत्पादन, भंडारण, आपूर्ति, आयात और उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध है। चाइनीज मांझा आसमान में उड़ने वाले पक्षियों के लिए बहुत खतरनाक है। पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझा पक्षियों के साथ-साथ इंसानों की गर्दन तक काटकर घायल कर रहा है। इसलिए पर्यावरण, वन व वन्यजीव विभाग हरियाणा सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर चाइनीज मांझे की बिक्री, निर्माण, भंडारण व प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला पलवल में सिनथेटिक/चाइनीज मांझा (रील) की खरीद-फरोख्त, भंडारण एवं प्रयोग किए जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया है। इन आदेशों की पालना पुलिस अधीक्षक, उपमंडल मजिस्ट्रेट, प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्व विभाग के अधिकारी, नगर परिषद अथवा नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों की अवहेलना में यदि कोई दोषी पाया जाता है तो वह धारा-188 भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत दंड का भागीदार होगा।

### बाइक सवार युवक पर हवाई फायर कर लूट का प्रयास

**पलवल।** सोंदहद गांव से फ्रिज का काम करने के बाद घर लौट रहे युवक को दो बाइकों पर सवार पांच युवकों ने लूटने की नीयत से उसकी तरफ सीधा फायर कर दिया। उसने पांचों को पहचान लिया। इसके बाद आरोपी गांव के बस स्टैंड पर हवाई फायर कर लोगों में दहशत फैलाते हुए बाइकों पर बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने पांचों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बहीन थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार, अंधोप गांव निवासी कृष्ण ने दी शिकायत में कहा है कि वह सोंदहद गांव से फ्रिज का काम कर बाइक से अपने गांव लौट रहा था। उसने मुंह पर तोलिया बांधी हुई थी, ताकि धूल-मिट्टी से बचा जा सके। लेकिन जब वह अपने गांव के निकट स्थित ईंट भट्टे पर पहुंचा तो वहां दो बुलेट बाइकों पर पांच युवक खड़े हुए थे। जब वहां पहुंचा तो एक लड़के ने कहा कि इस आने वाले को रोक कर लूट लो। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने उसे जान से मारने की नीयत से सीधी गोली चला दी। इससे वह बाल-बाल बच गया और उनके पास आकर रुकते ही उसने मुंह से तोलिया को खोल दिया। उसने पांचों युवकों को पहचान लिया। उसने बताया कि आरोपी युवक उसके गांव के ही निवासी संतराम, मनीष, मोनू, अंकित व संजु थे। जिनमें से संतराम व मनीष के हाथ में देशी कट्टा थे और उस पर गोली चलाने वाला संतराम था। जिसके बाद पांचों युवक अपनी बाइकों पर बैठकर डाडका चौक पर पहुंचे और दो हवाई फायर किए। उसका आरोप है कि उक्त आरोपियों ने उसे लूटने के इरादे से सीधी गोली चलाई और गांव में दहशत फैलाने के लिए चौक पर दो हवाई फायर किए। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### तीन शराब तस्कर गिरफ्तार, शराब व बीयर की बोतल बरामद



**पलवल।** डिटेक्टिव स्टाफ पलवल से मानसिंह एवं छोटू राम की टीम ने थाना शहर पलवल क्षेत्र अंतर्गत नीमतला मोहल्ला पलवल से आरोपी अशोक के किराए के बेसमेंट गोदाम से अंग्रेजी एवं देसी शराब की 424 बोतल व 44 बीयर बोतल शराब बरामद की। आरोपी पुलिस की भनक पाकर मौके से फरार हो गया, जो जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होगा। वहीं दूसरे मामले में हथीन थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडकोला रोड खोकियाका गांव से आरोपी मनोज निवासी कानॉली को 33 बोतल देसी सहित गिरफ्तार किया। इसी तरह तीसरे मामले में शहर थाना अंतर्गत हथीन गेट चौकी पुलिस के सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने सोहना रोड पलवल से आरोपी ज्ञान चंद निवासी कस्बा मोहल्ला पलवल को 44 पौवा देसी मस्ताना सहित गिरफ्तार किया है। वहीं होडल थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल लियाकत अली के नेतृत्व में टीम ने गढ़ी मोड़ होडल से गांव औरंगाबाद निवासी हरवीर को 44 पौवा देसी मस्ताना सहित गिरफ्तार किया।

### फौजी की पत्नी-पुत्रवधु के फोटो किए वायरल, धमकी दी

**पलवल।** पूर्व सैनिक की पत्नी व पुत्रवधु के पड़ोस में रहने वाले युवक ने अपने घर से फोटो खींचे और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विरोध किया तो उनको गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आस-पड़ोस के लोगों के समझाने पर भी आरोपी नहीं माना। पुलिस में शिकायत करने पर झगड़ा कर छेड़छाड़ की। कैंप थाना पुलिस ने एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दी शिकायत में कहा कि उसके पति फौज से रिटायर्ड हैं और फिलहाल प्राइवेट नौकरी करते हैं। उसके बेटे भी बाहर नौकरी करते हैं। घर पर वह अपनी पुत्रवधु के साथ रहती है। उनके पड़ोस में प्रशांत नाम का युवक रहता है। उसने अपने घर से उसके व उसकी पुत्रवधु के फोटो खींचे और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने धमकी दी कि वह तो ऐसा ही करेगा, जो करना कर लो। इसके बाद पति इसकी शिकायत देने के लिए कैंप थाना गया तो आरोपी ने 5-6 अन्य युवकों को बुला लिया। उन्हें गालियां देनी शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी ने अपने घर से उनके फोटो खींचने शुरू कर दिया। वह व उसकी पुत्रवधु जहां भी जाते हैं, वह पीछा करता है और अश्लील गालियां देता है। महिला ने शिकायत में कहा है कि आरोपी गुंडा किस्म का है और उससे उन्हें खतरा है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपी व उसके अन्य साथियों के खिलाफ छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एंटी नारकोटिक्स सेल होडल टीम ने स्मैक साथ दो आरोपी धरे



**पलवल।** एंटी नारकोटिक्स सेल होडल ने दो तस्करों को लाखों रुपए की कीमत के स्मैक मादक पदार्थ सहित गिरफतार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम में तैनात सहायक उपनिरीक्षक ओम प्रकाश, टीम जिसमें हेड कांस्टेबल रिंकू, सिपाही कुलदीप शामिल है, गाड़ी के साथ हसनपुर चौक होडल मौजुद थे। जहां उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि हरकेश निवासी चांदहट व लक्ष्मण पुत्र भीमसिंह निवासी मीसा जो नशीले पदार्थ तस्करी का काम करते है। सवारी के इंतजार में बाबरी मोड होडल पर खड़े हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी और हरकेश व लक्ष्मण को गिरफ्तार किया। हरकेश की तलाशी में प्लास्टिक पन्नी के अंदर 23.48 ग्राम स्मैक मिली व लक्षण की तलाशी में 21.15 ग्राम स्मैक मिली। आरोपियों से बरामद मादक पदार्थ के स्त्रोत के बारे में पूछताछ जारी है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

# अकादमिक क्षेत्र

## नकारात्मक प्रवृत्ति

**अकादमिक क्षेत्र** में आवाजों को खामोश करने व सवाल न सुनने की नकारात्मक प्रवृत्ति सामने आ रही है। हाल में अकादमिक व शिक्षा संस्थानों में ऐसी दु:खद घटनायें सामने आई हैं जिन पर सवाल उठते हैं। अशोका युनिवर्सिटी व यूएन अकादमी जैसे सम्मानित संस्थानों से शिक्षकों को निकालने से 'असहमत स्वरों' को खामोश करने तथा बौद्धिक विमर्श को कुचलने की प्रवृत्तियों पर चिन्ता पैदा होती है। इन घटनाओं से सवाल उठता है कि क्या सवाल पूछने व आलोचनात्मक सोच की सम्मानित परंपरा को 'सहमति' की नई संस्कृति से नुकसान हो रहा है? अशोका युनिवर्सिटी से एक शिक्षक को निकालने की हालिया घटना ने पूरे अकादमिक समुदाय को आश्चर्यचकित कर दिया है। अंतर-विषयी अध्ययनों तथा खुले संवाद पर जोर देने वाले विश्वविद्यालय ने स्वयं को एक विवादास्पद स्थिति में धकेल दिया है। इसका कारण एक शिक्षक की कथित रूप से उसके राजनीतिक विचारों के कारण बर्खास्तगी है। इससे राष्ट्रव्यापी बहस छिड़ गई है। हटाए शिक्षक की एकमात्र गलती यह है कि सत्तारूढ़ दल उनके प्रति असहज था। उनके शोध पत्र में बताया गया था कि सत्तारूढ़ दल ने कैसे चुनाव जीतने के लिए हथकंडे अपनाए। भले ही उनका कहना सही हो या गलत, पर इसके कारण उनको हटाना उचित नहीं है। अनेक शोध ऐसे होते हैं जिन पर प्रकाशन के बाद सवाल उठते हैं या उनको खारिज कर दिया जाता है। इस घटना से शिक्षा संस्थानों के समक्ष उपस्थित व्यापक चुनौतियां सामने आती हैं क्योंकि कुछ क्षेत्रों से दबाव के कारण वे 'स्वतंत्र अभिव्यक्ति' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने में कठिनाई का अनुभव करती हैं। इसी प्रकार प्रमुख आनलाइन शिक्षा प्लेटफार्म यूएन अकादमी को आलोचना का शिकार होना पड़ा क्योंकि उसने सोशल मीडिया पर सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर मुखर तथा छात्रों से केवल शिक्षित नेताओं को चुनने की बात करने वाले शिक्षक को नौकरी से निकाल दिया था।




अशोका युनिवर्सिटी तथा यूएन अकादमी की घटनाओं से एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति उभरती है जो अकादमिक जगत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा खुले विमर्श को खतरे में डालती है। ऐसे परिवेश में जहां शिक्षक अपनी राय अभिव्यक्ति के कारण खराब नतीजों से भयभीत हों, वहां छात्रों को विविधतापूर्ण दृष्टिकोण तथा आलोचनात्मक सोच सीखने से वंचित होना पड़ता है। अकादमिक स्वतंत्रता से समझौता शिक्षा की नीव पर प्रहार कर विश्लेषणात्मक व स्वतंत्र विचारों को प्रभावित कर सकता है। विरोधी स्वरों को दबाने का असर केवल कक्षाओं में ही नहीं, बल्कि पूरे समाज में सामने आ सकता है। सहमति की संस्कृति खोज को हतोत्साहित करती है, प्रगति को बाधित करती है तथा सामाजिक परिवर्तन की संभावनाओं को सीमित करती है। जीवन्त लोकतंत्र विचारों के आदान-प्रदान पर फलते-फूलते हैं और शिक्षकों के स्वर खामोश करने से पूरा देश प्रभावित हो सकता है। शिक्षकों को नौकरी से निकालना हमारे समाज में एक चिन्ताजनक प्रवृत्ति की ओर संकेत करता है कि हम ऐसे परिवेश से दूर हट रहे हैं जहां सवाल पूछने को प्रोत्साहित कर बहसों को गले लगाया जाता था। इन घटनाओं से अकादमिक स्वतंत्रता की कमी स्पष्ट होती है जो शिक्षा और बौद्धिक विमर्श के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े करती है। खुले संवाद व विचारशील बहसों को प्रोत्साहित कर ही हम भविष्य की जटिल चुनौतियों से निपट सकते हैं। समय आ गया है कि हम सवाल पूछने की प्रतिबद्धता पुष्ट करें, भले ही उनके जवाब असहज करने वाले हों क्योंकि ऐसी खोज से ही हम प्रगति व समझदारी का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

# सत्य के आधार पर सामंजस्य

**पुरातत्व व इतिहास के विशेषज्ञों को शामिल कर एक 'सामंजस्य आयोग' का गठन होना चाहिए जो संबंधित समुदायों के बीच मेल-मिलाप की संभावनायें पैदा करे।**



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



किसी समाज या सभ्यता के फलने-फूलने के लिए शांति व खासकर आंतरिक शांति के लंबे समय की आवश्यकता होती है। दूरदर्शी नेता नेल्सन मंडेला ने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेदी शासन समाप्त होने के बाद एक 'ट्रुथ एंड रिकंसीलियेशन' आयोग या दूसरे शब्दों में सत्य एवं सामंजस्य आयोग का गठन किया था। इस आयोग का काम यह सुनिश्चित करना था कि वह रंगभेदी शासन की कड़वी यादों तथा श्वेत लोगों द्वारा अश्वेत समाज के प्रति किए दुर्व्यवहार को यथासंभव समाप्त कर समाज में एक सामंजस्य व मेल-मिलाप की भावना पैदा कर सके। अधिकांश श्वेत लोग अफ्रीका में हमलावर तथा वहां के संसाधनों पर कब्जा करने वाले थे और उन्होंने अश्वेत जनता के प्रति अवर्णनीय अत्याचारपूर्ण व्यवहार किया था। भारत अफ्रीका में पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला द्वारा किए प्रयोग से बहुत कुछ सीख सकता है। मंडेला के दिखाए रास्ते पर चल कर भारत में स्थाई आंतरिक शांति की स्थिति पैदा की जा सकती है।

भारतीय समाज में स्थाई शांति की उस समय तक कल्पना नहीं की जा सकती है जब तक आक्रमणकारी व यहां कब्जा करने वाले लोगों द्वारा किए अत्याचारों की कड़वी स्मृतियों को रेखांकित नहीं किया जाता है। इन आक्रमणकारी व कब्जा करने वाले लोगों ने देश के बड़े हिस्से पर कब्जा किया था और उनकी स्मृतियां अभी समाज में बनी हुई हैं। विडंबना है कि आज भी समाज में बहुत से लोग इन आक्रमणकारी व कब्जा करने वाले लोगों की भावनाओं से स्वयं को जोड़ते हैं। भारत में स्थाई शांति व खासकर आंतरिक शांति स्थापित करने के लिए इस प्रकार की मानसिकता से बाहर निकलने की आवश्यकता है। दक्षिण अफ्रीका ने लगभग चार शताब्दियों तक रंगभेदी नीतियों का सामना किया, जबकि भारत इससे लगभग दूने समय, सात शताब्दियों या इससे अधिक तक आक्रमणकारियों व यहां कब्जा करने वालों के अत्याचार झेलता रहा है। वर्तमान समय में अफ्रीका ऐसे अनुभवों से आगे निकल चुका है, हालांकि कुछ श्वेत शासकों की मूर्तियां उनके अत्याचारों की याद दिलाती हैं। इसके उलट भारत में आज भी हजारों मस्जिदें खड़ी हैं जो पहले मूल रूप से मंदिर थे। कुछ लोगों ने रातोंरात मंदिरों को मस्जिद में बदल दिया क्योंकि वे केवल एक खास ईश्वर में विश्वास करते थे।

बहुत से अन्य लोगो ने मंदिरों को उनकी नीव तक खोद डाला और उनके मलबे से मस्जिदें बनाईं। यह घटना किसी चर्च को मस्जिद या मस्जिद को चर्च में बदलने से पूरी तरह अलग है क्योंकि ये दोनों मूलत: प्रार्थना स्थल होते हैं। लेकिन इसके उलट हिंदू मंदिर ईश्वर या देवी-देवता का आवास होता है। हालांकि, किसी हिंदू पर स्वयं को ईश्वर की तरह देखने या ईश्वरीय शक्ति से एकत्व की भावना रखने पर प्रतिबंध नहीं है। इस प्रकार वह एक आध्यात्मिक खोज में रम सकता है और ऐसी स्थिति में मंदिर उसकी आध्यात्मिकता की प्राप्ति में एक मंच या मार्ग का काम करता है।

दूसरी ओर एक मस्जिद या चर्च केवल एक प्रार्थना स्थल होती है, जहां अगम और अगोचर ईश्वर की आराधना की जाती है। ईसा मसीह के उपदेशों में आए दस ईश्वरीय आदेशों या 'टेन कमांडमेंट्स' के तीसरे आदेश में कहा गया है, 'अपने ईश्वर की कोई मूर्ति न बनाओ।' इसके उलट हिंदूवाद अपनी आराधना को केन्द्रित करने के लिए भक्तों को ईश्वर या देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाने को प्रोत्साहित करता है। मुसलमान यह नहीं समझते थे कि वे हिंदू मंदिरों को नष्ट या अपवित्र कर कितनी बड़ी क्रूरता व अत्याचार कर रहे हैं। महमूद गजनी द्वारा प्रख्यात सोमनाथ मंदिर नष्ट करने के बाद मुसलमानों की अनेक पीढ़ियों ने यही काम जारी रखा।हाल ही में कुछ लोगों से यह बातें सुनने में आई हैं कि देश का विभाजन एक गलत अवधारणा पर आधारित था, कायदे आजम मुहम्मद अली जिन्ना ने एक प्रकार से काला जादू किया था ताकि वे लोकप्रियता के शिखर पर पहुंच सकें। हम मनुष्य यह नहीं कह सकते हैं कि कौन सा 'दुष्कर्म' किस 'दुर्भाग्य' का कारण बन जाएगा, लेकिन हमारा विश्वास है कि हिंदू मंदिरों को नष्ट करने तथा उनको अपवित्र करने के कारण इस उप-महाद्वीप में मुसलमानों पर दुर्भाग्य हावी हो गया है। ऐसे में यह सुझाव देना अनुचित नहीं होगा कि वे वे अतीत के पापों, खासकर हिंदू मंदिरों के विनाश के पास से मुक्ति पाने का प्रयास करें। इसके लिए एक 'सत्य व सामंजस्य आयोग' का उसी प्रकार गठन किया जाना चाहिए जिस प्रकार उसे नस्लभेद समाप्त होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में बनाया गया था।

ऐसे आयोग में पुरातत्व व इतिहास के सम्मानित विशेषज्ञ शामिल होने चाहिए जो संबंधित समुदायों के बीच मेल-मिलाप व सामंजस्य की भावना पैदा कर सकें। हालांकि, इस्लामी हमलावरों द्वारा नष्ट, अपवित्र या मस्जिदों में बदले गए मंदिरों की संख्या हजारों में है। लेकिन प्रख्यात इतिहासकार व राजनीतिक-सामाजिक विश्लेषक सीताराम गोयल ने 3,000 प्रमुख मंदिरों की पहचान की है जिनके साथ यह अपमानजनक कृत्य किए गए। उन्होंने इन मंदिरों के आकार, इतिहास व पुरातात्विक महत्व के साथ ही हिंदुओं के लिए उनके सभ्यतामूलक व धार्मिक महत्व के आधार पर इनकी पहचान व वर्गीकरण किया है। यह जोर देना जरूरी है कि ऐसे सत्य एवं सामंजस्य आयोग का उद्देश्य अतीत की गलतियों का बदला लेना नहीं है, लेकिन यह राष्ट्र में आध्यात्मिक पुनर्जीवन की भावना पैदा करने के लिए जरूरी है। मध्ययुगीन हमलावरों के विश्वास का अनुसरण करने वाले समुदाय को यह स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि विश्वास के नाम पर अनेक अत्याचार व गलतियां की गई हैं। उनको स्वेच्छा से प्राचीन हिंदू मंदिरों पर कब्जा छोड़ देना चाहिए। ऐसे 3,000 या उससे अधिक मंदिरों में से 100 या 150 सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं।

आयोग द्वारा निर्धारित एक सक्षम एजेंसी के माध्यम से उनको तत्काल हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए। आयोग में देश की न्यायपालिका के सर्वोच्च स्तर से भी कुछ सदस्यों को शामिल किया जा सकता है, पर यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि 'सत्य एवं सामंजस्य आयोग' की प्रस्थापनाओं व नतीजों को न्यायपालिका में नहीं घसीटा जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि उनको अदालतों में चुनौती नहीं दी जा सकेगी क्योंकि इसका अर्थ केवल मुद्दे को सालों घसीटना तथा एक पक्ष में 'विजय की गलत धारणा' पैदा करना होगा। इससे वंचित पक्ष में और कड़वाहट पैदा हो सकती है। ऐसा परिदृश्य राष्ट्रीय सद्भावना तथा देश के भविष्य के लिए ठीक नहीं होगा। आयोग के निर्णय को सभी समुदायों द्वारा पूरी तरह व अंतिम रूप से स्वीकार करना होगा। हिंदू मंदिरों व पूजास्थलों संबंधी समस्या लगातार जारी है। 17 अगस्त, 2023 को यह लेख लिखने के समय मथुरा में अशांति का अनुभव हो रहा था। रेलवे यहां अपनी विधिक स्वामित्व वाली भूमि पर कब्जा प्राप्त करना चाहती है जो संयोग से कृष्ण जन्मभूमि के निकट है। इस भूमि पर अवैध रूप से बनी 135 झुग्गी-झोंपड़ियों को नष्ट किया गया जिससे वहां रहने वाले परिवार बेघर हो गए।

उनका दावा है कि वे वहां लगभग सौ साल से रह रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय में स्थगनादेश की याचिका के साथ ही वे अस्थाई टेंटों में चले गए हैं। नई दिल्ली में सुनहरी बाग के निकट चौराहे पर ऐसा ही एक विवाद खड़ा हो गया है क्योंकि सेंट्रल विस्टा व नया संसद भवन बनने के बाद यह चौराहा महत्वपूर्ण हो गया है। पहले वहां एक पुरानी कब्र थी जिस पर चौराहा बनने के बाद एक छोटी मस्जिद बना दी गई। पिछले 42 साल में मैंने देखा कि मस्जिद का विस्तार हुआ और अब यह पूरे चौराहे पर छा गई है। नई दिल्ली नगर निगम ने अब यह चौराहा खाली करने के आदेश दिए हैं। विडंबना है कि यह मामला भी अदालत पहुंच गया है।

# सोशल मीडिया की आध्यात्मिक प्रगति आवश्यक

> सोशल मीडिया की त्वरित संतुष्टि संस्कृति जटिल आध्यात्मिक प्रश्नों के त्वरित समाधान की खोज को बढ़ावा दे सकती है।

**स्वामी आनंद अरुण**
(लेखक, ओशो तपोबन इंटरनेशनल कम्यून के संस्थापक हैं)



हम जिस तेज़-तर्रार डिजिटल युग में रह रहे हैं, सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, खासकर आज के युवाओं के लिए। हालांकि ये प्लेटफ़ॉर्म कनेक्टिविटी, सूचना साझाकरण और नेटवर्किंग जैसे कई लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन वे कुछ चुनौतियां भी पेश करते हैं, खासकर जब ऑनलाइन जुड़ाव और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखने की बात आती है।

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ने हमारे संचार के तरीके में क्रांति ला दी है, जिससे हम दुनिया भर में दोस्तों, परिवार और समान विचारधारा वाले व्यक्तियों से जुड़ सकते हैं। इन प्लेटफार्मों की तात्कालिक प्रकृति वास्तविक समय की जानकारी साझा करने को बढ़ावा देती है और हमें नवीनतम रुझानों, समाचारों और घटनाओं पर अपडेट रखती है। हालांकि, इस तरह की निरंतर कनेक्टिविटी के साथ, डिजिटल और वास्तविक दुनिया के बीच की सीमाएं धुंधली हो सकती हैं, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं के मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक कल्याण पर संभावित नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। परिणामस्वरूप, तुलना की संस्कृति का उदय होता है , जहां व्यक्ति अपने जीवन, उपलब्धियों और आध्यात्मिक यात्राओं की तुलना दूसरों से करते हैं।

इससे अपर्याप्तता, ईर्ष्या और आध्यात्मिक अपर्याप्तता की भावना पैदा हो सकती है। कई सोशल मीडिया इंटरैक्शन सतही और क्षणभंगुर होते हैं। सतही स्तर की चर्चाओं में संलग्न रहने से व्यक्तियों को गहरी दार्शनिक और आध्यात्मिक अवधारणाओं की खोज करने में बाधा आ सकती है जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।



सचेत स्क्रॉलिंग की दिशा में पहला कदम आत्म-जागरूकता विकसित करना है। यह समझना कि सोशल मीडिया हमारे विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को कैसे प्रभावित करता है, हमें अपने उपयोग के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाता है। नियमित रूप से यह आकलन करना कि हम इन प्लेटफार्मों पर कितना समय बिताते हैं और यह हमारी मानसिक स्थिति को कैसे प्रभावित करता है, यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम एक स्वस्थ डिजिटल जीवन शैली बनाए रखें। एक बार जब आत्म-जागरूकता पैदा हो जाती है, तो सीमाएं निर्धारित करना आवश्यक हो जाता है। सोशल मीडिया के उपयोग के लिए विशिष्ट समय-सीमा स्थापित करने और हमारे दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी-मुक्त क्षेत्र निर्धारित करने से युवा व्यक्तियों को उनकी आध्यात्मिक यात्रा से जुड़े रहने में मदद मिल सकती है। ऑनलाइन और ऑफलाइन अनुभवों के बीच स्पष्ट अंतर बनाकर, व्यक्ति चिंतन, मनन और व्यक्तिगत विकास के लिए जगह प्रदान कर सकता है। आध्यात्मिकता के लिए डिजिटल युग का सबसे महत्वपूर्ण लाभ वह आसानी है जिसके साथ साधक दुनिया भर के आध्यात्मिक नेताओं से आध्यात्मिक शिक्षाओं और प्रथाओं तक पहुंच सकते हैं। रमण महर्षि, योगानंद, विवेकानन्द, बुद्ध और सदियों से चले आ रहे सभी आध्यात्मिक गुरुओं की शिक्षाएं अब आसानी से उपलब्ध हैं। इन संसाधनों का लाभ उठाना हम पर निर्भर है। अब भौगोलिक बाधाओं से सीमित नहीं, व्यक्ति अब ऑनलाइन उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके स्वतंत्र रूप से अपनी आध्यात्मिक यात्रा शुरू कर सकते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने साधकों और आध्यात्मिक नेताओं के लिए एक आभासी बैठक का मैदान प्रदान किया है, जिससे वास्तविक समय की बातचीत और मार्गदर्शन की सुविधा मिलती है, जिससे दोनों के बीच की दूरी कम हो जाती है।

ध्यान, योग और प्राणायाम को दैनिक जीवन में एकीकृत करने से व्यक्तियों को सांसारिक विकर्षणों से उबरने की अनुमति मिलती है। ध्यान, योग और प्राणायाम व्यक्तियों को अपना ध्यान अंदर की ओर लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। नियमित ध्यान और योग अभ्यास से भौतिक संपत्ति और इच्छाओं से वैराग्य की भावना पैदा हो सकती है।

सोशल मीडिया की त्वरित संतुष्टि संस्कृति जटिल आध्यात्मिक प्रश्नों के त्वरित समाधान की खोज को बढ़ावा दे सकती है। हालांकि, सच्चे आध्यात्मिक विकास के लिए धैर्य, समर्पण और स्थिर प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। यद्यपि आध्यात्मिकता की यह विकसित होती प्रकृति किसी के व्यक्तिगत विकास और मूल्यांकन के लिए प्रचुर संभावनाएं प्रदान करती है, आभासी और वास्तविक जीवन दोनों में बातचीत में अपूर्णता और प्रामाणिकता को अपनाने से व्यक्ति केवल अपने जीवन की सार्थक यात्रा में वास्तविक संबंधों की ओर ले जा सकता है। इसलिए, अत्यधिक सावधानी और सकारात्मक विकल्पों के साथ, एक व्यक्ति अपने आध्यात्मिक विकास के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का अधिकतम लाभ उठा सकता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर, उज्जवल और अधिक दयालु दुनिया बना सकता है।

## आप की बात

### जलवायु परिवर्तन

**जो लोग** जलवायु परिवर्तन वाले सिद्धांत पर यकीन नहीं करते उनका यही दावा रहा है क्या 19 वीं और 20वीं सदी में जंगलों में आग नहीं लगती थी? क्या उन जमाने में तूफ़ान, भूस्खलन व बाढ़ जैसे आपदाएं नहीं आया करती थीं? मगर इन महानुभावों को कौन बताए कि ये सभी प्राकृतिक आपदाएं तभी से आ रहीं हैं जबसे इस धरती पर जीवन का जन्म हुआ। मगर तब ऐसी आपदाएं जीवन में एक बार वाला अनुभव होती थीं। मगर जिस तीव्र गति से व जिस निरंतरता के साथ धरती पर मौसमी उथलपुथल पिछले एक दसक से मचा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। वर्ष 2023 के अगस्त में लगभग हर महाद्वीप में दावानल न सिर्फ जंगलों में फैला है बल्कि अब ये शहरों के तरफ भी तेज़ी से बढ़ रहा है। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया, केलोना व येलोनाइफ़ शहर से लाखों लोग घरबार छोड़कर पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। येलोनाइफ़ की पूरी 20 हज़ार आबादी पलायन कर चुकी है। सप्ताह भर पहले अमेरिकी राज्य हवाई के लहाइना शहर में आग के कारण सौ से अधिक लोग मर गए हैं और सैकड़ों लापता हैं। प्रकृति अब खुलकर अपने साथ मानव द्वारा किए दुर्व्यवहार का बदला ले रही है। समय आ गया है कि सारी दुनिया इस चेतावनी को अच्छी तरह समझ ले।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### चुनावी रेवड़ियां

**अरविंद केजरीवाल** ने छत्तीसगढ़ में कहा कि हमारी सरकार आई तो शिक्षा, इलाज व 300 यूनिट तक बिजली फ्री होगी। शिक्षा, इलाज, शहीदों को मुआवजा, दुर्घटना में घायल को फ्री इलाज, कर्मचारियों की ठेका प्रथा बंद करना आदि तो ठीक है किन्तु युवाओं को सरकारी नौकरी, हर बेरोजगार को रोजगार व 10 लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी तथा नौकरी न मिलने तक 3000 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता, 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 रुपये हर माह सम्मान निधि जैसे हवा-हवाई वादे वे न करेंण् क्योंकि इन्हें पूरा करने के लिए धन चाहिए। पहले से ही 82,125 करोड़ से भी अधिक का कर्ज राज्य सरकार पर चढ़ा हुआ है। ऐसे में मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों के सब्जबाग सभी पार्टियों को दिखाना बंद करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि मुफ्त की रेवड़ियां जहाँ लोगों को आलसी बना रही है वहीं वे देश के विकास में भी बाधक बन रही हैं। आप समेत सभी दलों को चुनावी रेवड़ियां बांट कर सत्ता पर कब्जे के बजाय देश-प्रदेश के समग्र विकास की योजनायें बना कर जनता में समझदारी का विकास करना चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### प्राकृतिक आपदायें

**हिमाचल प्रदेश** में भरी वर्षा, भूस्खलन व बाढ़ से भारी जन-धन हानि हुई। शिमला, मंडी व सोलन जिले ज्यादा प्रभावित हुए। पहाड़ों में दरार आने पर प्रभावित लोगों के घर प्रशासन द्वारा खाली करवा दिए गए ताकि और जन-धन हानि न होने पाए। प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए अभी से देश में पहाड़ो के सभी क्षेत्रों में आपदा से सुरक्षा के बंदोबस्त प्रारंभ कर देने चाहिए। वैसे राहत अभियान चलाया जा रहा हैं, लेकिन पहाड़ों को वर्षा पूर्व जहाँ आवश्यकता हो व भूस्खलन होने की संभावना हो वह पर सुधार किया जाना चाहिए। ऐसा कर बादल फटने व भारी वर्षा से होने वाले विनाश को कम किया जा सकता है। इसके लिए सभी प्रदेशों के पहाड़ी क्षेत्रों में जहाँ सर्वाधिक वर्षा होती है, वहाँ पर अवरोधी संरचनाओं तथा अन्य कोशिशों पर ध्यान देकर वहाँ पर प्राकृतिक आपदाओं को सहन करने वाला क्षेत्र बनाया जाना चाहिए। देश के सभी क्षेत्रों में बेलगाम निर्माण कार्यों पर केन्द्रीय स्तर पर लगाम लगाई जानी चाहिए तथा निर्देशों के समुचित पालन के लिए ड्रोन मैंपिंग, आदि तकनीकों का सहारा लेना चाहिए। इससे नुकसान घटाया जा सकता है।

– **संजय वर्मा,** धार

### भाषणी साफ्टवेयर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने ने देश भर में भाषणी सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने की बात कही है। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई के माध्यम से यह देश की सभी भाषाओं का सभी भाषाओं में अनुवाद कर सकेगा। इससे बोलने वाला अपनी भाषा में बोल सकेगा और सुनने वाले को उसकी भाषा में वह बात सुनाई देगी। मोदी सरकार का यह बेमिसाल काम है । हमारे देश में अक्सर भाषाओं को लेकर विवाद, झगड़ा और दंगे तक होते रहे हैं। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी अंग्रेजी को प्राथमिकता दिए जाने से देश के बहुसंख्य आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भाषणी जैसे साफ्टवेयर के माध्यम से हर प्रदेश और हर भाषा जानने वाले स्टूडेंट अपनी मनचाही भाषा में पढ़ाई व तकनीक सीख कर अनेक परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। इस साफ्टवेयर का सर्वाधिक लाभ देश के विभिन्न भागों में जाने वाले पर्यटक तथा उनको सेवा देने वाले होटल, एजेंट, व्यापारी, टैक्सी चालक, आदि उठा सकेंगे। इससे सभी भारतीयों की समझ, परस्पर विश्वास व सद्भावना बढ़ेगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# बैंकों से उद्योगों को सबसे अधिक धनराशि देने वाला प्रदेश बना यूपी: मुख्यमंत्री

● निजी औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए विकासकर्ताओं को प्रथम किस्त के तहत 1137 लाख का चेक किया वितरित

## सीएम योगी ने विश्व उद्यमिता दिवस पर किया सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि छह वर्ष पहले तक यह बीमारू प्रदेश माना जाता था। कोई यूपी आना नहीं चाहता था। यूपी का नाम सुनकर लोगों में भय पैदा होता था लेकिन अब परिदृश्य बदल गया है। आरबीआई व नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यूपी देश के अंदर सर्वाधिक निवेश करने वाले प्रदेश के साथ ही सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने व बैंकों से सबसे अधिक उद्योगों को धनराशि देने वाला प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री सोमवार को विश्व उद्यमिता दिवस पर सूक्ष्म, उद्यम इकाइयों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए लोकभवन में मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना का बटन दबाकर शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही सीएम ने प्लेज पार्क योजनान्तर्गत झांसी, हापुड़ व संभल में निजी औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए विकासकर्ताओं को प्रथम किस्त के तहत 1137 लाख रुपये का चेक वितरित किया। सीएम ने विश्व उद्यमिता दिवस व नागपंचमी की बधाई भी दी। सीएम ने कहा कि यह यह बदलाव अचानक नहीं आया है। इसके पीछे पीएम मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन के साथ प्रदेश सरकार ने बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक तबके को शासन की योजना से जोड़कर प्रत्येक इन्वेस्टर्स पार्टनर्स को सुरक्षा का विश्वास दिलाया। इसीका परिणाम है कि यूपी देश-दुनिया में सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में जाना जा रहा है। इसकी पृष्ठभूमि 2018 में तैयार हुईए जब पीएम मोदी ने यूपी के पहले जीआईएस का उद्घाटन किया था। यूपी ने उससे पहले अपने पहले स्थापना दिवस पर ओडीओपी की नई योजना प्रारंभ की थी। उपेक्षित व दम तोड़ रहे इस सेक्टर को कहीं प्रदूषण, कहीं बिजली व अन्य विभागों की उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा था। तब हमारी सरकार ने तय किया था कि औद्योगिक निवेश के सबसे बड़े गंतव्य के रूप में स्थापित होना है तो हमें अपनी ताकत को पहचानना होगा और हमारी ताकत हैं यूपी के क्लस्टर। एमएसएमई का क्लस्टर अलग-अलग क्षेत्रों में लगभग बंदी के कगार पर था। मगर छह वर्षों में हुए प्रयासों का परिणाम है कि यूपी के एक्सपोर्ट्स तीन गुना बढ़े हैं। कोरोना का मुकाबला करते हुए भी यह उपलब्धि यदि तीन गुना होती है तो यह निश्चित है कि आने वाले पांच वर्ष में यूपी वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी होगी।

सीएम ने आरबीआई व नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक सप्ताह के भीतर आईं रिपोर्ट्स पढ़कर उन लोगों की आंखों खुलनी चाहिएए जो कहते हैं कि यूपी में क्या बदला है। उन्हें बताइए कि सुरक्षा की गारंटी देने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। यूपी निवेश के सबसे बड़े गंतव्य के रूप में उभरता हुआ राज्य है। बैंकों की सेवाओं को बेहतर तरीके से उद्यमियों तक पहुंचाने वाला अग्रणी व सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित करने वाला राज्य यूपी है। हमने बीमारू राज्य से उभारकर यूपी को विकसित राज्य की ओर अग्रसर कर दिया। अलग-अलग सेक्टरों में यूपी सरकार ने व्यवस्थित रूप से कार्य प्रारंभ किया तो परिणाम सामने है। सीएम ने कहा कि पहली बार एमएसएमई विभाग द्वारा निजी औद्योगिक पार्कों को विकसित करने का कार्य हो रहा है। यहां से तीन पार्कों को सरकार के इंसेंटिव उपलब्ध कराए। तीन नए निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए आज इंसेंटिव पार्क के चेक दिलाए गए। आज 10 से 50 एकड़ के पार्क तैयार होने के साथ औद्योगिक भूखंड क्रय करने पर शत-प्रतिशत स्टैंड ड्यूटी की छूट सरकार उपलब्ध करा रही है। पार्क विकसित करने पर 50 लाख रुपये प्रति एकड़ का विकास करने पर एक प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ऋण की व्यवस्था है। विकसित होने वाले पार्क में 75 फीसदी भूखंड एमएसएमई इकाइयों के लिए आरक्षित होंगे।

### नागपंचमी हर व्यक्ति के अंदर छिपी आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक

**नागपंचमी** पर्व शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि नागपंचमी जीव-जंतु व प्रकृति के प्रति प्रेम व अनुराग का पर्व है, लेकिन आध्यात्मिक दृष्टि से हर व्यक्ति के अंदर छिपी आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक भी है। उद्यमी उस शक्ति को समेटकर अपनी अद्भुत कृति से समाज व देश के सामने अपने पुरुषार्थ को प्रकट करता है तो सफल उद्यमी के रूप में उसकी गिनती होती है। विश्व उद्यमिता दिवस व नागपंचमी का यह अद्भुत संयोग है।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कालीदास मार्ग स्थित शिविर कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक.एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस मौके पर उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार .बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलाधिकारियों व अन्य जिलों के सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

# हथकरघा क्षेत्र में महिलाओं का बड़ा योगदान: राकेश सचान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## नई वस्त्रोद्योग नीति महिलाओं को उद्योग लगाने के लिए भूमि क्रय पर 100 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट



**सूक्ष्म,** लघु एवं मध्यम उद्यम, रेशम, हथकरघा तथा खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र में महिलाओं का बड़ा योगदान है। राज्य सरकार द्वारा वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई वस्त्रोद्योग नीति लागू की गई है। इसमें महिलाओं को उद्योग लगाने के लिए भूमि क्रय पर 100 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट तथा विपणन और प्रोत्साहन समेत अन्य आकर्षक प्राविधान किये गये हैं। मंत्री राकेश सचान ने यह बात सोमवार को गोमतीनगर स्थित एक होटल में फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर द्वारा आयोजित दो दिवसीय टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में महिला उद्यमियों को सम्बोधित कर रहे थे।

टेक्सटाइल कॉन्क्लेव का विषय बनारस था। इस अवसर पर उन्होंने 'तू ही जहां' सांग एवं बनारसी बीट्स को लांच किया। उन्होंने कहा कि यूपी को टेक्सटाइल्स क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए पोर्ट तक सामान ले जाने पर सहायता उपलब्ध कराई जा रहा है। उन्होंने कहा कि बनारस जनपद साड़ी उत्पादन में देश में सबसे आगे है। यहां पर उद्यमियों को बाहर से रेशम आयात करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने 5000 टन कच्चा माल कर्नाटक सरकार के सहयोग से उद्यमियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। साथ ही अटल बिहारी बाजपेई विद्युत फ्लैट रेट योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 500 करोड़ रुपये बजट का प्राविधान किया गया है। राकेश सचान ने कहा कि उद्यमियों की सुविधा के लिए लखनऊ में पीएम मित्र पार्क बनाया जायेगा और शीघ्र प्रधानमंत्री से शिलान्यास कराया जायेगा। पार्क के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 500 करोड़ रुपये बजट का प्राविधान भी किया गया है। इस पार्क के स्थापित होने से वस्त्रोद्योग क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 65 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव टेक्सटाइल्स क्षेत्र में मिले है। इनके ग्राउण्ड ब्रेकिंग की तैयारी चल रही है। कार्यक्रम फिक्की की चेयरपर्सन लखनऊ चैप्टर एण्ड द एक्सक्यूटिव कमेटी स्वाती वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला उद्यमी मौजूद रहीं।

### मनीषा अहलावत नारी शक्ति संगठन महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीषा अहलावत को नारी शक्ति संगठन महिला प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह जानकारी सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने लखनऊ में दी है। उनके मनोनयन पर राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई एव शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी।

### तकनीकी ज्ञान की दक्षता जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में अध्यासितों तथा कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों तथा उनके बच्चों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के लिए आए सभी विद्यार्थी लगन से सीखेंए सभी कक्षाएं अटेंड करें और प्रशिक्षण में दक्षता हासिल करें। उन्होंने कहा कि आज हम सब तकनीकी युग में हैं और भारत जिस तेजी से डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ रहा हैए उससे पूरा विश्व प्रभावित है। इस क्रम में राज्यपाल ने प्रशिक्षण के लिए आए बच्चों को जी.20 सम्मेलन के दौरान जर्मनी से आए प्रतिभागी द्वारा भारत की ई.पेमेंट प्रणाली की दक्षता पर व्यक्त आश्चर्य और विजेता मुद्रा की अभिव्यक्ति का प्रकरण भी बताया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान पर दक्षता हासिल करना जरूरी बताते हुए कहा कि ये प्रशिक्षण रोजगारपरक है और भविष्य में किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय इस प्रशिक्षण की योग्यता उनके लिए अहम होगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी दक्षता भविष्य में बढ़ते डिजिटाइजेशन के दौरान उन्हें साइबर सुरक्षा भी प्रदान करेगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों उको पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करके परीक्षा देकर प्रमाण.पत्र आवश्यक रूप से हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# स्वामी प्रसाद मौर्य पर फेंका गया जूता, आरोपी की जमकर हुई पिटाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इन्दिरा** गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित महा सम्मेलन के दौरान अचानक उस समय अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया जब वकील के वेशभूष में आए एक व्यक्ति ने कार्यक्रम के दौरान सपा राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंक दिया। आरोपी युवक वकील की वेश में आया था। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों और स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थकों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी गई। घटना से कार्यक्रम स्थल पर मची अफरातफरी को नियंत्रित करते हुए मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बड़ी मश्कत के बाद आरोपी युवक को भीड़ से बाहर निकाल कर बाहर ला सकी। इतनी देर में पूर्व मंत्री मौर्य के समर्थकों व भीड़ ने आरोपी युवक की जमकर पिठाई कर दी जिससे वह लहूलुहान हो गया। भीड़ के हाथ से आरोपी युवक को छुड़ाकर पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू की। आरोपी युवक ने अपना नाम आकाश सैनी बताया। आरोपी ने बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्य के हालिया बयानों से वह काफी दुखी था। वह पूजा-पाठ करने वाला व्यक्ति है। ऐसे में स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस प्रकार के बयानों से हमें बहुत तकलीफ हुई। इसलिए, हमने इस तहर से अपना विरोध जताया। भीड़ की पिटाई से घायल आरोपी को पुलिस किसी तरह बचाकर अपने साथ ले गई।

# भाजपा सरकार ने 2014 व 2019 में जो वादे किये थे सभी झूठे निकले: किरनमय नन्दा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा ने आए हुए सभी जोनल प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव अहम है। संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए हम सब लोग मिलकर परिवर्तन लाने का काम करेंगे। किरनमय नंदा ने कहा कि सेक्टर व बूथ को मजबूत बनाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और समाजवादी पार्टी की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताकर पार्टी के पक्ष में वोट दिलाने का कार्य करें।

नंदा ने कहा कि भाजपा सरकार ने 2014 व 2019 में जो जनता से वादे किये थी सभी झूठे निकले। जनता से किया हुआ कोई भी वादा भाजपा ने पूरा नहीं किया है। बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, अपराध, अन्याय, भ्रष्टाचार चरम पर है। महिलाएं, बेटिया असुरक्षित हैं। किसान, व्यापारी, नौजवान, छात्र सभी परेशान है। समीक्षा बैठक में पूर्व मंत्री व प्रभारी आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव, जिलाध्यक्ष लखनऊ जयसिंह जयंत, जिलाध्यक्ष सीतापुर छत्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक अम्बरीश पुष्कर, हरगोविन्द भार्गव, राजेन्द्र यादव, राजबाला रावत, सोनू कन्नौजिया आदि उपस्थित थे।

# पिछड़े नहीं पिछड़ा बना दिया गया: अखिलेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हम कभी पिछड़े नहीं थे। साजिशों से हमारा समाज पिछड़ा बना दिया गया हैं, लेकिन अब पिछड़ा और दलित समाज जागरूक हुआ है। अपने अधिकारों की मांग कर रहा है। हर क्षेत्र में आगे आ रहा है इसीलिए भाजपा घबराई हुई है और वह किसी भी हद तक साजिश और षडयंत्र कर सकती है। भाजपा से सावधान रहना होगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात सोमवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में पिछड़े समाज में जन्में महापुरूषों के विचार और वर्तमान राजनीतिक परिवेश में उनकी प्रासंगिकता विषय पर आयोजित एक दिवसीय महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही।

सम्मेलन में पूरे प्रदेश से मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, सैनी समाज के विधायक, पूर्व विधायक, पदाधिकारी, नेता और प्रतिनिधि मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि सम्मेलन में मौजूद लोग तथागत गौतम बुद्ध के विचारों को मानने वाले और चक्रवर्ती सम्राट चन्द्र गुप्त मौर्य एवं चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य के वंशज हैं। समाज सुधारक ज्योतिबा फूले तथा सावित्री बाई फुले का स्मरण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने उनके चित्रों पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने कहा कि जो समस्या आपकी है, वही हमारी भी है। आपके समाज को अपने साथ बराबर खड़ा करेंगे। राजनीतिक और सामाजिक हैसियत में पीछे नहीं रखेंगे। हमें भरोसा है कि यहां पर जो नेता आये हैं और समाजवादी पार्टी के साथ जो लोग हैं सब भाजपा का मुकाबला कर लेंगे। जो लोग दूसरे के स्टूल की बात करते थे उन्हें आज खुद स्टूल नहीं मिल रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस समाज का अतीत और इतिहास ऐसा है कि यह कभी पिछड़ा नहीं था। लेकिन हजारों साल पहले हुई साजिश के कारण पिछड़ गया। यह लड़ाई हजारों साल की है खत्म नहीं हुई, अभी जारी है। सामाजिक न्याय की लड़ाई बड़ी है। जातीय जनगणना सामाजिक न्याय की लड़ाई की अगली कड़ी है। समाजवादी लोग लम्बे समय से जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। लोकसभा में मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू प्रसाद यादव समेत दक्षिण भारत के नेताओं ने मांग की थी और उस समय की सरकार ने जातीय जनगणना कराने के लिए स्वीकार किया था। लेकिन आंकड़े नहीं जारी हुए थे। उन्होंने कहा कि हम समाजवादी लोग चाहते हैं कि जातीय जनगणना हो, और सभी जातीयों को उनकी आबादी के अनुपात में हक और सम्मान मिले। लेकिन जिनकी संख्या आबादी में बहुत कम है वही जातीय जनगणना नहीं होने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता को 2022 के चुनाव में धोखा दिया गया और अब 2024 के लोकसभा चुनाव का इंतजार कर रही है। देश में इंडिया गठबंधन बनने के बाद भाजपा में घबराहट है। इंडिया के साथ पीडी, खड़ा है जो लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगा। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने लाल किले से भारत को विकसित देश बनाने का सपना दिखाया। लेकिन जब देश की 85 फीसदी आबादी गरीब, पिछड़ी और अपने हक और सम्मान से वंचित रहेगी तो देश कैसे विकसित बनेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज को धन, धरती और शिक्षा से वंचित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# अयोध्या में बनेगा हिंदू मंदिरों की गौरवगाथा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय

● मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर्यटन विभाग तैयार कर रहा मंदिर संग्रहालय के निर्माण की कार्ययोजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**श्रीराम** जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य मंदिर आकार लेने लगा है। वहीं देश के अन्य मंदिरों का कायाकल्प करते हुए उन्हें भव्य स्वरूप प्रदान करने का कार्य भी हो रहा है। वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम हो, उज्जैन का महाकाल मंदिर हो या केदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर, आस्था और विरासत का सम्मान तो हो ही रहा है, सनातन धर्म के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने का महाअभियान भी इसके जरिए तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाधा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने में जुट गया है। इस मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी आयोध्या में किया जाना है।

सनातन धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। आम धारणा के विपरीत सनातन धर्म किसी एक विशेष संप्रदाय तक ही सीमित नहीं हैए बल्कि इसे संप्रदायों के समुच्चय के रूप में माना जाता है। सनातन धर्म एक व्यापक विचारधारा वाली समझ है। इसमें पूजा, आराधना और अपने ईष्ट से जुड़ने के भी कई मार्ग हैं। भारत के कोने कोने में फैले असंख्य मंदिरों के जरिए सनातन धर्म और इसकी विविधता को सदियों से अभिव्यक्ति मिलती रही है। उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक वास्तुकला की दृष्टि से भारतीय मंदिर बेजोड़ माने जाते हैं। दुनिया भर के विशेषज्ञों ने भारतीय मंदिरों पर अनेक परीक्षण किए और इस विषय पर अध्ययन करते हुए कई शोध साहित्य भी प्रकाशित किये गये हैं। अपने स्थापत्य की भव्यता से परेए भारतीय मंदिर संस्कृति की अभिव्यक्तियां भी हैं। भारतीय संस्कृति की आत्मा का प्रत्येक घटक देश के मंदिरों में मिलता है। भारतीय मंदिरों की इन बहुआयामी सोच को अब योगी सरकार मंदिर संग्रहालय के जरिए दुनिया के सामने लाने जा रही है। अयोध्या में 5 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित मंदिर संग्रहालय को लेकर योगी सरकार की ओर से कदम आगे बढ़ा दिया गया है। भारतीय मंदिरों और शानदार मंदिर वास्तुकला के इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे यूपी पर्यटन विभाग का लक्ष्य है कि सनातन संस्कृति को समग्र रूप से परिलक्षित करने वाले मंदिर परिसरों के महत्व से दुनिया परिचित कराया जाए। किसी मंदिर को किसी खास स्थान पर क्यों निर्मित किया गया और उनके निर्माण के पीछे के दर्शन के बारे में खासकर युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें प्राचीन भारत की तकनीकी प्रगतिए भारतीय मंदिरों को उनकी पूजा-पद्धति से जोड़ते हुए उनके महत्व को सामने लाना, शैक्षणिक संस्थान, जिसमें मठ और पीठ शामिल हैं, इसके अलावा विभिन्न शैलियों में निर्मित मंदिरों के उत्कृष्ट उदाहरणों को प्रदर्शित करना और भारतीय मंदिरों की स्थापत्य विरासत के बारे में दुनिया को बताना शामिल है। प्रस्तावित संग्रहालय को 12 दीर्घाओं में विभाजित किया जाएगा। ये दीर्घाएं अपनी सहज कलात्मकता से आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। इसके अलावा ये दीर्घाएं मंदिरों के वैज्ञानिक और दार्शनिक पहलू के साथ ही गर्व और श्रद्धा की भावना भी जगाएंगी। इन 12 दीर्घाओं में सनातन धर्म में भगवान की अवधारणा, पूजा पद्धति के पीछे छिपा दर्शन, पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों की जरूरत, मंदिरों की वास्तु और शिल्पकला, मंदिरों के कर्मकांड के पीछे का दर्शन, पूजा-अर्चना से आगे भी मंदिरों की सामाजिक उपयोगिता, भारतीय मंदिरों के मूल तत्व, मंदिर निर्माण तकनीक और उच्चकोटि का वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विविध प्रकार के मंदिरों की स्थापत्य कला, भारतीय मंदिर आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्रए भारत भूभाग के विशिष्ट मंदिर और पूरी दुनिया में मौजूद हिन्दू मंदिरों की जानकारी को प्रदर्शित करने वाली दीर्घाओं का निर्माण होगा। मंदिर संग्रहालय में 12 दीर्घाओं के अलावा सुंदर बाग और तालाब, कैफेटेरिया और बेसमेंट पार्किंग की भी सुविधा रहेगी।

# नए जीवन को आकार देने वाली बेटियों का मना जन्मोत्सव

**● खीरी में उत्साह, उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव, लिया बेटियों को बचाने पढ़ाने का संकल्प**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी




**मैं** बेटी हूं। मुझे संसार में आने दो। मैं ही तो वह हूं, जिससे वंश की अवधारणा पूरी होती है और नया जीवन आकार लेता है। मैं हर परिवार के सुख का आधार हूं । मेरे बिना मानव जीवन की कल्पना अधूरी है। बेटी के इसी महत्व को बताने व समाज में बेटियों को लेकर पनपे भेदभाव मिटाने के लिए सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के साथ ही माताओं को कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए सजग प्रहरी की शपथ भी दिलाई गई।

महिला कल्याण विभाग लखीमपुर खीरी द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में सोमवार को जन्मी कन्याओं का जन्मोत्सव मनाकर माताओं को कन्या भ्रूण हत्या, बेटा-बेटी में भेदभाव मिटाने को सजग प्रहरी की भूमिका निभाने का आवाह्न किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ज्योति मल्होत्रा ने नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए।

सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि आज समाज में ऐसे कई उदाहरण हैं कि बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। प्रदेश सरकार बेटियों के जन्म पर उत्सव मना रही है। इसका मकसद है कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा विष्ट ने कहा ने कहा कि जिले में बेटी के जन्म को लेकर कुछ परिवारों में आज भी उदासी है। बेटियों को कभी भी बेटों से कमतर नहीं समझना चाहिए। जिला समन्वयक श्रीमती निक्की गुप्ता ने कहा ने कहा कि कि सरकार ने लिंग अनुपात के अंतर को मिटाने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस मौके पर हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा सहित जिला महिलाचिकित्सालय के चिकित्सा एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**बेटी** के साथ जा रहे पिता को गोली मारने वाला मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास उस तमंचे को बरामद किया । मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस ने घेराबंदी की तो, आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी। उसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर बल प्रयोग कर उसको दबोच लिया। पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाबूजई में 25 साल का शोएब 13 अगस्त की शाम अपनी एक साल की बेटी को कंधे पर बैठाकर चीज दिलाने जा रहा था। तभी मोहल्ला गौहरपुरा निवासी आरोपी तारिक ने दो साथियों के साथ मिलकर उसके सिर में गोली मारी थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुख्य आरोपी फरार तारिक की गिरफ्तारी के लिए एसओजी टीम को जिम्मेदारी दी गई थी। बीती रात मुखबिर की सूचना पर डैम रोड उमरगंज के पास पुलिस ने घेराबंदी की। जहां पुलिस ने आरोपी तारिक को पकड़ने का प्रयास किया तो, आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। उसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से उस तमंचे को भी बरामद किया है। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि, उसके भाई मुशरान की शादी शोएब की पत्नी चांदनी से तय हुई थी, लेकिन उसके परिवार ने मेरे भाई से रिश्ता तोड़कर शोएब से तय कर दी थी। रिश्ता तोड़ने के कारण मेरे परिवार की बहुत बेइज्जती हुई थी। तभी मैंने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसको मारने का प्लान तैयार किया था।




पंजाब के अमृतसर का रहने वाला शोएब अपनी पत्नी चांदनी और एक साल की बेटी तैयबा के साथ अपने दादा के चालीसवें में आया था। 13 अगस्त की शाम एक रिश्तेदार के कार्यक्रम में शामिल होकर शोएब अपने दादा के घर आया और उसके बाद शोएब अपनी बेटी को चीज दिलाने के लिए उसको कंधे पर बैठाकर घर के बाहर निकला था। तभी तारिक ने अपने दो साथियों के साथ जाकर उसके सिर में गोली मारी थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। गोली लगते ही शोएब और कंधे पर बैठी बेटी जमीन पर गिर गई थी। शोएब को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज से बरेली रेफर किया गया और उसके बाद उसको दिल्ली के अस्पताल रेफर कर दिया गया । जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। वहीं गोली चलने से कारतूस के बारूद से कंधे पर बैठी बेटी का चेहरा भी झुलस गया था।

# माह सितंबर में पैक्स समितियों पर चलेगा सदस्यता महाभियान

**● अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए 23 अगस्त को होगी बैठक**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**सहकारिता** मंत्री उप्र द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 01 से 30 सितंबर के मध्य जनपद की समस्त बी. पैक्स समितियों पर सदस्यता महाअभियान चलाया जाना है, इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सहकारिता प्रभारी बृजबहादुर के मुख्य आतिथ्य में तथा जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक 23 अगस्त दिन बुधवार को समय 11 बजे पूर्वान्ह जिला पंचायत के सभागार में आहूत की जा रही है। यह जानकारी सहायक आयुक्त एवं निबंधक पीके शुक्ला ने दी।

उक्त बैठक में जिला सहकारी बैंक, जिला सहकारी संघ (डीसीडीएफ), केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार के संचालक मण्डल के समस्त सदस्यगणों, क्रय विक्रय सहकारी समितियों, सहकारी संघों, बी0पैक्स समितियों के समस्त अध्यक्षगणों, भूमि विकास बैंक के समस्त शाखा अध्यक्षों के साथ-साथ सदस्यता अभियान के जिला प्रमुख अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक विनीत मनार, सहप्रमुख अध्यक्ष डीसीडीएफ अनूप शुक्ला व जिला संयोजक विजय सिंह द्वारा सहभाग किया जायेगा।

एआरसीएस ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे कृपया उक्त निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में सहभागिता करने का कष्ट करें। जिससे बी0पैक्स समितियों के सदस्यता महाअभियान को सफल बनाया जा सके।

# शराब के अवैध कारोबार, तस्करी के विरूद्ध अभियान, 13 अभियोग दर्ज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**अवैध** मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से आबकारी आयुक्त उ0प्र0 के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं डीईओ राजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित प्रशासन, पुलिस, आबकारी महकमे की संयुक्त टीम ने सोमवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। जो 05 सितंबर तक चलेगा।

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये, इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 13 अभियोगो को पंजीकृत किया। 270 लीटर अवैध शराब और 860 किग्रा लहन बरामद की।



जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने मय स्टाफ के साथ ग्राम मोतीपुर ओयल, चिमनी थाना खीरी एवं ग्राम उधन्ना थाना कोतवाली सदर में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों और उनके आस पास के स्थानों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान प्लास्टिक के पाउचों में कच्ची शराब और पीपियों में लहन बरामद किया। मौके पर लहन को नष्ट करते हुए एक अभियुक्त को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ ग्राम बर्बर जंगल थाना पसगवां एवं ग्राम कंधरापुर, खाकिन थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों से कच्ची शराब और लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम खैरतिया, पुखरी, निंबोरिया थाना तिकोनिया में दबिश दी। दबिश में नाले और तालाब किनारे से कच्ची शराब प्लास्टिक की बोतलों में बरामद की गई, मौके पर एक अभियुक्त को कच्ची शराब बिक्रित करते हुए गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम पकरिया थाना पलिया में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थान से कच्ची शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम पकरिया, इटकुटी, कंपा टांडा, चंदपुरा थाना गोला में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों और खेतों से कच्ची शराब और लहन बरामद की। मौके पर लहन और भट्ठियों को नष्ट किया। मौके पर एक अभियुक्त को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम मानपुर, अल्लीपुर थाना नीमगांव में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घर से कच्ची शराब और लहन बरामद की। मौके पर पिपियों में भरी लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम लहबड़ी नाला थाना धौरहरा में दबिश दी। दबिश में नाला किनारे से कच्ची शराब और लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया।

# नगर आयुक्त ने गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने मघई टोला स्थित कान्हा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सुपरवाइजर सहित 03 गौ सेवक उपस्थित पाए गए। जिस पर नगर आयुक्त ने निर्देशित किया गया कि सभी गौसेवक ड्यूटी समय पर उपस्थित रहे।

कुल 290 गौवंश होना बताया गया, जिसमें से 03 गोवंश बीमार होना बताया गया जिनका इलाज किया जा रहा है। भूसा व चोकर पर्याप्त पाया गया। सम्बंधित द्वारा बताया गया कि सीवर लाइन खुदाई के कारण वाहन आने में दिक्कत आ रही है, जिस पर नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता जल निगम को तत्काल मार्ग सही करने हेतु निर्देशित किया । सफाई व्यवस्था को और अधिक ठीक किए जाने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया । निरीक्षण के समय कान्हा गौशाला में कार्यरत गौसेवक उपस्थित रहे।

## गीले कचरे को अलग अलग करने की अपनायी जा रही विधि को देखा

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के ककरा स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेंटर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय एम0आर0एफ0 सेंटर में कचरे के ठोस निस्तारण हेतु सूखे व गीले कचरे को अलग अलग करने की अपनायी जा रही विधि को देखा गया। इस मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि नगर क्षेत्र से नियमित रूप से आने वाले कूड़ा वाहन गाड़ी का कूड़ा एक व्यवस्थित स्थान पर डलवाया जाए। साथ ही एम0आर0एफ0 सेंटर पर कचरे के ठोस निस्तारण से सम्बंधित कार्यों के साथ-साथ निरीक्षण स्थल को साफ एवं स्वच्छ भी रखा जाए। निरीक्षण के समय ही कचरे के निस्तारण हेतु उपलब्ध शरेडिंग मशीन, वेलिंग मशीन आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कच्ची शराब सहित गिरफ्तार

निघासन - खीरी । अवैध शराब के निष्कर्षण वह विक्री के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक जीपी साहा के आदेशानुसार चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत राजस्थानी कोतवाली पुलिस बल ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाए जा रहे वारंटी , वांछित , संदिग्ध व्यक्तियों की गिरफ्तारी तथा अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे घर पकड़ अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकार राजेश कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामाधीन पुत्र मूलचंद निवासी ग्राम पुरैना को ग्राम पुरैना के पास स्थित मधुआ तालाब से पुलिस हिरासत में लिया गया है जबकि दूसरा अभियुक्त पंकज पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम पुरैना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाते हुए रफूचक्कर हो गया , पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त तालाब के किनारे एक भट्ठी के माध्यम से अवैध कच्ची शराब का निष्कर्षण कर रहे थे । मौके पर दो पिपियों में करीब 10 - 10 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी हुई।

## सही उपचार से कम हो सकता बालों का झड़ना

कानपुर। बाल झड़ने की समस्या काफी आम हैए जो महिला एवं पुरूष दोनों के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है। समय के साथ झड़ते बालों ने लोगों की मानसिक दशा पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। इस समस्या के निदान के लिये बाल झड़ने के कारण के बारे में जानना आवश्यक है। दरअसलए बाल झड़ने या कम होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें अनुवांशिक या पूर्व प्रवृति, विटामिन एवं मिनरल की कमी, त्वचा की समस्याए बाल बढ़ने में विकारए खराब खान.पानए हार्मोन से जुड़ी समस्याएं, कोई अंदरूनी बीमारीए नशीली दवाओं का प्रयोगए तनाव और अवसादए सौंदर्य प्रसाधनए प्रसव और कीमो थेरेपी शामिल हैं। इस बारे में स्किन एवं हेयर स्पेशलिस्ट डॉ, ममता भूरा कहती हैं कि श्बाल झड़ने से रोकने का इलाज एलोपेशिया के अलग.अलग प्रकारोंए विटामिन एवं मिनरल की कमी या अधिकता होने और बालों एवं बाह्य त्वचा की संरचना पर आधारित होता है।

# गृह राज्यमंत्री ने 551 लाभार्थियों को बांटे उपकरण

**संवाददाता।** निघासन

**सोमवार** को निघासन में दिव्यांगजन साइकिल उपकरण वितरण कार्यक्रम में 551 लाभार्थियों को मुफ्त 1046 उपकरण बांटे गए। इनमें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से लेकर कृत्रिम अंग और कैलिपर्स तक शामिल थे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के प्रयास से यह कैंप सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से लगाया गया था। इसमें तीन ब्लाकों के दिव्यांग शामिल किए गए थे।

कस्बे के उषा इवेंट गार्डेन में एडिप योजना के तहत लगाए गए इस कैंप में मौजूद लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा भाजपा सरकार ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए सबसे ज्यादा काम किए हैं। मोदी सरकार ने नौ सालों में लगातार प्रयास किए कि लोगों के जीवन की जरूरतें पूरी हों। उनकी सुविधाएं बढ़ें। सरकार ने हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के हर सिर पर छत, शौचालय, रसोई गैस, गांव तक सड़क, पेयजल मुहैया कराने का काम किया। पहले की



सरकारें तुष्टिकरण और वोटों की राजनीति के चलते टुकड़े-टुकड़े विकास कार्य करती थीं।

टेनी ने कहा कि हमने दो दिनों में दिव्यांगजन को ढाई करोड़ का सामान बांटा है। यूपीए सरकार ने अपने पांच सालों में 68 लाख लोगों को करीब एक हजार करोड़ रुपए के उपकरण बांटे थे। हमने पांच सालों के कार्यकाल में 6800 करोड़ रुपए से ज्यादा के उपकरण 2.60 करोड़ लोगों को बांटे हैं।

उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से पांच दिव्यांगों को फूलमालाएं पहनाकर ट्राईसाइकिल दीं। इसके बाद चिन्हित 551 लाभार्थियों को 92.94 लाख की लागत से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, फोल्डिंग व्हीलचेयर, बैशाखी, वाकिंग स्टिक, ब्रेल किट और कृत्रिम अंग व कैलिपर्स आदि 1046 उपकरण जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर, उपकरणों की आपूर्ति करने वाली कंपनी एलिम्को के कानपुर मार्केटिंग मैनेजर तरुण कुमार, एसडीएम राजेश कुमार आदि ने बांटे। लोगों को कनकपाल सिंह राना, चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य, विमल तिवारी, संगमलाल मिश्र, विनीत मनार और अरविंद सिंह संजय ने भी संबोधित किया। इस दौरान सीओ राजेश कुमार, सिंगाही चेयरमैन मो. कय्यूम, अमनदीप सिंह, दीपक तलवार, राजीव अग्रवाल, नगेंद्र सिंह सेंगर, दयाशंकर मौर्य, अशोक तिवारी और संजय गिरि आदि मौजूद रहे।

# कांवड़िए की नाले में डूबकर मौत

**● ट्रैक्टर ट्राली रुकवाकर नाले के पास शौच करने गया**

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**कांवड़िए** की नाले में डूबकर मौत हो गई। जलाभिषेक करके वापस लौट रहा कांवड़ियां ट्रैक्टर ट्राली रुकवाकर नाले के पास शौच करने गया था। पैर फिसलने से नाले में डूब गया। अन्य कांवड़ियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांवड़िए का शव नाले से बरामद कर लिया है। नाले से चंद कदम की दूसरी पर भाजपा सांसद का आवास भी है।

## कांवड़िए का पैर फिसलने से नाले में डूब गया

**फर्रुखाबाद।** जिले थाना नवाबगंज क्षेत्र के सिकंदरपुर नगरा गांव निवासी 30 साल का जीतू गोला में जलाभिषेक करने के बाद अन्य साथियों के साथ ट्रैक्टर ट्राली से वापस घर जा रहा था। चौक कोतवाली क्षेत्र के बरेली मोड़ के पास स्थित साउथ सिटी कॉलोनी के बाहर एक नाले के पास जीतू शौच करने के लिए चला गया। नाला इतना गंदा था कि उसको साफ जगह नहीं दिखी और कांवड़िए का पैर फिसलने से नाले में डूब गया। पुलिस ने मौके पर जाकर गोताखोर की मदद से नाले से शव को आधे घंटे में ही बरामद कर लिया। मौके पर किसी तरह का हंगामा न हो इसलिए पुलिस ने आनन-फानन में इलाज कराकर शव को राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां डॉक्टर ने कांवड़िए को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा।

## उप मुख्यमंत्री शाहजहांपुर के भ्रमण पर रहेंगे

**शाहजहांपुर।** उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को शाहजहांपुर के भ्रमण पर रहेंगे ग्राम चौपाल में भी सम्मिलित होंगे तदुपरांत विकासशील एवं निर्माण अधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे उप मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम में जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक भी शामिल है ।

# परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का शहीद दिवस मनाने की सहमति बनी

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**सामाजिक** संस्था अंजुमन इदरीसिया , शाहजहांपुर की बैठक परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के 58 वें शहीद दिवस की तैयारी व उसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए जला कोषाअध्यक्ष जनाब मोहम्मद शरीफ इदरीसी साहब (प्रो आर के बैट्री वाले ) के दौलत खाने पर हुई । जिसमें मुद्दों पर चर्चा हुई।

सभा में लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद नफीस इदरीसी साहब , राष्ट्रीय महासचिव इं अहमद मुबीन इदरीसी साहब , प्रदेश अध्यक्ष उ प्र जनाब नूर इदरीसी साहब, उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जनाब नफीस अनवर इदरीसी साहब द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किए गए जनाब मोहम्मद नकी इदरीसी साहब का जिला अध्यक्ष महबूब हुसैन इदरीसी व मौजूद सभी पदाधिकारियों ने फूल मालाएं



पहनाकर स्वागत किया । साथ ही जिला कमेटी का भी विस्तार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जनाब ताहिर अली इदरीसी साहब , हाजी मोहम्मद इकबाल इदरीसी साहब , डॉ जमील हसन इदरीसी साहब को संरक्षक , जनाब मोहम्मद हारून इदरीसी को जिला महा सचिव, जनाब नौशाद हसन इदरीसी साहब को उप कोषाध्यक्ष , जनाब सरताज मियां इदरीसी साहब को जिला सलाहकार , जनाब मोहम्मद अहमद इदरीसी साहब को जिला सचिव तथा जनाब मोहम्मद फहीम इदरीसी साहब , जनाब मोहम्मद आसिफ व महबूब हुसैन इदरीसी साहब को जिला अध्यक्ष महबूब हुसैन इदरीसी द्वारा मौजूदा जिम्मेदारों की आम राय व सहमति से मनोनीत किया गया । सभी नव मनोनीत ओहदेदारों का फूल मालाएं पहनाकर इस्तकबाल किया गया। मीटिंग के अंत में साहिब ए खाना जनाब मोहम्मद शरीफ इदरीसी साहब ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया । मीटिंग की अध्यक्षता जनाब ताहिर अली इदरीसी साहब ने की व संचालन स्वयं महबूब हुसैन इदरीसी ने किया ।

## आईटीआई चंदन चौकी में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 23 को

**लखीमपुर खीरी।** जिला सेवायोजन कार्यालय/मॉडल कॅरियर सेन्टर द्वारा शासन के निर्देशानुसार 23 अगस्त, को राजकीय आईटीआई, चन्दन चौकी में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहित कुमार ने दी। मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं।

उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण सेवायोजन एवं एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध है, सेवायोजन पोर्टल पर अपनी योग्यता अनुसार रोजगार मेला आईडी 8167 पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने बॉयोडाटा, के साथ राजकीय आईटीआई परिसर, चन्दन चौकी में प्रात: 10-30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं । उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया नि:शुल्क रहेगी।

# वाणिज्य जगत में डिजिटल तकनीकी के प्रयोग से आई क्रांति

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**एस** एस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन हो गया । समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए डी एन कॉलेज, मेरठ के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोव एस. के. शर्मा ने कहा कि वाणिज्य के क्षेत्र में डिजिटल तकनीकी के प्रयोग ने क्रांति ला दी हैप् इंटरनेट की सहायता से मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर पर दुनिया के सारे बाजार उपभोक्ताओं के लिए खुले हैंप् दुनिया के किसी भी हिस्से से खरीदारी करना संभव हुआ हैप् उन्होंने कहा कि जो छात्र इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग करना जानते हैं वह घर बैठे ऑन लाइन व्यापार कर सकते हैंप् डिजिटल तकनीक की जानकारी रखने वाले भारतीय युवाओं के लिए विदेशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हैंप् कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गोकुलदास महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि यह डिजिटल कामर्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग हैप् इसमें मनुष्य को तकनीकी का प्रयोग करना और मशीन से काम लेना आना चाहिए प् लेखांकन के क्षेत्र में कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग के उदय ने वित्तीय त्रुटियों और मानवीय चूकों को समाप्त कर दिया हैप् इसीलिए आधुनिक व्यवसायिक संस्थानों में कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग का प्रयोग बढ़ता जा रहा हैप् जिससे रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि हुई हैप् कार्यक्रम के अंत में शोध छात्रा कु. बृज लाली को तथा छात्र वर्ग से अखंड प्रताप सिंह को बेस्ट पेपर अवार्ड दिया गयाप् तकनीकी सत्रों में शोध पत्र पढ़ने वाले सभी छात्रों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए प् वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित कियाप् समापन सत्र में डॉ देवेंद्र सिंह डॉ.कमलेश गौतम, डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉ बरखा सक्सेना, डॉ आर के सिंह, डॉ एस के सिंह आदि शिक्षकों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# 13 लाख कीमत के गांजे समेत तीन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

●रैपुरा थाना पुलिस के हत्थे चढ़े तस्कर

●तमंचे, कारतूस, मोबाइल और स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त

**संवाददाता।** चित्रकूट



**मादक** पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना रैपुरा पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों के कब्जे से पचास किलो गांजा व दो तमंचे-कारतूस तथा तीन मोबाइल फोन और स्कार्पियो समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि 20 अगस्त की रात में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गुंता बांध पक्की सड़क से सफेद रंग की स्कार्पियो सीजी/04एनडी-8490 से 25 किलो गांजा व तमंचा, दो कारतूस, एक तमंचा, दो कारतूस, तीन मोबाइल फोन समेत परमेश्वर साहू पुत्र पंचराम साहू उर्फ बब्लू, ताम्रध्वज पटेल पुत्र झड़ीराम पटेल व सुशील पटेल पुत्र राजाराम पटेल निवासी पिसीद थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ को दबोचा। पूंछताछ में बताया कि बांधी थाना रैपुरा के लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार सिंह पुत्र हरीशचन्द्र के घर से भी 25 किलो गांजा बरामद किया। लल्ला सिंह मौके से भागने में सफल रहा।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ से पचास किलो गांजा लेकर यहां बेचने आये थे। लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार निवासी बांधी ने मंगाया था। 25 किलो गांजा लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार ने उनसे लेकर घर में रख लिया था। 25 किलो गांजा लेकर वे गुन्ता बांध में लल्ला सिंह के लाये ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे।

# नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे दर्जनों होटल

**रतन पटेल,** चित्रकूट



**पौराणिक** तीर्थ चित्रकूट में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रहीं है। धर्म नगरी में बिना मानक पूरे किये ही भ्रष्ट जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा होटल संचालन की अनुमति देकर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। रामघाट के आसपास संचालित अधिकांश होटलों में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और ही अग्नि शमन के पुख्ता इंतजाम किये गये है। लोगों ने शासन-प्रशासन से मानक को ताक में रखकर चल रहे होटलों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

अधिकांश होटल और गेस्ट हाउसों में सुरक्षा मानक के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बिना मानक देखे ही एनओसी देने में होटल मालिकों के साथ बड़ी दरियादिली दिखाई गई है। वहीं पार्किंग आदि के इंतजाम न होने के बावजूद होटल संचालन में जिला प्रशासन द्वारा इनके प्रति नरम रूख अपनाया गया है। होटल निर्माण से पहले संचालकों ने नक्शे तो बनवाए, लेकिन उसके अनुरूप निर्माण नहीं कराया। कुछ ने तो घरों को ही होटल में तब्दील कर दिया। चित्रकूट के रामघाट और रजौला मार्ग के आसपास संचालित करीब एक दर्जन से अधिक होटल मानक विहीन चल रहे है। अधिकांश होटलों में अग्निशमन विभाग के नियमों का अनुपालन नही किया जा रहा है। जिससे बड़ा जोखिम बना हुआ है।

# हरियाली तीज पर बिखेरा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंग

●धूमधाम से मना संस्कार भारती द्वारा आयोजित हरियाली तीज उत्सव

●कार्यक्रमों में नजर आई लोक संस्कृति की झलक

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**संस्कार** भारती द्वारा आयोजित हरियाली तीज उत्सव को धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। नगर के टाउनहॉल पार्क में आयोजित हरियाली तीज उत्सव कार्यक्रम देर शाम तक चला।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लोक गायिका आस्तिकी मिश्रा ने अम्मा मेरे बाबा को भेजी री, के सावन आया, व नन्ही-नन्ही बुंदिया रे, सावन का मेरा झूलना, तथा बांस की बांसुरिया लाला, कहां ते लायो रे...आदि सावन कजरी के गीतों का गायन किया। ढोलक पर थाप किरण त्रिवेदी ने दी। प्रीति तिवारी,रजनी लौंगवानी ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। कृष्ण के स्वरूप में स्नेहा श्रीवास्तव व राधा के स्वरूप में नंदिनी श्रीवास्तव ने राधिका गौरी से ब्रिज की छोरी से मैया कराद मेरो ब्याह, व मणिहारी का भेष बनाया, श्याम चूड़ी बेचने आया, आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। यशोदा के स्वरूप में नेहा सक्सेना रहीं। प्रिया वर्मा ने सभी के हाथों में मेहंदी लगाई।

कार्यक्रम में झूला,हरी चूड़ी पहनाकर, सावन गीत, मेंहदी रचा व हरे परिधान में मौजूद रहकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही पूरे कार्यक्रम में लोक संस्कृति की झलक दिखाई दी। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा हरियाली तीज एक लोक पर्व है, श्रावण मास में तीज के दिन को महत्वपूर्ण माना गया है। भारतीय संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण करने के उद्देश्य से हम इसे मनाते चले आ रहे हैं। कार्यक्रम की संयोजिका अर्चना द्विवेदी ने कहा कि भारत देश में हर पर्व विशेष महत्व रखता है, हरियाली तीज लोक पर्व है जिसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी दिन भगवान की आराधना कर महिलाए अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

# भारतीय किसान यूनियन ने मांगों को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**फर्रुखाबाद।** किसान यूनियन ने अपनी मांगों का ज्ञापन एडीएम को सौंपा भारतीय किसान यूनियन ने मांगों को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा किसान यूनियन आवास विकास निवासी हैं। उन्होंने राजू गुप्ता पुत्र स्व मोहन गुप्ता को निराला नगर बढ़पुर को उनका मकान खरीदने के लिए 150000 लाख बयाना दिया था। बाकी मकान का बैनामा कराने पर 4.10 लाख रुपए देने को कहा था। बाद में तहसील में मुआइना किया गया तो मकान राजू गुप्ता की मां के नाम से था इस पर उन्होंने राजू गुप्ता से मुआवजा का रुपया वापस देने को कहा। तो राजू ने रुपया देने से मना कर दिया और ज्यादा दवाब देने पर अपनी पत्नी, दो बेटियों से झूठा मुकदमा लगाने की चेतावनी दी।

ज्ञापन देने वालों में मंडल महामंत्री प्रभाकांत मिश्रा, जिला अध्यक्ष अरविन्द शाक्य,महामंत्री लक्ष्मी कांत जोशी, संतराम वर्मा,पुजारी कटियार और पीड़ित मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मीटिंग फतेहगढ़ मुख्यालय पर हुई जिसमें मांगे रखी गईं कि बाढ़ पीड़ित किसानों को दवाइयां मिट्टी का तेल और खाने की सामग्री उपलब्ध कराई जाए और विगोरा गांव की नाप करवाना बंद करें।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने बीहड़ांचल में चौपाल लगा सुनीं समस्याएं



**रामपुरा,** जालौन। भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा ने सोमवार को विकास खण्ड रामपुरा के नदियापार के बीहड़ांचल इलाके का भ्रमण कर ग्राम पंचायत निनावली जागीर में पहुंचकर जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं से मुखातिब हुए। जन चौपाल को संबोधित करते हुये केंद्रीय राज्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने में अपना सहयोग करें। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी जनता के सहयोग में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। एक बात का विशेष ध्यान रखा जाये। किसी भी गरीब जनता का शोषण न किया जाये। अगर ऐसे हालातों में पार्टी का कोई भी पदाधिकारी व कार्यकर्ता संलिप्त पाया जाता हैं तो उसके विरुद्ध कार्यवाही होना निश्चित समझा जाये। प्रधानों से कहा कि गांव में वास्तविक पात्र व्यक्तियों को आवास योजना, शौचालय जैसे योजनाओं का लाभ दिलाया जाये।

# गुपलापुर गांव की गलियां बनीं तालाब, ग्रामीण कर रहे पलायन

●दबंगों ने पूरा नहीं होने दिया नाले का निर्माण

●कई ग्रामीणों ने खेतों पर बनाया आशियाना

**संवाददाता।** रामपुरा, जालौन



**एक** ओर जहां प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिये पानी की तरह रुपये बहा रही है तो वहीं गांव के दबंगों का आज भी इतना आतंक है कि वह ग्राम प्रधान द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों को ही रुकवाकर अपनी हनक दिखाने से बाज नहीं आ रहे है। इसका दंश गुपलापुर गांव के दर्जनों परिवार भोगने को विवश देखे जा रहे हैं। क्योंकि गांव की कई गलियों में महीनों से पानी भरा जिससे गलियां तालाब का आकार ले चुकी है। इस बारे में जिम्मेदार अधिकारियों से जब ग्रामीणों ने गुहार लगायी तो उन्होंने भी गांव जाने की जेहमत नहीं उठायी हैं जिससे अब गांव के ग्रामीण गांव से पलायन करने की योजना बनाने लगे हैं। तो कई परिवारों ने तो खेतों पर अपना ठिकाना बना लिया। 60 दिनों से गांव की गलियों में जलभराव से गांव के अनेकों लोग बीमार भी बताये जा रहे हैं।

माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के गुपलापुर गांव के प्रधान द्वारा गांव से पानी की निकासी सुनिश्चित कराने की मंशा से एक नाले का निर्माण कराया जा रहा था जिस पर गांव के दबंगों ने यह कहते हुये रुकवा दिया कि जिस स्थान पर नाला का निर्माण किया जा रहा है वह मंदिर की व हमारी है। इसके बाद से ही नाले का निर्माण आधा अधूरा पड़ा हुआ है। इसके बाद जैसे ही बरसात शुरू हुयी तो गांव की गलियों से पानी की निकासी अवरुद्ध होने से पानी गलियों में भरना शुरू हो गया था आज गांव की अनेकों गलियां तालाब बनी हुयी है। गांव की गलियां तालाब बनने से कई परिवारों ने तो खेतों पर अपना ठिकाना बना लिया तो कई लोग गांव से पलायन करने की योजना बनाने लगे हैं।

## क्विक न्यूज

### खोदाई में मिले 266 सिक्कों को पुलिस ने कब्जे में लिया

**फतेहपुर।** विजयीपुर ब्लाक के महेशपुर मठेठा गांव में विगत दिवस खोदाई में मिले ब्रिटिश कालीन सिक्को से भरे घड़े को पुलिस ने कब्जे में लेकर माल खाना में जमा कर दिया है, अब इनके बारे मे पुरातत्व विभाग द्वारा संपूर्ण जानकारी कराई जाएगी। महेशपुर मठेठा गांव निवासी छोटेलाल गुप्ता के पुराने घर मे खुदाई के दौरान मिले ब्रिटिश कालीन सिक्कों से भरे मिट्टी के घड़े को सूचना के बाद पुलिस ने कब्जे में लेकर गिनती कराई जिसमें कुल 266 सिक्के मिले जो काफी पुराने हैं। तांबा के प्रतीत हो रहे इन सिक्कों में सन उन्नीस सौ से उन्नीस सौ चालीस के बीच लिखा है। पुलिस ने सभी सिक्कों को कब्जे में लेकर अपने माल खाना में जमा कर दिया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर में रोजगार मेला

**कानपुर देहात।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर, कानपुर देहात में दिनांक 21 अगस्त 2023 को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेलें में अप टू स्किल्स ,टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ, पंतनगर, ब्राइट ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा पॉली मेडिक्युर प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा , स्पिन्नी प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम ने द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें रोजगार मेले में उपरोक्त कंपनियों द्वारा लगभग 133 अभ्यर्थियों में साक्षात्कार के माध्यम से 102 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इस मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर प्रधानाचार्य सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास की झलक

**लखनऊ।** सैमसंग ने हाल ही में लॉन्च किए गए अपने पांचवीं पीढ़ी के फोल्डेबल उपकरणों के लिए रिकॉर्ड प्री.बुकिंग हासिल की। पहले 28 घंटों में100,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने गैलेक्सी जेड फ्लिप 5 और जेड फोल्ड 5 को प्री.बुक किया। चौथी पीढ़ी के फोल्डेबल्स की तुलना में सैमसंग को पहले 28 घंटों के दौरान गैलेक्सी जेड फ्लिप 5 और जेड फोल्ड 5 के लिए 1.7 गुना प्री.बुकिंग प्राप्त हुईए जो फोल्डेबल में उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। अपने नए लॉन्च किए गए गैलेक्सी जेड फ्लिप 5 और गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 फोन के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया से खुश हैं। नए उपकरण नवीन प्रौद्योगिकी के माध्यम से हमारे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को साबित करते हैं।

### महाकाल मन्दिर में हुई तक्षक नागचंद्र मौलेश्वर की पूजा

**फर्रुखाबाद।** महाकाल मन्दिर में तक्षक नागचंद्र मौलेशवर की पूजा की गई नाग पंचमी पर विशेष कालसर्प पूजा तक्षक नागचन्द्र मौलेश्वर की एक दिवसीय पूजा श्री महाकाल मन्दिर श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी को प्रति वर्ष एक दिन आम सर्प स्पर्श प्रतिमा तक्षक चन्द्रमौलेश्वर का पूजन वैदिक रीति से दीप प्रगवलित कर मन्दिर की महिला महन्त साध्वी सुश्री अर्चना दीक्षित द्वारा किया गया। नाग पंचमी पर बड़ी संख्या में कालसर्प वास्तुदोष एवं अन्य दोषो के निवारण के लिए बड़ी दूर दूर से श्रद्धालु प्रातः से ही मन्दिर में पूरी साल की प्रतीक्षा के बाद आये । नागपंचमी पर नाग पूजा का बड़ा विशेष महत्व है।

### रेलवे पेंशनर्स ने मनाया वरिष्ठ नागरिक दिवस

**फतेहपुर।** रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन कार्यालय में वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर पेंशनरों की एक बैठक आहूत की गई जिसमें पेंशनरों की समस्याओं के अतिरिक्त जल संरक्षण एवं पौधरोपण का संकल्प सभी ने लिया। साथ ही सभी सदस्यों को एक-एक पौधा लगाने एवं उसकी देखरेख करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष काली शंकर श्रीवास्तव द्वारा पूरे जिले के वरिष्ठ नागरिकों को जोड़ने के कार्य की सराहना की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मूलचंद्र द्विवेदी ने की। प्रमुख रूप से शाखा मंत्री जेपी सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, जितेंद्र सिंह, राज कुमार, विजेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### डग्गामार बस से बच्चों का होता है स्कूल का सफर

**चित्रकूट।** जिले में विभिन्न ब्लाकों व तहसील क्षेत्र में चल रहे प्राइवेट स्कूलों में लगी बसों में फिटनेस आदि कुछ भी न होने के बाद भी स्कूलों के बच्चों को मानक से ज्यादा बैठाकर स्कूल भेजने व घर पहुंचाने के कार्य में लगी हैं। एआरटीओ विवेक शुक्ला ने बताया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर जांच कर कार्रवाई की जायेगी। सोमवार को ऐसे ही रैपुरा थाने के बोडीपोखरी स्थित केएन पब्लिक स्कूल की डग्गामार बस बच्चों को स्कूल भेजने व घर पहुंचाने के कार्य में लगी हैं। ये सवारियां भी ढोती है। ये डग्गामार बस बोडीपोखरी प्राइवेट स्कूल केएन पब्लिक स्कूल के बच्चों को कोबरा, त्रिपुला, बिसौंधा, रामपुर व बांधी से लेकर बोडीपोखरी आती-जाती हैं।

# अखंड भारत संकल्प दिवस पर की गई भारत माता की आराधना

● आरएसएस के तत्वावधान में द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में हुआ आयोजन

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**नगर** व ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया गया। क्षेत्रीय ग्राम पमा में ग्राम प्रधान नीता राकेश पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुए अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम की शुरूआत अखंड भारत के चित्र पर मंत्रोच्चार के साथ माल्यार्पण व पुष्प अर्पण के साथ हुई। जिसमें आरएसएस के प्रचारक महेशजी ने कहा कि अखंड भारत कार्यक्रम यह कार्यक्रम संघ मनाता है क्योंकि इसका दर्द आरएसएस को है। खंड कार्यवाह दीपक पटैरिया ने कहा कि आरएसएस को विश्वास है कि भारत पुन: अखंड होगा यह राजनीतिक दृष्टि से नहीं परंतु सांस्कृतिक दृष्टि से भी होकर रहेगा। आरएसएस सुखिन: सर्वे भवंतु सर्वे संतु निरामया पर विश्वास करता है। इसके साथ ही अखंड भारत के मानचित्र के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर खंड संपर्क प्रमुख राकेश पटेल, ग्राम संयोजक दीपेंद्र, भरत पटेल, अंशुल हरवेश, टीकाराम, सचिन, ज्ञान सिंह, अरविंद आदि मौजूद रहे। नगर में द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में आयोजित हुए अखंड भारत संकल्प दिवस में भारत माता का पूजन कर आरती की गई।

### श्रद्धाभाव से मनाया गया नागपंचमी का त्यौहार

**जालौन, उरई।** सोमवार को नागपंचमी का त्योहार नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक ढंग से मनाया गया। इस मौके पर नागों की पूजा की गई। श्रावण शुक्ल पंचमी को नागपंचमी पर्व के रूप में मनाया जाता है। सनातन परंपरा में पंच तत्वों के साथ पशुओं, पेड़ों को भी पूजने की परंपरा है। इसी तरह नागों की पूजा का भी विशेष महत्व है। भगवान शिव तो उन्हें आभूषण की तरह गले में ही धारण करते हैं। नागों को एक मायने में इंसानों का मित्र माना जाता है। नागों के प्रकोप से बचने के लिए लोग नागपंचमी के मौके पर उनकी पूजा कर नुकसान न पहुंचाने की प्रार्थना करते हैं।

### बदमाश गल्ला व्यापारी की गोलक लेकर रफूचक्कर



**जालौन,** उरई। गल्ला व्यापारी की गोलक अज्ञात युवक दुकान से उठाकर बाइक पर रखकर ले गए। मंडी गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में युवक बाइक पर गोलक ले जाते दिख रहे हैं। पीड़ित व्यापारी ने मामले की सूचना कोतवाली में दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया खंडेराव निवासी श्रीकृष्ण वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह गल्ले के व्यापारी हैं। गल्ला मंडी में उनकी मेसर्स श्रीकृष्ण भंडार के नाम से फर्म है। रविवार को उनके पिता दुकान पर थे। दुकान से वह लघुशंका करने चले गए। इसी दौरान खाली दुकान देखकर दो युवक वहां आए और दुकान पर रखी गोलक को उठाकर उन्होंने बाइक पर रखा और उसे लेकर भाग गए। गोलक में आवश्यक कागजों के साथ ही 15 हजार रुपये भी थे।

# प्राथमिक विद्यालय हैदरमऊ में हुआ 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन



**असोथर,** फतेहपुर। विकास खंड हसवा के टीकर ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय हैदरमऊ में एक सप्ताह पूर्व मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। जिसमें प्रतिभागी विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया। देशभक्ति व रगारंग तथा पर्यावरण संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया था। जिसमें कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। विद्यालय परिसर में संबंधित ग्राम पंचायत के अभिभावकों के साथ शिक्षा चौपाल का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरुष्कार दिए गए।

प्रथम पुरस्कार अंशिका देवी कक्षा पांच, द्वतीय पुरुस्कार अनुष्का गौतम कक्षा दो, तृतीय पुरस्कार खुशी यादव कक्षा पांच को दीवाल घड़ी दिया गया। शिक्षा चौपाल में उपस्थिति अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के संबंध में जानकारी एवं सुझाव आमंत्रित किए गए। चौपाल में निपुण भारत योजना के बारे में तथा निपुण लक्ष्य के बारे में अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी जयसिंह ने विस्तार से जानकारी दी।

## पेज एक का शेष

### चंद्रयान-3...

सिवन ने कहा, यह (चंद्रयान-3 मिशन) योजना के मुताबिक आगे बढ़ रहा। यह (सॉफ्ट लैंडिंग) योजना के अनुसार होगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार (चंद्रयान-2) के उलट यह (सतह पर उतरने में) सफल रहेगा।

### रूस के...

कि भारत और रूस चंद्रमा पर पहुंचने की दौड़ में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लूना-25 का दुर्घटनाग्रस्त होना दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं (लैंडर) मॉड्यूल के बारे में जानता हूं। यह 2008 में तैयार हो गया था। जब मैंने प्रयोगशाला (रूस में) का दौरा किया था, उन्होंने मुझे मॉड्यूल दिखाया था। उनके पास उस वक्त उसे मिशन पर भेजने के लिए संसाधन नहीं थे।, इसलिए इसे लंबे समय तक ठंडे बस्ते में रखा गया था। चंद्रयान-3 मिशन पर इसका कोई असर पड़ने की संभावना से इनकार करते हुए नायर ने कहा कि भारत का यह मिशन पूरी तरह से आत्मनिर्भर है और हम हम उन पर (रूस पर) निर्भर नहीं हैं। अभी रूस के साथ भारत का अंतरिक्ष सहयोग मानव को अंतरिक्ष में भेजने के गगनयान अंतरिक्ष अभियान के लिए भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देने तक सीमित है।

### अब गरीबों...

इस योजना पर लगभग 13,000 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी, जिससे 18 विभिन्न प्रकार के कौशल से जुड़े लोगों को लाभ होगा। प्रशिक्षण-सह-अभिमुखीकरण कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 10 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर 5,580 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए।

### बिहार में...

यह इतना आसान नहीं है। जबतक प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता, हम इस पर रोक नहीं लगाने वाले। बिहार सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने दलील दी कि आदेश में कुछ भी दर्ज नहीं किया जाना चाहिए और राज्य पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कहा, मामले को आगे की दलीलें सुनने के लिए आज सूचीबद्ध किया गया था। हम शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता सी. एस. वैद्यनाथन को लगभग 20 मिनट तक सुन चुके हैं। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल मेहता द्वारा केंद्र का जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगने के बाद, मामले को आगे की सुनवाई के लिए 28 अगस्त को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने 18 अगस्त को पूछा था कि अगर किसी व्यक्ति ने जातिगत सर्वेक्षण के दौरान जाति या उपजाति का विवरण प्रदान किया तो इसमें क्या नुकसान है, जबकि किसी व्यक्ति का आंकड़ा राज्य द्वारा प्रकाशित नहीं किया जा रहा था। सर्वेक्षण को चुनौती देने वाले एनजीओ यूथ फॉर इक्वेलिटी की ओर से पेश हुए वैद्यनाथन ने कहा था कि यह कवायद लोगों की निजता के अधिकार का उल्लंघन है।

### मुंबई बैठक...

सूत्रों ने कहा कि शरद पवार, उद्धव ठाकरे और अशोक चव्हाण सहित एमवीए नेता इस महत्वपूर्ण बैठक की सफलता के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस संबंध में रविवार को एक बैठक हुई, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत, कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड़, मिलिंद देवड़ा और नसीम खान, राकांपा नेता नरेंद्र वर्मा समेत अन्य लोग शामिल हुए।

# आडिट में पायी गयी धांधली में 40 ग्राम पंचायतों से लाखों रुपये वसूली के आदेश

●25 अगस्त तक वसूली करने व अभिलेख देने के आदेश से मचा हड़कंप

**संवाददाता।** हमीरपुर

**जिले** में आठ वर्ष पहले आडिट दौरान मिली धांधली के बाद चालीस ग्राम सभाओं से लाखों रुपये की वसूली किए जाने के आदेश शासन ने दिये हैं। डीपीआरओ ने संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को नोटिस जारी करके वसूली शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक आडिट विभाग प्रत्येक वर्ष ग्राम पंचायतों का आडिट कर उसकी रिपोर्ट स्थानीय निकाय(विधान सभा समिति) में भेज देता है। आडिट रिपोर्ट को समिति गंभीरता से विचार करती है। पूरे प्रदेश की समीक्षा होने के कारण काफी बिलंब होता रहता है। हमीरपुर जिले की समिति ने समीक्षा कर 2014-15 व 2016 वर्ष के दौरान जिले की चालिस ग्राम पंचायतों में जो धांधली व अभिलेख में गड़बड़ी पायी गयी थी। उसकी वसूली करने के आदेश डीपीआरओ को दिये है। इसमें ज्यादातर पूर्व प्रधान व सचिव है जो जांच के दौरान दोषी पाये गये है। जिनको नोटिस जारी कर पैसे जमा करने के आदेश कर दिये गये है। जांच में जितनी धनराशि का घोटाला पाया गया था। सचिवों को जमा करने के आदेश कर दिये गये हैं। इस अवधि के दौरान कई ग्राम विकास अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये है उनको फोन करके धनराशि जमा करने को कहा गया है। समिति ने कहा है कई ग्राम पंचायतों में अभिलेख नही जमा किये है उन अभिलेखों को भी जमा कराये जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी जीतेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि धनराशि हरहाल में 25 अगस्त तक जमा करना है।

### चुनाव के तीन माह बाद भी समिति नहीं हुई गठित

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर निकाय के चुनाव सम्पन्न होने के बाद नगर पालिका मौदहा द्वारा चुनाव के लगभग तीन माह बीत जाने के बाद भी अभी तक विकास कार्य समिति का गठन नही किया गया, बिना समिति की सहमति से करोड़ों रुपये का वारा न्यारा कर सरकारी धन का बंदरबांट करने का खेल जारी है जिससे नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नगर निकाय चुनाव सम्पन्न हुए लगभग तीन माह का समय गुजर जाने के बाद भी पालिका द्वारा केवल एक बैठक ही सम्पन्न हुई है जिसमे एक माह के अंदर विकास कार्य जांच समिति का गठन की बात की गई थी मगर आज तक समिति का गठन नही किया गया। पूर्व सभासद छोटेलाल प्रजापति ने बताया की पालिका में दो वर्ष से कोई बजट स्वीकृति नही हुआ और न ही डेढ़ वर्ष से कोई बैठक हुई है इसके बाद भी करोड़ों रुपये के कार्य स्वीकृत हो गये। सर्वसम्मति के बाद बजट स्वीकृत होता है मगर यहां बिना किसी बैठक के ही करोड़ो के वारे न्यारे हो रहे हैं। विगत कार्यकाल में तीन हजार लीटर के टैंकर की कीमत महज एक से डेढ़ लाख की होती है मगर नगर पालिका ने दो टैंकर मात्र 13 लाख के खरीदे हैं। 3 लाख का शौचालय ट्राला 15 लाख में खरीदा गया है।

# डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

●साफ-सफाई ठीक न देख जताई नाराजगी

●वार्डों को वातानुकूलित करने के दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओपीडी, सीटी स्कैन कक्ष, बाल सघन चिकित्सा इकाई (पीकू), आई डिपार्टमेंट, एनआरसी, अस्पताल कैंटीन, आकस्मिक वार्ड, दवा वितरण कक्ष आदि का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूरे वार्ड में एसी लगाने, वृद्धों हेतु अलग से वार्ड बनाने, ओपीडी की संख्या बढ़ाने, विभिन्न वार्डों में साफ सफाई के साथ फिनायल का दिन में दो बार पोछा लगाने, कैंटीन में मीनू के अनुसार भोजन बनाने, साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, मरीजों के साथ आए लोगों के बैठने की व्यवस्था, प्राइवेट वार्ड को सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित करने, अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए यूनिफार्म, वाहनों के लिए स्टैंड आदि के संबंध में विशेष निर्देश उपस्थित सीएमएस पुरुष को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पूरे अस्पताल परिसर में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पुनः निरीक्षण में दिए गए निर्देशों का यदि कड़ाई से पालन नहीं किया जाता है तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा अस्पताल में आए हुए मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, साथ ही साथ किसी भी मरीज को बाहर की दवा ना लिखी जाए, मरीजों का अच्छे से देखभाल हो इसका सभी चिकित्सक विशेष ध्यान देंगे। वहीं जिलाधिकारी ने मरीजों से स्वास्थ्य से सम्बन्धित हालचाल भी लिया। इस मौके पर सीएमएस व अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# किम ने क्रूज मिसाइल प्रक्षेपण की निगरानी की

## अमेरिका, द. कोरियाई सुरक्षा बलों का सैन्य अभ्यास शुरू



**भाषा।** सियोल

**उत्तर कोरिया** के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं, अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेना ने अपना वार्षिक सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है, जिसे उत्तर कोरिया हमले के पूर्वाभ्यास के तौर पर देखता है। मिसाइल परीक्षणों पर उत्तर कोरिया के बारे में सूचना तीन दिन बाद मिली, जब अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं ने अपना पहला त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया और उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइल खतरों का मुकाबला करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, एक अस्पष्ट तिथि पर नौसैनिक बेड़े के निरीक्षण के दौरान किम हथियारों और युद्ध की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक गश्ती जहाज पर सवार हुए। केसीएनए ने कहा कि किम ने बाद में जहाज के नाविकों को रणनीतिक क्रूज मिसाइलों के प्रक्षेपण का अभ्यास करते हुए देखा। सरकारी मीडिया की ओर से जारी एक तस्वीर में किम जहाज पर नहीं, बल्कि किसी अन्य स्थान से गश्ती जहाज से उड़ती हुई मिसाइल को देखते हुए नजर आ रहे हैं। केसीएनए के मुताबिक, मिसाइलों ने बिना किसी त्रुटि के तय लक्ष्यों पर निशाना साधा, जो जहाज की तैयारी और हमले की क्षमता को प्रदर्शित करता है। किम ने कहा कि वह उत्तर कोरिया की नौसेना के लिए शक्तिशाली युद्ध पोतों के निर्माण और शिपबोर्ड एवं पानी के नीचे काम करने वाली हथियार प्रणालियों के आधुनिकीकरण के प्रयासों को बढ़ावा देंगे। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि क्रूज मिसाइल परीक्षणों पर उत्तर कोरिया की रिपोर्ट अतिशयोक्ति पूर्ण है और यह तथ्यों के अनुरूप नहीं है। बयान के अनुसार, दक्षिण कोरिया की सेना उत्तर कोरिया के संभावित उकसावे का जवाब देने की अपनी क्षमता के आधार पर दृढ़ता से तत्परता बनाए रखेगी। वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियार परीक्षण किए हैं। इनमें से कुछ में अमेरिकी मुख्य भूमि और उसके सहयोगियों दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की गई परमाणु मिसाइलें भी शामिल हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने इसके जवाब में अपने नियमित प्रशिक्षण अभ्यास का विस्तार किया है। कैंप डेविड में शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि वे साल के अंत तक उत्तर कोरिया पर वास्तविक समय में मिसाइल चेतावनी डेटा साझा करने और वार्षिक त्रिपक्षीय अभ्यास आयोजित करने का इरादा रखते हैं। तीनों नेताओं ने उत्तर कोरिया के साइबर खतरों से निपटने के लिए सहयोग को बढ़ावा देने के वास्ते एक त्रिपक्षीय कार्य समूह की स्थापना की भी घोषणा की। बाइडन ने कहा कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान खतरों पर प्रतिक्रिया देने के मुद्दे पर चर्चा के लिए एक हॉटलाइन भी स्थापित करेंगे।

# ट्रंप का राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के लिए होने वाली पहली बहस में हिस्सा लेने से इनकार

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह बुधवार को रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के लिए आयोजित होने वाली पहली प्राइमरी बहस में हिस्सा नहीं लेंगे। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया वेबसाइट पर लिखा, जनता जानती है कि मैं कौन हूं, मेरा राष्ट्रपति कार्यकाल कितना सफल रहा। इसलिए मैं बहस नहीं करूंगा। पूर्व राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि क्या उनकी हर प्राइमरी बहस का बहिष्कार करने की योजना है या फिर वह सिर्फ इस बहस में भाग नहीं लेंगे। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने रविवार को बताया कि ट्रंप और उनकी टीम ने अपनी योजनाओं के बारे में रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रीय समिति को सूचित नहीं किया है। इस बीच, बहस में भाग न लेने को लेकर ट्रंप के प्रतिद्वंद्वियों ने उन पर निशाना साधा है।

### हेली को डेमोक्रेट्स के एक वर्ग से भी मिल रहा है समर्थन : मित्र एवं दानकर्ताओं का दावा

**वाशिंगटन।** दक्षिण कैरोलाइना की दो बार की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली इकलौती उम्मीदवार है जिन्हें रिपब्लिकन सिद्धांतो तथा विचारधारा से कोई समझौता किए बगैर डेमोक्रेट्स के एक बड़े वर्ग का भी समर्थन मिल रहा है। उनके प्रमुख भारतीय-अमेरिकी मित्रो तथा उनके राष्ट्रपति अभियान के लिए चंदा देने वाले लोगो का ऐसा मानना है। हेली (51) रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की इकलौती संभावित महिला उम्मीदवार है जिन्होने 23 अगस्त को विस्कॉन्सिन मे होने वाली पार्टी की 2024 की पहली प्राइमरी बहस में शामिल होने की अर्हता प्राप्त कर ली है। बुधवार को होने वाली बहस इस लिहाज से भी अलग होगी कि पहली बार भारतीय मूल के दो अमेरिकी - निक्की हेली तथा विवेक रामस्वामी किसी भी राजनीतिक दल की ओर राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए प्राइमरी बहस मे शामिल होंगे।

### ब्रिटेन : नवजात बच्चों की हत्या की दोषी लूसी लेटबाई को ताउम्र कैद की सजा सुनाई गई

**लंदन।** ब्रिटेन की अदालत ने उत्तरी इंग्लैड के अस्पताल मे सात नवजात बच्चो की हत्या और छह अन्य की हत्या के प्रयास की दोषी नर्स लूसी लेटबाई को सोमवार को ताउम्र कैद की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति जेम्स गोस ने अंतिम सांस तक उम्रकैद की सजा सुनाते हुए दोषी नर्स की वक्त से पहले रिहाई के सभी प्रावधानो पर रोक लगा दी। उन्होने कहा कि 33-वर्षीया नर्स द्वारा किया गया अपराध निर्विवाद रूप से गंभीर प्रकृति का है, इसलिए वह बाकी जिंदगी सलाखो के पीछे बिताएगी। लेटबाई को पिछले सप्ताह सात नवजात बच्चों की हत्या और छह अन्य नवजात बच्चों की हत्या के प्रयास के सात मामलो मे दोषी करार दिया गया था। न्यायमूर्ति गोस ने सजा सुनाते हुए टिप्पणी की कि नर्स ने भरोसे का कत्ल किया है। उन्होने मैनचेस्टर क्राउन कोर्ट में सख्त सजा सुनाते हुए कहा कि दोषी ने सोच-विचार कर और धूर्तता के साथ इस अपराध को अंजाम दिया। न्यायमूर्ति गोस ने कहा, आपने बच्चो के पोषण और देखभाल के सामान्य मानवीय गुणो के विपरीत कार्य किया और सभी नागरिको के उस भरोसे को तोड़ा जो चिकित्सा एवं देखरेख पेशेवरों के प्रति है।

### पाक मानवाधिकार अधिवक्ता एवं राजनेता को देशद्रोह मामले में पुलिस हिरासत में भेजा गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी मानवाधिकार अधिवक्ता ईमान मजारी और पूर्व सांसद अली वजीर को सोमवार को यहां एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने देशद्रोह के मामले मे तीन दिन की पुलिस हिरासत मे भेज दिया है। ईमान एवं वजीर को इस्लामाबाद पुलिस ने रविवार को सुबह गिरफ्तार किया। ए दोनो मूलनिवासी पश्तूनों के अधिकारों की वकालत करने वाले पश्तून तहफ्फुज आंदोलन (पीटीएम) की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन मे शामिल हुए थे। इसके बाद इनकी गिरफ्तारी हुई है। ईमान पूर्व मानवाधिकार मंत्री शीरीन मजारी की बेटी है। ईमान ने इस्लामाबाद मे पीटीएम की एक रैली को संबोधित किया। यह संगठन जातीय पश्तो-भाषी कार्यकर्ताओं का एक समूह है जो पाकिस्तानी सेना की और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान की भी आलोचना करता है।

### केनेडी को दिखाए जाने के साथ ही आईएफएफएम 2023 का समापन हुआ

**मेलबर्न।** इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) के 14वें सत्र का रविवार को अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी के प्रदर्शन के साथ समापन हो गया। इस मौके पर फिल्म के मुख्य कलाकार राहुल भट और सनी लियोनी भी मौजूद थे। इस समारोह की शुरुआत 11 अगस्त को आर बाल्की की खेल पर आधारित फिल्म घूमर के साथ हुई थी जिसमे सैयामी खेर और अभिषेक बच्चन ने अभिनय किया है। सनी लियोनी ने कहा कि वह समारोह में कैनेडी को दिखाने के लिए आईएफएफएम की आभारी है। फिल्म मे राहुल भट को अनिद्रा से पीड़ित एक पूर्व पुलिसकर्मी के रूप मे दिखाया गया है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता है। एक बयान मे सनी लियोनी ने कहा, ऐसी फिल्म बाना वाकई मायने रखता है जो हर समुदाय के लिए हो। आईएफएफएम का हिस्सा बन कर गौरवान्वित हूं।

### पाइको दे ओरीजाबा पर चढ़ रहे चार पर्वतारोहियो की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के सबसे ऊंचे पर्वत पाइको दे ओरीजाबा पर चढ़ रहे चार पर्वतारोहियों की मौत हो गई। मध्य प्युब्ला प्रांत मे असैन्य रक्षा कार्यालय ने रविवार को बताया कि ऐसा लगता है कि सभी चारों लोगों की मौत 18,619 फुट ऊंचे पर्वत से गिरने से हुई। उसने बताया कि दो पर्वतारोही पड़ोसी वेराक्रूज राज्य के थे तथा एक पर्वतारोही प्युब्ला का था। यह पर्वत दोनों राज्यों की सीमा पर स्थित है। कार्यालय द्वारा जारी तस्वीरों में बचाव कर्मी शवो को निकालने की कोशिश करते हुए दिख रहे है। मेक्सिको में पर्वतारोहण के दौरान दुर्घटनाएं असामान्य नही है। 2015 के बाद से बचावकर्ताओ और पर्वतारोहियो ने बर्फ मे वर्षो पहले हिमस्खलन में मारे गए कम से कम तीन लोगों के शव बरामद किए है।

### तुर्किए में बस दुर्घटनाग्रस्त हुई, 12 यात्रियों की मौत

अंकारा। मध्य तुर्किए मे सोमवार को एक बस सड़क किनारे खड्ढ में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमे 12 यात्रियो की मौत हो गई और 19 घायल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गवर्नर मेहमत अली ओजकन ने बताया कि घटना मध्य तुर्किए के शहर योज्गत के पास की है। बस का चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वह विपरीत दिशा वाली लेन मे चली गई और फिर सड़क किनारे खड्ढ मे गिर गई।यह बस सिवास से इस्तांबुल जा रही थी।ओजकन ने बताया कि दुर्घटना मे 11 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलो को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। ओजकन ने बताया कि दुर्घटना की वजह की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि चालक द्वारा लापरवाह तरीके से वाहन चलाने के कारण हादसा हुआ।

### संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ ने दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा की रिहाई की मांग की

संयुक्त राष्ट्र-जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषज्ञ ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी एन साईबाबा की हिरासत को सोमवार को 'शर्मनाक' बताते हुए उन्हें जेल से रिहा किए जाने की मांग की।साईबाबा को 2014 में गिरफ्तार किया गया था और माओवादियों से संबंध रखने के मामले मे उन्हे 2017 मे गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।मानवाधिकार संबंधी संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत मैरी लॉलर ने कहा कि साईबाबा को लगातार हिरासत में रखा जाना 'शर्मनाक' है। लॉलर ने एक बयान में कहा, यह विरोधी स्वर को चुप कराने की कोशिश करने वाले देश के लक्षणों को दर्शाता है।

### ब्रिटेन में कबड्डी टूर्नामेंट में गोलीबारी के बाद तीन जख्मी

**लंदन।** इंग्लैड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र मे ब्रिटिश पंजाबी समुदाय के कबड्डी टूर्नामेंट मे हुए बड़े स्तर पर व्यवधान के बाद तीन लोग जख्मी हो गए है जिनमें से एक की हालत गंभीर है। डर्बीशायर पुलिस ने बताया कि डर्बी के अलवास्टन मे एल्वास्टन लेन इलाके मे बड़ी संख्या मे पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इसी इलाके मे रविवार को संघर्ष हुआ था। रविवार को हुए कबड्डी टूर्नामेंट के फुटेज सोशल मीडिया पर आए है जिसमे मैदान मे गोली चलने के बीच लोग दहशत मे यहां वहां भाग रहे है। पुलिस ने कहा कि माना जा रहा है कि यह घटना दो प्रतिद्वंद्वी गिरोह की रंजिश का नतीजा है। डर्बीशायर पुलिस ने बताया कि रविवार को अलवास्टन मे एल्वास्टन लेन इलाके मे दोपहर तीन बजकर 51 मिनट पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने की सूचना मिली।

# तोशाखाना मामला: इमरान की अपील पर पाक की अदालत में आज सुनवाई

**भाषा।** इस्लामाबाद



**इस्लामाबाद** उच्च न्यायालय की दो-सदस्ईय पीठ तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ उनकी एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगी। स्थानीय सत्र अदालत के न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने पांच अगस्त को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान (70) को भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया था और पूर्व प्रधानमंत्री को इस मामले में तीन साल कैद की सजा सुनाई। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने अक्टूबर 2022 में तोशाखाना मामला दायर किया था। आयोग ने संपत्ति का विवरण छिपाने को लेकर खान को अयोग्य घोषित किया था। खान को दोषी करार दिए जाने के दिन ही लाहौर से गिरफ्तार किया गया और अटक शहर ले जाकर जिला कारागार में डाल दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी दोषसिद्धि को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जिसने याचिका स्वीकार कर ली और सुनवाई के लिए 22 अगस्त की तारीख मुकर्र की। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक, और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की खंडपीठ मंगलवार को याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिका पर फैसला होने तक दोषसिद्धि के निलंबन के रूप में तत्काल राहत के लिए बचाव पक्ष के वकीलों द्वारा दबाव बनाए जाने की उम्मीद है। दोषसिद्धि के निलंबन से जेल से खान की रिहाई सुनिश्चित होगी।

### पाकिस्तान में हिंसा पीड़ित करीब 100 ईसाई परिवारों को 20-20 लाख रुपए का मुआवाजा

**लाहौर।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने सोमवार को पंजाब प्रांत के हिंसा प्रभावित जरांवाला शहर का दौरा किया और उन करीब 100 ईसाई परिवारों को 20-20 लाख (पाकिस्तानी) रुपए का मुआवजा दिया, जिनके घरों को इस्लामी कट्टरपंथियों की भीड़ ने 21 गिरजाघरों के साथ पिछले हफ्ते जला दिया था। पिछले हफ्ते फैसलाबाद जिले के जरांवाला शहर में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने 21 गिरजाघरों और ईसाइयों के कई घरों मे तोड़फोड़ करने के साथ ही आग लगा दी थी। फैसलाबाद पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से 130 किलोमीटर दूर है। ईसाई कब्रिस्तान और स्थानीय सहायक आयुक्त के दफ्तर में भी तोड़फोड़ की गई थी। काकड़ ने ईसाई समुदाय के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए जरांवाला का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रभावितों को 20-20 लाख रुपए (6,800 अमेरिकी डॉलर) के चेक बांटे। उन्होंने देश के सभी अल्पसंख्यक समुदायों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके जानमाल की हिफाज़त के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ईसाइयों के खिलाफ जघन्य हमलों के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का वादा किया। उन्होंने कहा, अगर कोई अल्पसंख्यकों को नुकसान पहुंचाता है, तो देश का कानून यह सुनिश्चित करने के लिए अपना काम करेगा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

### आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत गठित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए सोमवार को एक विशेष अदालत का गठन किया। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी एवं विदेश मंत्री रह चुके शाह महमूद कुरैशी को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज सिफर मामले की सुनवाई के लिए इस अदालत के समक्ष पेश किया गया। एफआईए ने पिछले साल गोपनीय कूटनीतिक दस्तावेजों (सिफर) के लीक होने के मामले में इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी को शनिवार को गिरफ्तार किया था।


### नेपाल में दो बच्चों का अपहरण करने के आरोप में भारतीय नागरिक गिरफ्तार

काठमांडू। एक शिशु समेत दो नेपाली बच्चों को बोरे में भरकर भारत ले जाने के आरोप में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। सशस्त्र पुलिस बल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेंद्र खड़का के अनुसार, बिहार के रहने वाले तबरेज़ आलम (22) को पुलिस ने रविवार को उस समय पकड़ लिया जब वह नौ महीने की एक बच्ची और दो साल के एक लड़के को भारत ले जा रहा था। खड़का ने बताया कि आलम नेपाल-भारत सीमा पर स्थित बारा जिले के देवताल ग्रामीण नगरपालिका से बच्चो को बोरी मे भरकर भारत ले जा रहा था। उन्होने कहा कि भारतीय नागरिक को ग्रामीण नगरपालिका के अमवा गांव से दो बच्चों के अपहरण के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है। बल के एक दल ने बोरे के अंदर से बच्चो के रोने की आवाजें सुनी जिसके बाद आलम को पकड़ लिया गया।

# दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार का समर्थन करता है : रामफोसा

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने रविवार शाम राष्ट्र के नाम संबोधन के दौरान कहा कि उनका देश ब्रिक्स समूह के सदस्यों की संख्या बढ़ाने का समर्थन करता है। ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए 22 देशों के आवेदन का मुद्दा समूह के पांच सदस्य देशों के नेताओं के एजेंडे में है, जो ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के 15वें संस्करण के लिए इस सप्ताह बुधवार को जोहानिसबर्ग में मिलेंगे। रामफोसा ने कहा, दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार का समर्थन करता है। ब्रिक्स का मूल्य इसके वर्तमान सदस्यों के हितों से परे है। अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ब्रिक्स को अन्य देशों के साथ साझेदारी करने की जरूरत है, जो उसकी आकांक्षाओं और दृष्टिकोण को साझा करते हैं। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। रामफोसा ने शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, कैरेबियाई क्षेत्र, दक्षिण अमेरिका, मध्य पूर्व, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के कई अन्य नेताओं की भागीदारी का स्वागत करते हुए कहा, एक विस्तारित ब्रिक्स अलग-अलग राजनीतिक प्रणालियों वाले देशों के एक विविध समूह का प्रतिनिधित्व करेगा, जो अधिक संतुलित वैश्विक व्यवस्था की समान इच्छा साझा करते हैं। रामफोसा ने कहा कि आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह तब आयोजित किया जा रहा है, जब दुनिया ऐसी मूलभूत चुनौतियों का सामना कर रही है।



नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा करते नेपाल के श्रद्धालु

# नेपाल : ललिता निवास भूमि घोटाला मामले में जांच एजेंसी ने दो पूर्व प्रधानमंत्रियों से पूछताछ की

**काठमांडू।** नेपाल की शीर्ष जांच एजेंसी ने ललिता निवास भूमि हड़प घोटाले में कथित भूमिका के लिए देश के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों माधव कुमार नेपाल और बाबूराम भट्टराई से पहली बार पूछताछ की है। जांच एजेंसी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। भूमि हड़प घोटाला नेपाल और भट्टराई के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान हुआ था। उनके नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल ने इस मामले में नीति-स्तरीय निर्णय किए थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो के प्रवक्ता नवराज अधिकारी ने बताया कि घोटाले की जांच के सिलसिले में रविवार की रात नेपाल और भट्टराई से पूछताछ की गई। आरोप है कि सरकार की कीमती जमीन का एक बड़ा हिस्सा कुछ दलालों ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और कुछ राजनेताओं की मदद से फर्जी मालिक बनाकर हड़प लिया था। नवराज ने कहा कि नेपाल पुलिस के सीआईबी अधिकारियों ने काठमांडू के बालुवतार में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास से सटे मूल्यवान भूमि को हथियाने से संबंधित घोटाले की जांच के सिलसिले में नेपाल और भट्टराई के बयान दर्ज किए हैं। यह पहला मौका है जब सीआईबी ने मामले में पूर्व प्रधानमंत्रियों के बयान लिए हैं।

# पर्यटन उद्योग को ऑटिज्म के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत



**भाषा।** स्वानसी (ब्रिटेन)

**परिवार के** साथ छुट्टियों पर जाना हमेशा मन को सुकून देने वाला अनुभव साबित नहीं होता। यातायात जाम से लेकर हवाई अड्डों पर लगने वाली लंबी कतारें और तनाव छुट्टियों का मजा किरकिरा कर सकते हैं। बावजूद इसके, हममें से ज्यादातर लोग माहौल बदलने और रोजमर्रा की दिनचर्या से ब्रेक लेने के लिए छुट्टियों पर जाने को बेकरार रहते हैं। हालांकि, ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए माहौल और दिनचर्या में आए बदलावों के हिसाब से ढलना बेहद मुश्किल साबित हो सकता है। और हमारे अनुसंधान से संकेत मिलते हैं कि इससे परिवार के साथ बिताई जाने वाली छुट्टियां उनके लिए बेहद भयानक अनुभव साबित हो सकती हैं। हमने कुछ ब्रिटिश अभिभावकों से बात की, जिन्होंने कहा कि ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को छुट्टियों पर ले जाना इतना चुनौतीपूर्ण है कि वे सिर्फ छोटी-छोटी यात्राओं की योजना बनाते हैं। इनमें से 35 फीसदी माता-पिता के मुताबिक, वे ज्यादा से ज्यादा एक से दो रात घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। ज्यादातर अभिभावक छुट्टियों के मौसम या ऐसी अन्य परिस्थितियों में यात्रा करने से बचते हैं, जिनमें उनके बच्चे को ज्यादा असुविधाजनक महसूस हो सकता है। 80 फीसदी से ज्यादा माता-पिता ने बताया कि वे विदेश जाने के बजाय हमेश ब्रिटेन की किसी जगह को ही छुट्टियों के लिए चुनते हैं। कुछ अभिभावकों ने कहा कि रात में बाहर ठहरने से बचने के लिए सिर्फ दिनभर की छुट्टी की योजना बनाते हैं। कई माता-पिता ने हमें बताया कि ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे का होना यह निर्धारित करने में अहम भूमिका निभाता है कि वे कब, कहां और किस तरह की छुट्टियां मनाएंगे। एक अभिभावक ने कहा, जब मैं अपने बेटे को बाहर घुमा-फिराकर लौटती हूं, तब मुझे खुद छुट्टियों पर जाने की जरूरत महसूस होने लगती है। एक अन्य अभिभावक ने कहा कि उनकी हालिया छुट्टियों का अनुभव इतना खराब था। कि उन्होंने अपनी अगली यात्रा रद्द कर दी और भविष्य में कभी भी बाहर न जाने का फैसला किया। छुट्टियां मनाने आए अन्य लोगों की प्रतिक्रियाएं -हमारे अनुसंधान में कई ऐसी वजहें सामने आईं, जिससे ऑटिज्म के शिकार बच्चों के माता-पिता उन्हें छुट्टियों पर ले जाने में हिचकिचाते हैं। हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि अपने बच्चों के बर्ताव के प्रति छुट्टियां मनाने आए अन्य लोगों की प्रतिक्रियाएं इस हिचक का सबसे बड़ा कारण थीं।

### मच्छरों से होने वाली बीमारियों से सुरक्षा देना जरूरी

**नई दिल्ली।** इको बायोट्रैप्स और रेंटोकिल ने मच्छरों से पैदा होने वाली बीमारियों से आम जान को सुरक्षा दिलाने के लिए साझेदारी की है। यह साझेदारी मच्छरों के खिलाफ लड़ाई में एक उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। इको बायोट्रैप्स का क्रांतिकारी मच्छर नियंत्रण समाधान रेंटोकिल पीसीआई की व्यापक पहुँच और उनकी बेहतर सेवा के साथ तालमेल बिठाकर दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती यानी मच्छरों से पैदा होने वाली बीमारियों से समाधान दिला सकती है। ईको बायोट्रैप्स का मच्छर नियंत्रण समाधान अगर वैज्ञानिक तरीके से निरंतर समय के लिए आरपीसीआई के सर्विस एक्सपर्टीज के साथ लागू किया जाए तो वर्कप्लेस, स्कूल, हॉस्पिटल, होटल, रिसोर्ट, रेस्टोरेंट और आईटी पार्क आदि को प्रभावी तरीके डेंगू मच्छर फ्रीजोन बनाया जा सकता है। इको बायोट्रैप्स के सीईओ और फाउंडर प्रसाद फड़के ने पीसीआई के साथ साझेदारी पर कहा,रेंटोकिल पीसीआई के साथ हमारी साझेदारी सार्वजनिक स्वास्थ्य और मच्छर नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ईकोबायोट्रैप्स मात्र मच्छरों को नियंत्रित करने का समाधान नहीं है बल्कि यह मच्छरों की बीमारी की रोकथाम और नियंत्रण में एक बेहतर बदलाव है। ईकोबायोट्रैप्स का साइंटिफिक इनोवेशन और पीसीआई की सर्विस एक्सपर्टीज तथा पहुँच और दोनों संगठनों की मानव समाज के प्रति बेहतर करने की प्रतिबद्धता मच्छरों से पैदा होने वाली बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस साझेदारी से एक ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए रास्ता साफ होगा जहाँ मच्छर से होने वाली बीमारियों का कोई नामों-निशान नहीं होगा। रेंटोकिल के मैनेजिंग डायरेक्टर डेविड लुईस ने साझेदारी की पुष्टि करते हुए कहा, हमारी साझेदारी कई मायनों में काफी अलग है क्योंकि यह साझेदारी विशेषज्ञता और समर्पण के मिश्रण का एक उदाहरण है। यह साझेदारी वेक्टर-जनित बीमारियों से निपटने और सस्टेनबिलिटी तथा पर्यावरणीय प्रबंधन का सहयोग करते हुए मानव जीवन की रक्षा करने की शानदार प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# अमेरिका : दक्षिण सिएटल में हुक्का लाउंज में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, छह घायल

**भाषा।** सिएटल (अमेरिका)

**अमेरिका** के दक्षिण सिएटल में रविवार को एक हुक्का लाउंज में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिएटल पुलिस ने रविवार सुबह माउंट बेकर इलाके में हुई गोलीबारी के संभावित संदिग्ध या संदिग्धों के बारे में तत्काल कोई सूचना जारी नहीं की। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर अधिकारी रविवार सुबह करीब साढ़े चार बजे मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, मौके पर अधिकारियों को दो पुरुष और एक महिला घायल अवस्था में मिले। दोनों पुरुषों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि महिला ने बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के पीड़ितों के नाम और उनकी उम्र की जानकारी तत्काल नहीं दी गई है। पुलिस ने बताया कि घायल छह लोगों में से एक की हालत गंभीर है और अन्य पांच की स्थिति स्थिर है।


**Public Notice**

This is to inform general public that Smt. Vandana acquired the Built-up Second Floor with Roof Rights "Said Floor" area measuring 150 Sq Yds, Built-up Property no H-32, Situated in Vill Bassai Darapur, Colony Known as Bali Nagar, Block-H, Najafgarh Road, Delhi-110015 vide Sale Deed dated 18.05.2013, Doc no. 10602.Above said owners have misplaced the Original Sale Deed dated 25.05.1979 Doc. No. 2140, SRO- Delhi and Original Will dated 21.03.2002 executed by Mr. Chaman Lal Dhal in favour of Mrs. Bimla Devi. Anyone who finds the above said documents, kindly handover the same to the Manager of IndusInd Bank, Jhandewalan Extn. New Delhi Now, Smt. Vandana is mortgaging the said property with IndusInd Bank, Jhandewalan Extn. New Delhi. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

LAND ADMEASURING 1.84375 ACRES SITUATED IN VILLAGE GADAULI/GADOLI KALAN TEHSIL AND DISTRICT GURUGRAM, HARYANA, located at Khewat No. 122 Khata/Khatuni No. 128, Khasra No. 144/2 (Total 57 Biswa 40 Biswansi) [hereafter 'LAND']

Be it known to all that M/s Signatureglobal Business Park Private Limited (CIN-U70109DL2019PTC346164) is the owner of the Land who has represented that Land is free from all sorts of encumbrances (registered or un-registered) including but not limited to sale, gift, mortgage, charge, lien, claims, disputes etc.

Any other person(s) having any claim against, into or upon the Land or any part thereof by virtue of sale, inheritance, agreement, contract, mortgage, lien, charge etc. or otherwise howsoever and of whatsoever nature is hereby required to notify the same in writing along with supporting documentary evidence to the undersigned within 15 (fifteen) days, from the date of publication of this notice, failing which any claim and/or objection, if any, shall be considered as waived and abandoned and shall not be binding upon the above owners of the land.

Chambers of Soham Kumar
E-4, 2nd floor, Defence Colony,
New Delhi – 110024
Email: info@chambersofsohamkumar.com;
Tel: +91 124 466279.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, H. P. MITTAL S/O KHUBI RAM GUPTA R/O- A-306, ANAND LOK CGHS LTD., MAYUR VIHAR-I, DELHI-110091 I am the legal owner of A-306, ANAND LOK CGHS LTD., MAYUR VIHAR-I, DELHI, FILE NO. F-5(269)1996 which is allotted by the DDA. Original SHARE CERTIFICATE of the above Flat has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide LR No. 803496/2023, Dated-21-08-2023. Any person (s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone 9899737770 within 15 days from the date of publication of this notice.Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/contact me.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, Smt. Harpreet Kaur W/o Sh. Virender Singh Kochar R/o Flat No.201-C,Second Floor,Block-WP, Pitampura,Delhi.Purchaser/owner of DDA LIG Flat No. 201-C, Second Floor, Block-WP, Pitampura, Delhi, Vide File No.F. 36(300) 89/P P/NP.The Original Documents I.e. Original Demand Letter,Possession Letter,Site Possession Slip, NOC Water & Electricity, All DDA Documents of the above said Flat has been lost.An F.I.R./DDR No.LR No:801278/2023 dated 21/08/2023, to this effect has been lodged in Delhi Crime Branch.If Any Person(s) Claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above address/phone no. 6393050858 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right,internet, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director Housing or Director Housing, DDA, Vikas Sadan, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at largethat Mr. Chetan who has purchased theResidential Freehold Vacant Plot ofland area measuring 100 Sq. Yards, outof Khasra No. 1576min, Situated in theVillage Rajapur, Pargana Dasna Tehsil& Distt. Ghaziabad, U.P from Mr.Santram S/o Late Horam., who isrecorded owner Original Will dated24.04.2006 executed by Mr. MamchandS/o Late Mr. Horam in favour of Mr.Santram S/o Late Mr. Horam in respectof House, area measuring 100 sq. yd.(83.61 sq. mtr.) out of Khasra No.1576Min. and same to be financed byUmmeed Housing Finance Pvt. Ltd., Ifany Person having any type ofclaim/right/ title/ interest over the saidproperty, may inform in writing, at theaddress mentioned below, about hisobjections, with in 7 days from today,failing which it shall be presumed that thesaid property is free from all type ofEncumbrances, lien etc.LUCEM LEGAL LLPB-93B, SECOND FLOOR,OPPOSITE SBI BANKSector 2, Noida, UP-201301Contact#0120-4130438

**ई-नीलामी सूचना**

जल प्रभावित विभिन्न गारमेंट्स, रॉ फैब्रिक, पैकेजिंग मैटीरियल्स तथा एक्सेसरीज इत्यादि

इच्छुक खरीदार "जल प्रभावित विभिन्न गारमेंट्स, रॉ फैब्रिक, पैकेजिंग मैटीरियल्स तथा एक्सेसरीज इत्यादि" का "एक मुश्त" आधार पर निपटान के लिए ई-नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। विषयगत कबाड़ "जैसा है जहां है", "जो है वहां है" तथा "कोई शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा तथा मैसर्स क्यूटीकम्बर डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड का है। उपरोक्त मैटीरियल का निरीक्षण ई-91 एवं ई-92, सेक्टर ए-5/6, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201103 में 22-08-2023 से 04-09-2023 के बीच केवल पूर्वा. 10 बजे से अप. 5 बजे के बीच किया जा सकता है। निरीक्षण के लिए कृपया श्री दीनदयाल जायसवाल से 8860141042 पर सम्पर्क करें।

ई-नीलामी 05-09-2023 को आयोजित की जाएगी

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों से युक्त फार्म प्राप्त करने के लिए कृपया श्री अतुल हलार्नकर से 7738164069 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें।

नीलामकार : सील दि डील, पंजीकृत कार्यालय 148, पाकेट सी-2, सेक्टर-5, रोहिणी, दिल्ली-110085

फार्म तथा ईएमडी डिमांड ड्राट जमा करने की अंतिम तिथि 04-09-2023 है

**PUBLIC NOTICE**

LAND ADMEASURING 1.8986 ACRES SITUATED IN VILLAGE GADAULI KALAN SUB TEHSIL KADIPUR DISTRICT GURUGRAM, HARYANA, HB NO. 49, SECTOR 37D located at:

(i) Khewat No. 83 (1/12) Khata/Khatuni No. 87 Khasra No. 221 (2-15-0) (4 Biswa 12 Biswansi);
(ii) Khewat No. 79 (1/12) Khata/Khatuni No. 83 Khasra No. 130 (4-5-0) (7 Biswa 2 Biswansi);
(iii) Khewat No. 83 (2/15) Khata/Khatuni No. 87 Khasra No. 221 (2-15-0) (7 Biswa 7 Biswansi);
(iv) Khewat No. 79 (2/15) Khata/Khatuni No. 83 Khasra No. 130 (4-5-0) (11 Biswa 7 Biswansi);
(v) Khewat No. 83 (1/12) Khata/Khatuni No. 87 Khasra No. 221 (2-15-0) (4 Biswa 12 Biswansi);
(vi) Khewat No. 79 (1/12) Khata/Khatuni No. 83 Khasra No. 130 (4-5-0) (7 Biswa 1 Biswansi);
(vii) Khewat No. 83 (2/15) Khata/Khatuni No. 87 Khasra No. 221 (2-15-0) (7 Biswa 7 Biswansi);
(viii) Khewat No. 79 (2/15) Khata/Khatuni No. 83 Khasra No. 130 (4-5-0) (11 Biswa 7 Biswansi).

[hereafter 'LAND']

Be it known to all that M/s Signatureglobal Business Park Private Limited (CIN-U70109DL2019PTC346164) is the developer of the Land who has represented that Land is free from all sorts of encumbrances (registered or un-registered) including but not limited to sale, gift, mortgage, charge, lien, claims, disputes etc.

Any other person(s) having any claim against, into or upon the Land or any part thereof by virtue of sale, inheritance, agreement, contract, mortgage, lien, charge etc. or otherwise howsoever and of whatsoever nature is hereby required to notify the same in writing along with supporting documentary evidence to the undersigned within 15 (fifteen) days, from the date of publication of this notice, failing which any claim and/or objection, if any, shall be considered as waived and abandoned and shall not be binding upon the above owners of the land.

Chambers of Soham Kumar
E-4, 2nd floor, Defence Colony,
New Delhi – 110024
Email: info@chambersofsohamkumar.com;
Tel: +91 124 466279.

# नारीत्व में ही नेतृत्व समाहित है : राष्ट्रपति

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने नारी शक्ति की अपार क्षमताओं को रेखांकित करते हुए सोमवार को कहा कि विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए मिसाइल से संगीत तक विविधि क्षेत्रों में नारी ने सफलताओं की उंच्चाइयों को छुआ है और नारीत्व में ही नेतृत्व समाहित है। राष्ट्रपति ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं सभी देशवासियों की ओर से समस्त वीर नारी बहनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। मुर्मू ने कहा, मुझे यह जानकर संतोष हुआ है कि वीर-नारी बहनों के कल्याण के लिए आह्वान नामक योजना चलाई जा रही है। इसके लिए मैं आवा की विशेष सराहना करती हूं। उन्होंने कहा कि आवा द्वारा यहां प्रदर्शित की गई उद्यमिता प्रदर्शनी से भारत की नारी प्रतिभा की सुंदर झलक देखने को मिली है।राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी बहनें सजावट से लेकर उपयोगिता क्षेत्र तक, अनेक सुंदर और उपयोगी वस्तुएं कुशलता के साथ बना रही हैं और प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं आशा करती हूं कि उद्यमशील महिलाओं की प्रतिभा और परिश्रम को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहेगा। मुर्मू ने कहा कि सचमुच नारी में इतनी शक्ति है जिसके कारण उसे नारी शक्ति कहा जाता है। उन्होंने कहा कि अस्मिता शब्द के प्रचलित अर्थ हैं, अस्तित्व का बोध होना तथा आत्मगौरव का भाव होना। उन्होंने कहा, नारी समुदाय में आत्म-गौरव की भावना के आधार पर ही एक गौरवशाली समाज और राष्ट्र का निर्माण करना संभव होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी बदलाव की शुरुआत, विचारों में बदलाव के साथ ही होती है, कुछ पुराने विचारों को छोड़ने और नए विचारों को अपनाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, जन्म देने की क्षमता केवल नारी में ही है। नारी में नेतृत्व देने की क्षमता भी है, यह विश्वास सभी बहनों में होना चाहिए। नारीत्व में नेतृत्व समाहित है। मुर्मू ने कहा कि उनकी मुलाकात अनेकों ऐसे महिलाओं से हुई है जो परिश्रम के बल पर और चुनौतियों को पार करते हुए सफलता के शिखर पर पहुंची हैं।उन्होंने कहा, अधिकांश बहनों और बेटियों ने सफलता की उंच्चाइयों तक पहुंचने के लिए गंभीर चुनौतियों का सामना किया है। मिसाइल से संगीत तक, हमारी बहनों ने असाधारण सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सरल शब्दों में कहें तो नारी में अपार शक्ति है, नारी कुछ भी कर सकती है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी नारी, आज देश आर्थिक रूप से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश निरंतर आगे बढ़ने को प्रयासरत है। एडब्ल्यूडब्ल्यूए की अध्यक्ष अर्चना पांडे ने अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपलब्धियों को रेखांकित किया और कहा कि राष्ट्रपति स्वयं नारी शक्ति को प्रदर्शित करती हैं।

## नए उर्वरक बैग में मोदी की रासायनिक पोषकों का उपयोग कम करने की अपील शामिल

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** उर्वरक के बैग के लिए एक नया कवर डिजाइन जारी किया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसानों से रासायनिक फसल पोषक तत्वों का उपयोग कम करने की अपील भी शामिल की गई है।आधिकारिक और उद्योग सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।केंद्र सरकार ने उर्वरक सब्सिडी योजना प्रधानमंत्री भारतीय जनसंख्या परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत उर्वरकों के लिए एक एकल ब्रांड भारत और एक लोगो पेश कर एक राष्ट्र, एक उर्वरक को लागू करने का निर्णय किया है।उर्वरक कंपनियों के सभी अधिकारियों को शुक्रवार को लिखे एक पत्र में, उर्वरक विभाग ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि बैग के डिजाइन में प्रधानमंत्री की किसानों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने की अपील भी शामिल की जानी चाहिए। सूत्रों ने बताया कि पत्र के साथ विभाग ने रसायन एवं उर्वरक मंत्री द्वारा अनुमोदित इस नए डिजाइन को सभी निर्माताओं के साथ साझा कर दिया हैं।

# मानहानि मामले में राहुल गांधी ने निचली अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी

भाषा। मुंबई



**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने आपराधिक मानहानि की शिकायत में शिकायतकर्ता आरएसएस कार्यकर्ता को नए और अतिरिक्त दस्तावेज सौंपने की अनुमति देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी अर्जी में गांधी ने दावा किया है कि उच्च न्यायालय की अन्य पीठ ने 2021 में शिकायतकर्ता राजेश कुंटे को इस मामले में कोई नया दस्तावेज सौंपने की अनुमति नहीं दी थी। हालांकि, महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने कुंटे को इस साल जून में नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति दे दी थी।गांधी की याचिका में दावा किया गया है कि इस चरण में कुंटे को नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति देने का मजिस्ट्रेट का आदेश पूरी तरह अवैध एवं पूर्वाग्रहपूर्ण है। कुंटे ने अपनी मानहानि की शिकायत में दावा किया है कि राहुल ने गलत एवं मानहानिकारक बयान दिया कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए आरएसएस जिम्मेदार था।सोमवार को गांधी की याचिका सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति एस वी कोतवाल की एकल पीठ के सामने आई।न्यायमूर्ति कोतवाल ने कहा कि 2021 में उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इस शिकायत में अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने से संबंधित कुंटे की अर्जी पर सुनवाई की थी, इसलिए यदि वही पीठ गांधी की अर्जी पर सुनवाई करे, तो बेहतर होगा।न्यायमूर्ति कोतवाल ने कहा, यदि आप (गांधी के वकील कुशल मोर) कह रहे हैं कि इस मुद्दे पर पहले इस उच्च न्यायालय में सुनवाई हो चुकी है, तो ऐसे में यदि वही न्यायाधीश इस याचिका पर सुनवाई करते हैं, तो बेहतर होगा। पीठ ने कहा, मोर की दलीलों पर गौर करने के बाद शिष्टाचार यही कहता है कि यह मामला उन्हीं विद्वान न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए, जिन्होंने पहले इस मामले की सुनवाई की थी।

## क्विक न्यूज

### पुलिस के साथ झड़प के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत

**चंडीगढ़, संगरूर।** कुछ किसान नेताओ को हिरासत मे लिए जाने को लेकर संगरूर जिले मे सोमवार को किसानो के साथ हुई झड़प मे ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि मरने वाला व्यक्ति एक किसान था, जो जिले के लोगोवाल इलाके मे विरोध प्रदर्शन मे भाग ले रहा था, जहां पुलिस प्रदर्शनकारियो को राष्ट्रीय राजमार्ग और एक टोल प्लाजा को अवरुद्ध करने से रोकने की कोशिश कर रही थी। किसान मजदूर संघर्ष समिति, भारती किसान यूनियन (क्रांतिकारी), बीकेयू (एकता आजाद), आजाद किसान समिति, दोआबा, बीकेयू (बेहरामके) और भूमि बचाओ मुहिम सहित सोलह किसान संगठनो ने मंगलवार को चंडीगढ़ मे प्रदर्शन करने की योजना बनाई है, जिससे एक दिन पहले किसान प्रदर्शन कर रहे थे। संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुरेंद्र लांबा ने बताया कि किसान यूनियन के सदस्य संगरूर-बरनाला राष्ट्रीय राजमार्ग और बदबार टोल प्लाजा को अवरुद्ध करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। लांबा ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियो और बसो पर सवार प्रदर्शनकारी किसान पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधको को जबरन पार कर गए। उन्होने बताया कि कुछ लोगो ने अपने ट्रैक्टरो को बैरिकेड मे घुसा दिया। पुलिस ने बताया कि एक पुलिस निरीक्षक ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे कुचले जाने से बच गए, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गए, एक अन्य पुलिसकर्मी के चेहरे पर चोट आई और तीन अन्य को भी चोटें आईं। अधिकारियो ने बताया कि प्रीतम सिंह नाम का एक किसान प्रदर्शनकारियो में से एक की ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आ गया और उसे गंभीर चोटें आईं। उन्होने बताया कि बाद में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बुजुर्ग किसान के ट्रॉली के पिछले टायर के नीचे आने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में कुछ किसानों को वाहन चालक से रुकने के लिए कहते देखा गया, लेकिन वह नही रुका। पुलिस ने कहा कि यह घटना विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ ट्रैक्टर और बस चालकों के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण हुई। एसएसपी ने कहा कि विरोध हिंसक होने पर कुछ प्रदर्शनकारियो ने पुलिसकर्मियो पर लाठियों से हमला किया। उन्होने कहा कि स्थिति अब शांतिपूर्ण है और पुलिस ने उच्चतम स्तर का संयम बरता। इससे पहले दिन की शुरुआत में, किसानो ने दावा किया कि किसान मजदूर संघर्ष समिति (केएमएससी) के अध्यक्ष सरवन सिंह पंढेर, केएमएससी के सत्कार सिंह कोटली, बीकेयू (बेहरामके) के बोहर सिंह सहित उनके कई नेताओं को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया। तरनतारन जिले के एक किसान नेता ने कहा कि पुलिस ने कथित तौर पर किसान नेताओं के आवासो पर छापेमारी की और उन्हे हिरासत मे लिया। किसानो ने कहा था कि वे चंडीगढ़ के सेक्टर 17 में परेड ग्राउंड पर विरोध प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन प्रशासन चाहता था कि वे सेक्टर 25 में एक निर्दिष्ट स्थान पर प्रदर्शन करें।

### कांग्रेसी सरकार ने राजस्थान के युवाओं को उपेक्षित रखाः आकाश आनंद

**बानसूर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आव्हान पर धौलपुर से प्रारंभ हुई सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय संकल्प यात्रा सोमवार को सुबह 10 बजे अलवर से शुरू होकर से शुरू होकर तिजाराए आलिमपुर सांचोर होते हुए बानसूर पहुँची। हज़ारों की भीड़ में मौजूद समर्थकों ने आकाश आनंद का स्वागत किया। किशनगढ़ बास में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया था। मुंडावर में आकाश आनंद ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पैदल मार्च किया। जनसभा को संबोधित करते हुए बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने कहा स्कूलों में जहाँ बच्चों के साथ भेदभाव न हो ऐसा है बाबा साहेब के सपनों का भारत। जहाँ माँ.बहनों के साथ अत्याचार न होए जहाँ हर धर्म.जाति को बराबरी का अधिकार मिलेए ऐसा है बाबा साहेब के सपनों का भारत। बीएसपी के साथ जुड़कर एक समतामूलक समाज का निर्माण किया जाएगा। आकाश आनंद ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार बहुजन समाज के साथ-साथ सर्वसमाज विरोधी है। कांग्रेस की सरकार ने वादा किया था 3300 रुपये बेरोजगार युवाओं को देने काए सस्ते गैस और सिलिंडर देने काए लाखों युवाओं को रोजगार देने काए महिलाओं को मुफ्त शिक्षा देने का परन्तु कांग्रेस सरकार ये कुछ ना दे पाईए और सिर्फदे पाई तो दुख और दर्द। संकल्प यात्रा में शामिल पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का जोशीले अंदाज में स्वागत-सम्मान किया। आकाश आनंद के नेतृत्व में हजारों की संख्या में महिला, पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। बसपा नेता अशोक सिद्धार्थ ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी केवल एक पार्टी नही, बल्कि महापुरुषों का एक पवित्र आंदोलन है जो इस देश में सदियों से सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षिक और वंचित समाज में जागरूकता पैदा करके इस देश का हुक्मरान बनाना चाहता है। बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई। यात्रा प्रदेश के करीब 150 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

### भूमिहीनों को जमीन देने के विरोधी 50 हजार निर्दोष लोगों की मौत के जिम्मेदारः मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि प्रशासन की ओर से शुरू की गई भूमिहीन के लिए भूमि नीति का विरोध करने वाले लोग वही लोग है जो पिछले तीन दशकों में प्रदेश में 50 हजार लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जम्मू-कश्मीर के लिए लगभग दो लाख घर स्वीकृत किए गए है, लेकिन इनमे से कई लाभार्थियो के पास घर बनाने के लिए जमीन नही है।सिन्हा ने यहां पंचायतो की एक तीन दिवसीय कार्याशाला में कहा, वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार योजना के पात्र लोगों को जमीन देने का निर्णय लिया गया। हालांकि, जब गरीबो को जमीन और घर मिलते है, तो कुछ परेशान लोग ऐसी ही प्रतिक्रिया देते है। उन्होने कहा कि कुछ नेता कर रहे है कि गैर स्थानीय लोगो को जमीन दी गई है। सिन्हा ने कहा, मै यहां मौजूद पंचायत सदस्यों से बस इतना पूछना चाहता हूं कि मुझे एक भी गैर-स्थानीय व्यक्ति का नाम बताएं, जिसे जमीन दी गई हो। जो लोग ऐसे बयान दे रहे है उनकी वजह से 50 हजार निर्दोष लोग मारे गए थे। केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने कहा कि सिन्हा के मार्गदर्शन में जम्मू-कश्मीर में सुशासन की शुरुआत हुई है।पाटिल ने कहा, देश के सभी राज्यो से जन प्रतिनिधि (यहां) मौजूद है। भारत के प्रधानमंत्री हमेशा कहते है कि गांव का विकास होता है तो देश का विकास होता है।

### ओला ने फ्यूचर फैक्ट्री शुरू की

**बेंगलुरू।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने कृष्णागिरी, तमिलनाडु में ओला फ्यूचर फैक्ट्री में आयोजित अपनी वार्षिक कस्टमर डे ईवेंट में 'शीतयुग का अंत' पार्ट 1 की घोषणा की। कंपनी ने विश्व में ऑटोमोटिव के इलेक्ट्रिफिकेशन में भारत के नेतृत्व की शुरुआत करने की ओर अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बताया। ओला इलेक्ट्रिक के फाउंडर एवं सीईओ, भाविश अग्रवाल ने कहा, ''पिछले दो सालों में ओला ने भारत में टूव्हीलर के सेगमेंट में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाए जाने के मामले में अपनी कंपनी को शीर्ष पर स्थापित कर दिया है। हमारी इस उपलब्धि पर मुझे गर्व है, और मैं ओला समुदाय से मिले इस भरोसे व प्यार के लिए उनका आभारी हूँ। हम तेज गति से इलेक्ट्रिफिकेशन में देश का नेतृत्व स्थापित करने के उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं। अपनी मुख्य टेक्नॉलॉजी इनहाउस विकसित करके और विस्तार की अर्थव्यवस्था, स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं एवं मैनुफैक्चरिंग इंजीनियरिंग अपनाकर हम आईसीई वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच मूल्यों को पूरी तरह से समान बना देंगे। जेन2 प्लेटफॉर्म इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# सनी देओल ने अपने बंगले से संबंधित बकाया राशि चुकाने की पेशकश की : बीओबी

भाषा। मुंबई

**बैंक ऑफ बड़ौदा** (बीओबी) ने सोमवार को कहा कि अभिनेता सनी देओल ने मुंबई में अपने बंगले से संबंधित बकाया राशि का निपटान करने की पेशकश की है। बीओबी का यह बयान 56 करोड़ रुपए की वसूली के लिए अभिनेता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सनी देओल की संपत्ति की नीलामी के लिए जारी नोटिस वापस लेने के कुछ घंटों बाद आया है। बैंक ने कहा, कर्ज लेने वाले (सनी देओल) ने 20 अगस्त को जारी नीलामी नोटिस के अनुसार बकाया राशि का निपटान करने के लिए बैंक से संपर्क किया। उधारकर्तागारंटर को सूचित किया गया था कि वह नीलामी से पहले कभी भी बकाया राशिलागताशुल्क और व्यय का भुगतान करने के हकदार हैं। बैंक की ओर से रविवार को जारी सार्वजनिक नोटिस में कहा गया कि बैंक मुंबई के टोनी जुहू इलाके में गांधीग्राम रोड पर स्थित सनी विला की संपत्ति कुर्क की है। नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 51.43 करोड़ रुपए और 5.14 करोड़ रुपए की बयाना राशि तय की गई है। ऑनलाइन माध्यम से 25 अगस्त को यह नीलामी की जाएगी। नोटिस में कहा गया था कि अभिनेता के पास 2002 के सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के तहत होने वाली नीलामी को रोकने के लिए बैंक को बकाया चुकाने का विकल्प मौजूद है। बीओबी ने सोमवार सुबह जारी ऐसे ही एक नोटिस में कहा कि 20 अगस्त को जारी नोटिस को तकनीकी कारणों से वापस लिया जाता है। गुरदासपुर से सांसद बैंक से 55.99 करोड़ रुपए के ऋण व ब्याज और जुर्माने पर चूक का सामना कर रहे हैं। उन पर यह मामला दिसंबर 2022 से जारी है।

# ग्राम, ब्लॉक और जिला पंचायतों में अधिक समन्वय की जरूरत : गिरिराज

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय ग्रामीण** विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को गांव, ब्लॉक और जिला पंचायतों के बीच अधिक समन्वय का आह्वान किया और स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। तीन दिवसीय सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण पर राष्ट्रीय कार्यशाला (एलएसडीजी) का आयोजन श्रीनगर में किया गया जा रहा है। इसे ऑनलाइन संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि मेरी पंचायत मोबाइल ऐप की शुरुआत सोमवार को की गई है और इससे पंचायती राज संस्थानों के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी। जम्मू और कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा और पंचायती राज मामलों के राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सिंह ने केंद्र शासित प्रदेश में पंचायत चुनाव कराने को लेकर सिन्हा की प्रशंसा की और कहा कि स्थानीय शासन संस्थान देश की विकास गाथा लिखने में अहम भूमिका निभाएंगे। मंत्री ने कहा, हम अपनी पंचायतों को प्रौद्योगिकी के लिहाज से सक्षम बनाना चाहते हैं। मेरी पंचायत मोबाइल ऐप इस दिशा में नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2030 तक सतत विकास प्राप्त करने के तय लक्ष्य को प्राप्त करना है। यह पंचायत प्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी हैं। जनता जिसने आपको चुना है वह आपकी ओर देख रही है। सिंह ने कहा कि पंचायतों को समृद्ध बनाने की जिम्मेदारी सरपंचों की है। उन्होंने कहा कि पंचायत में होने वाली सभी गतिविधियों की जानकारी इस ऐप पर अपलोड की जानी चाहिए। मंत्री ने पंचायती राज प्रणाली के अलग-अलग स्तरों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पहले कभी नहीं किया गया। भारत में पंचायती राज व्यवस्था के तीन स्तर हैं – ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायतें, ब्लॉक स्तर पर मंडल परिषद या ब्लॉक समिति या पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद या जिला पंचायत। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि भारत को 2030 में कार्बन तटस्थ बनाने में पंचायतों की अहम भूमिका है।

## शरद पवार हमारे नेता बने रहेंगे : राकांपा मंत्री दिलीप वलसे पाटिल

**पुणे।** पिछले महीने अजित पवार के साथ महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल हुए वरिष्ठ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता दिलीप वलसे पाटिल ने सोमवार को शरद पवार के नेतृत्व में विश्वास जताया। इससे पहले उन्होंने कहा था कि पार्टी संस्थापक पवार अपनी लंबी राजनीतिक पारी के दौरान सरकार बनाने के लिए "स्पष्ट बहुमतै नहीं जुटा सके। शरद पवार पर अपनी टिप्पणी को लेकर आलोचना झेल रहे दिलीप वलसे पाटिल ने सोमवार को दावा किया कि पुणे जिले में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में की गई उनकी टिप्पणी को मीडिया ने तोड़-मरोड़ कर पेश किया। मंत्री ने कहा कि शरद पवार भविष्य में भी उनके नेता रहेंगे और 82 वर्षीय वरिष्ठ नेता के प्रति उनके मन में हमेशा सम्मान रहेगा।वलसे पाटिल ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंबेगांव में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि महाराष्ट्र के लोगों ने कभी भी शरद पवार को अपने दम पर या अकेले सरकार बनाने का मौका नहीं दिया।

## सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भटबेड़ा गांव में जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। उन्होंने बताया कि माओवादियों की पलटन संख्या 16 के प्रभारी मलेश, कमांडर विमला, कमांडर दीपक और अन्य नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर नारायणपुर डीआरजी और बस्तर फाइटर के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल के जवान आज सुबह नौ बजे जब भटबेड़ा गांव के जंगल में पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्वाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी होने के बाद नक्सली वहां से भाग गए।

# नीतीश कुमार के महागठबंधन में शामिल होने के बाद बिहार में कानून-व्यवस्था बदतर : पारस

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** पशुपति कुमार पारस ने सोमवार को आरोप लगाया कि जद-यू नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राजग छोड़कर राजद और अन्य दलों के साथ गठबंधन सरकार बनाने के बाद से बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर हो गई है। पारस ने विपक्षी एकता साधने के कुमार के प्रयासों पर कहा कि उनके नेताओं के परस्पर विरोधी हितों के कारण देश में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के खिलाफ कोई गठबंधन संभव नहीं है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राजग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ जीतकर लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगा। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पारस, केंद्र की राजग सरकार में गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष हैं। पारस ने कहा, बिहार में कोई भी दिन ऐसा नहीं जाता जब लूट, हत्या और अन्य गंभीर अपराध न होते हों। पुलिस, जनता, राजनेता और पत्रकार – कोई भी आज बिहार में सुरक्षित नहीं है। राज्य में एक पत्रकार की हत्या सहित अपराध की कुछ हालिया घटनाओं पर टिप्पणी मांगे जाने पर पारस ने कही। जब से कुमार राजग छोड़कर महागठबंधन में शामिल हुए हैं, बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर हो गई है। उन्होंने कहा, कुमार आज एक कमजोर और असहाय मुख्यमंत्री हैं। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ एकजुटता बनाने के लिए कुमार द्वारा विपक्षी दलों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के बारे में सवाल पर पारस ने कहा कि विपक्षी दलों के परस्पर विरोधी हितों के कारण ऐसा कोई गठबंधन संभव नहीं है।

# चंद्रयान-3 का मखौल उड़ाते अभिनेता प्रकाश राज का पोस्ट वायरल होने के बाद से विवाद

भाषा। मुंबई



**अभिनेता प्रकाश** को सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किए गए एक पोस्ट के लिए सोमवार को आलोचना का सामना करना पड़ा जिसे कई लोगों ने भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के मखौल के तौर पर लिया। हालांकि, प्रकाश राज ने एक अन्य पोस्ट में आलोचकों का जवाब देते हुए कहा कि नफरत केवल नफरत देखती है और वह एक पुराने परिहास का संदर्भ दे रहे थे।

प्रकाश राज ने रविवार को एक कार्टून साझा किया था जिसमें एक व्यक्ति शर्ट पहने हुए है और कमर पट्टे से एक बर्तन में चाय डाल रहा है। उन्होंने तस्वीर के साथ कन्नड में लिखा, ताजा खबर : चंद्रयान से पहली तस्वीर आई हैइ विक्रमलैंडर इ बस पूछ रहा हूं। प्रकाश राज ने कार्टून में दिख रहे व्यक्ति के बारे में विशेष तौर पर कुछ नहीं लिखा था लेकिन सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के सिवन के मखौल के तौर पर लिया और अभिनेता को आड़े हाथ लिया। अभिनेता को आड़े हाथ लेने वालों में कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, मैं प्रकाश राज की इस शर्मनाक ट्वीट के लिए निंदा करता हूं। इसरो की सफलता भारत की सफलता है। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को प्रक्षेपित किया गया था और यह 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने को तैयार है। यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला लैंडर होगा। इसरो ने रविवार को बताया कि विक्रम रोवर 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के सतह पर उतरेगा। अभिनेता ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उनकी पूर्व पोस्ट पुराने परिहास का संदर्भ था जो 1969 में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और चंद्रमा पर पहली बार कदम रखने वाले नील आर्मस्ट्रांग के समय का है। राज ने पोस्ट किया, नफरत केवल नफरत देखती है...मैं आर्मस्ट्रांग के समय के परिहास का संदर्भ दे रहा था...केरल चायवाला का उत्सव मनाए...किस चायवाल ने यह ट्रोल किया देखो??...अगर आप परिहास समझ नहीं सके तो यह परिहास आपके लिए है...परिपक्व बनोइबस पूछ रहा हूं। अभिनेता के इस पोस्ट ने कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को नाराज कर दिया। एक ने सरकार के खिलाफ मुखर रहने वाले राज से कहा कि वह राजनीतिक घृणा को इसरो की उपलब्धि से दूर रखें।

# मणिपुर हिंसा : पूर्व न्यायाधीश गीता मित्तल की समिति ने तीन रिपोर्ट सौंपी

भाषा। नई दिल्ली

**मणिपुर** में जातीय हिंसा के पीड़ितों के राहत और पुनर्वास कार्यों पर निगरानी के लिए पूर्व न्यायाधीश गीता मित्तल की अगुवाई में गठित समिति ने पहचान संबंधी दस्तावेजों को फिर से बनाए जाने और मुआवजा योजना में सुधार करने की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए सोमवार को उच्चतम न्यायालय में तीन रिपोर्ट सौंपी। सुप्रीम कोर्ट ने तीन रिपोर्ट पर विचार करते हुए कहा कि वह पूर्व न्यायाधीश मित्तल की समिति के कामकाज और प्रशासनिक आवश्यकताओं, प्रशासनिक एवं अन्य खर्चों को वहन करने के लिए वित्त पोषण तथा समिति द्वारा किए जा रहे काम के आवश्यक प्रचार के लिए एक वेब पोर्टल बनाने संबंधी मुद्दों से निपटने हेतु 25 अगस्त को कुछ प्रक्रियागत निर्देश जारी करेगा। शीर्ष न्यायालय ने सात अगस्त को पीड़ितों के राहत एवं पुनर्वास कार्यों और उन्हें दिए जाने वाले मुआवजे पर नजर रखने के लिए उच्च न्यायालय की तीन पूर्व महिला न्यायाधीशों की एक समिति गठित करने का आदेश दिया था। इसके अलावा महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस प्रमुख दत्तात्रेय पडसालगिकर को आपराधिक मामलों में जांच पर नजर रखने को कहा गया था। न्यायालय ने सोमवार को संक्षिप्त सुनवाई में कहा कि तीनों रिपोर्ट सभी संबंधित वकीलों और केंद्र तथा मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की मदद कर रहे वकीलों को दी जाए। उसने यह भी कहा कि पीड़ितों की ओर से पेश वकील वृंदा ग्रोवर समिति से विचार-विमर्श कर सुझाव एकत्रित करेगी।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की कार्यशाला आयोजित

**गाजियाबाद।** भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा नोडल एजेंसी इंडियन साइंस कम्यूनिकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के उच्च स्तरीय मानकों से जिला समन्वयकों एवं जिला एकेडमिक समन्वयकों को आत्म साक्षात् कराने के उद्देश्य से इन्द्रप्रस्थ इंजिनियरिंग काजेल साहिबाबाद, गाजियाबाद में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. संयम भारद्वाज, परीक्षा नियंत्रक सीबीएसई, नोडल अधिकारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश डॉ. वीपी सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य समन्वयक दीपक शर्मा, डॉ. अजय कुमार, निदेशक इन्द्रप्रस्थ इंजिनियरिंग काजेल साहिबाबाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ताओं श्रेयांस मंडलोई, संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश विज्ञान भारती, डॉ. आंचल अमिताभ, महिला



उद्यमी, प्रो.एमए अंसारी, जीबी पंत यूनिवर्सिटी, डॉ. निशा राणा, मेंबर नेशनल इवेल्यूएशन कमेटी, डॉ आलोक कुमार गोयल, ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर, डॉ. नफीस अहमद, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, डॉ. अजय कुमार, निदेशक, इन्द्रप्रस्थ इंजिनियरिंग कालेज ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

कार्यशाला में मंच संचालन मैमुना, असिस्अेन्ट प्रोफेसर, इन्द्रप्रस्थ इंजिनियरिंग कालेज, साहिबाबाद द्वारा किया गया। कार्यशाला में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों के 100 से अधिक जिला समन्वयकों एवं जिला एकेडमिक समन्वयकों ने प्रतिभाग किया।

नोडल अधिकारी पश्चिमि उत्तर प्रदेश डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितन्त्र को समझना के पांच उप विषय क्रमश: अपने पारितन्त्र को समझना, स्वास्थ्य, पोषण व कल्याण को प्रोत्साहन देना, पारितन्त्र और स्वास्थ्य के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रथाएं, आत्मनिर्भरता के लिए पारितन्त्र आधारित दृष्टिकोण, पारितन्त्र और स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य समन्वयक दीपक शर्मा ने कार्यशाला में अवगत कराया कि इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के 10 से 17 आयुवर्ग के बच्चे मुख्य विषय से संबन्धित स्थानीय समस्या पर शोध प्रक्रिया से प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुतिकरण करते हैं। 10 से 14 आयुवर्ग के बीच बच्चे जूनियर तथा 14 से 17 आयुवर्ग के बीच बच्चे सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करते हैं। सहारनपुर के जिला समन्वयक अम्बरीष कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान प्रतिभाओं की खोज करना तथा बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का अंकुरण कर उन्हे स्थानिय परीवेश में तार्किक वैज्ञानिक खोज की दिशा में आगे बढ़ाना है। 1993 से प्रतिवर्ष सम्पूर्ण भारतवर्ष में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में विशेष सहयोग मानवी, कार्तिकेय शर्मा, दीपांशु, विकास शर्मा द्वारा किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 अगस्त, 2023



# टीम इंडिया में तिलक को मौका

● राहुल और अय्यर एशिया कप के लिए भारतीय टीम में

भाषा। नई दिल्ली





**चोटिल होने** के कारण पिछले कुछ समय से बाहर चल रहे केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को 31 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए सोमवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया जबकि युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को भी पहली बार एकदिवसीय प्रारूप के लिए टीम में जगह दी गई। राहुल और अय्यर की फिटनेस पर सवालिया निशान लगे थे। यह दोनों खिलाड़ी क्रमश: जांघ और पीठ दर्द से उबर कर वापसी कर रहे हैं। अय्यर ने अपना आखिरी मैच मार्च में जबकि राहुल ने मई में खेला था। चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर ने जहां अय्यर को पूरी तरह से फिट घोषित किया वहीं राहुल की फिटनेस को लेकर सवालिया निशान बना हुआ है। अगरकर ने टीम घोषित करते हुए यहां कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को राहुल के बैकअप के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। हाल में राहुल को मामूली चोट के कारण परेशानी हो गई थी। पिछले महीने पद संभालने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में अगरकर ने कहा, राहुल की नई परेशानी का संबंध मूल चोट से नहीं है। यह मामूली चोट है। इसलिए संजू को श्रीलंका दौरे के लिए टीम में लिया गया है। हमें उम्मीद है कि राहुल फिट हो जाएंगे। अगर वह एशिया कप के शुरू में पूरी तरह फिट न भी होते हैं तो उनके दूसरे या तीसरे मैच तक फिट होने की संभावना है। श्रेयस अय्यर पूरी तरह से फिट हैं। चोट से उबरने के बाद आयरलैंड के खिलाफ चल रही वर्तमान श्रृंखला में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भी एशिया कप के लिए टीम में शामिल किया गया है। तिलक वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली टी20 श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। यह 20 वर्षीय खिलाड़ी अभी आयरलैंड दौरे पर है। जिन खिलाड़ियों को टीम में जगह नहीं मिली है उनमें लेग स्पिनर युजुवेंद्र चहल उल्लेखनीय हैं। टीम में कलाई का एकमात्र स्पिनर कुलदीप यादव शामिल है। स्पिन विभाग में हालांकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा भी शामिल हैं। हार्दिक पंड्या को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। वह और शार्दुल ठाकुर टीम में शामिल दो तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं जबकि कृष्णा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को वनडे में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद टीम में लिया गया है। भारत एशिया कप में अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा जबकि टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान चार मैचों की मेजबानी करेगा। वर्मा ने अभी तक वनडे नहीं खेले हैं और जब अगरकर से उन्हें टीम में शामिल करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज में हमने उनका न सिर्फ प्रदर्शन बल्कि जज्बा भी देखा। इससे हमें उन्हें टीम के साथ ले जाने का अवसर मिला।

**एशिया कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन (राहुल के बैकअप के रूप में)।

## हेडन को गिल और वर्मा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने उम्मीद जताई की एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले शुभमन गिल और तिलक वर्मा जैसे युवा बल्लेबाज प्रभावित करने में सफल रहेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र में दमदार प्रदर्शन करने वाले गिल वेस्टइंडीज दौरे पर अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके जबकि वर्मा ने टी20 श्रृंखला में पदार्पण करने के बाद अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया। हेडन ने सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कार समारोह के इतर कहा, खासकर बल्लेबाजी के मामले में यह प्रतिभाशाली समूह है। यह भारत को जीवंत बनाता है। गिल ने अभी तक अपने देश के लिए ज्यादा वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। तिलक वर्मा ने इस प्रारूप में पदार्पण नहीं किया है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे परिणाम देने में सक्षम नहीं हैं। हमने यही आईपीएल में देखा है। हमने ऐसे खिलाड़ियों को दमदार प्रदर्शन करते देखा है जो उससे पहले गुमनाम की तरह थे। इसलिए मुझे इस बात पर पूरा भरोसा है कि भारतीय क्रिकेट अच्छे हाथों में है।

# हम बल्लेबाज को रातों-रात किसी भी स्थान पर खेलने के लिए नही बोलते: रोहित

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि मध्यक्रम के उनके बल्लेबाज लचीलापन दिखाएं क्योंकि राष्ट्रीय टीम में किसी भी बल्लेबाज का किसी निश्चित स्थान पर खेलना तय नहीं है।भारतीय कप्तान ने साथ ही कहा कि प्रत्एक खिलाड़ी, चाहे उसे खेलने का मौका मिले या चूक जाए, उससे उसकी भूमिका और अंतरराष्ट्रीय करियर को लेकर वह कहां ठहरता है इसको लेकर स्पष्ट संवाद किया जाता है। एशिया कप के पहले मैच में लोकेश राहुल के नहीं खेल पाने की स्थिति में इशान किशन के क्रम के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, अजित अगरकर तस्वीर में नए हैं और उन्हें नहीं पता कि इससे पहले क्या हो रहा था। मैं जहां तक संभव हो उन्हें अपडेट रखने का प्रयास किया है। मैं इस टीम में जो एक चीज चाहता हूं वह यह है कि प्रत्एक खिलाड़ी किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार रहे। क्रिकेट अलग दिशा में जा रहा है। आप किसी भी स्थान पर खेल सकते हैं, कोई यह नहीं कह सकता कि मैं इस स्थान पर अच्छा हूं। प्रत्एक खिलाड़ी को यह संदेश दिया गया है, अब नहीं बल्कि पिछले दो, तीन या चार साल से ऐसा हो रहा है। , मुझे पता है कि बाहरी लोगों के लिए यह समझना मुश्किल है कि छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे खिलाड़ी को अचानक चौथे नंबर पर क्यों खिलाया जाता है। यह रातों रात नहीं होता। उसे इस भूमिका के लिए तैयार किया गया है। हम अंतरराष्ट्रीय खेल की बात कर रहे हैं। यह क्लब क्रिकेट नहीं है। भारत के पास चौथे नंबर पर कोई स्थापित बल्लेबाज क्यों नहीं है यह पूछे जाने पर रोहित थोड़े चिढ़े हुए नजर आए। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। यह चौथे नंबर के बारे में नहीं है। यह शीर्ष तीन और फिर उसके बाद चार, पांच, छह, सात और फिर अन्य बल्लेबाजों की बात है जो हमारे लिए मैच जीत सकते हैं। चुनौतियां है और खिलाड़ियों को दबाव में डाला जा रहा है और यह अच्छी चीज है। भारतीय कप्तान ने कहा, दुर्भाग्य से कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए और हमें काम के बोझ के प्रबंधन और अनुकूल संयोजन को देखते हुए अलग-अलग खिलाड़ियों को आजमाना पड़ा। हमारे पास नौ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और दो अभ्यास मैचों के बाद भी काफी मैच होंगे जहां इन खिलाड़ियों को किसी स्थान पर अपनी जगह पक्की करने का मौका मिलेगा। यह पूछने पर कि क्या क्रम में बदलाव से अस्थिरता नहीं आएगी, रोहित ने कहा, जब मैंने कहा कि लचीलापन जरूरी है तो मैंने कभी यह नहीं कहा कि हार्दिक (पंड्या) पारी का आगाज करेगा। ऐसा नहीं है। शीर्ष तीन नहीं बल्कि चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले को ऊपर या नीचे बल्लेबाजी करने में लचीलापन दिखाना होगा।

## करूआना को हराकर प्रज्ञानानंदा फाइनल में

बाकू (अजरबेजान)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सोमवार को यहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे टाईब्रेक मे दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना को 3.5-2.5 से हरा दिया। दो मैचों की क्लासिकल सीरीज।-। से बराबरी पर समाप्त होने के बाद 18 वर्षीय भारतीय प्रज्ञानानंदा ने बेहद रोमांचक टाईब्रेकर मे अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर को पछाड़ दिया। अब फाइनल में प्रज्ञानानंदा का मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से होगा।

## न्यूकैसल में तीसरे स्थान पर रहे अनिर्बान लाहिड़ी

**न्यूकैसल।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने अंतिम दौर मे तीन अंडर 68 का अच्छा स्कोर बनाया, जिससे वह इंटरनेशनल सीरीज इंग्लैड मे तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले यह 36 वर्षीय खिलाड़ी वियतनाम में इंटरनेशनल सीरीज में दूसरे स्थान पर रहा था। लाहिड़ी ने पहले तीन दौर मे 70, 69 और 69 का स्कोर बनाया था। इस तरह से उनका कुल स्कोर आठ अंडर 276 रहा तथा वह एंडी ओगलेट्री और इयान पॉल्टर के बाद तीसरे स्थान पर रहे।

## दीक्षा संयुक्त छठे और गंडास 20वें स्थान पर रहे

गलगॉर्म (उत्तरी आयरलैंड)। भारत की दीक्षा डागर ने यूरोपीय महिला टूर मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसपीएस हांडा विश्व आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त छठे स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया।दीक्षा इस 15 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 11वे स्थान पर थी लेकिन अंतिम दौर मे उन्होंने पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 मे जगह बनाने मे सफल रही।यह इस सत्र मे पांचवा अवसर है जबकि दीक्षा ने चोटी की 10 खिलाड़ियो मे जगह बनाई।

## क्लीवलैंड ओपन से हटी वीनस विलियम्स

**क्लीवलैंड।** वीनस विलियम्स घुटने की चोट के कारण क्लीवलैंड टेनिस टूर्नामेंट से हट गई है लेकिन इस सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को अगले सप्ताह से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन तक फिट होने की उम्मीद है। इस डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के आयोजकों ने एक वीडियो जारी किया है, जिसने वीनस ने कहा, दुर्भाग्य से मेरा घुटना चोटिल हो गया है जिससे मुझे खेलने मे परेशानी हो रही है। इस 43 वर्षीय खिलाड़ी को 28 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन मे वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्होंने 2000 और 2001 मे लगातार दो वर्ष अमेरिकी ओपन मे महिला एकल का खिताब जीता था।

## सिफ्ट ने भारत के लिए छठा ओलंपिक कोटा हासिल किया

**बाकू (अजरबैजान)।** उभरती हुई निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा ने सोमवार को आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व चैंपियनशिप मे महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा मे पांचवे स्थान पर रहकर भारत को पेरिस ओलंपिक का छठा कोटा दिलाया। इस महीने की शुरुआत मे चीन के चेंगदू मे विश्व विश्वविद्यालय खेलो मे अपने पसंदीदा स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीतने वाली 21 साल की इस खिलाड़ी ने फाइनल में 429.1 का स्कोर किया। सिफ्ट क्वालीफिकेशन दौर मे 589 अंक के साथ पांचवें स्थान पर थी।

## भारतीय सेना डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में

**कोकराझार।** भारतीय सेना फुटबॉल टीम ने सोमवार को यहां डूरंड कप के ग्रुप एफ मैच मे राजस्थान यूनाइटेड एफसी के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## विश्व कप से पहले चौथे तेज गेंदबाज और बैकअप बल्लेबाज पर ध्यान देना होगा भारत को: कार्तिक

**दुबई।** भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि चौथे तेज गेंदबाजी विकल्प की पहचान करना और बैकअप बल्लेबाज तैयार करने पर भारत को विश्व कप से पहले एशिया कप के दौरान प्राथमिकता देने की जरूरत है। भारत के शीर्ष क्रम में कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली शामिल होंगे जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज को जगह मिलेगी। कार्तिक ने ` कहा, दो विभाग हैं (जिन पर एशिया कप से पहले भारत को ध्यान देने की जरूरत है)। पहला यह कि चौथा तेज गेंदबाज कौन होगा।, हमारे पास जसप्रीत (बुमराह) है, हमारे पास (मोहम्मद) शमी है और हमारे पास (मोहम्मद) सिराज है। हम इन तीनों को लेकर सुनिश्चित हैं लेकिन चौथा कौन होगा? कर्तिक ने कहा, क्या वह शारदुल ठाकुर होगा? क्या वह प्रसिद्ध कृष्णा होगा? मुकेश कुमार? या आप उमरान मलिक की गति के साथ जाओगे? मध्य क्रम में फिनिशर की भूमिका को देखते हुए कार्तिक को युवा तिलक वर्मा विश्वसनीय विकल्प लगते हैं।

# राहुल की चोट मामूली, अय्यर को पर्याप्त मौका : अगरकर



भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने सोमवार को कहा कि श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल के लिए एकदिवसीय विश्व कप से पहले खेलने का पर्याप्त मौका मिलना काफी अहम है।राहुल और अय्यर दोनों को एशिया कप में भाग लेने वाली 17 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। राहुल फिर से मामूली रूप से चोटिल हो गए हैं। उनकी इस चोट का हालांकि मूल चोट से कोई संबंध नहीं है। इस चोट के कारण राहुल का एशिया कप में दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है।अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद मीडिया से बात करते हुए इस संभावना से इंकार नहीं किया कि राहुल पहले मैच से बाहर रह सकते हैं। पिछले महीने पद संभालने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में अगरकर ने कहा, राहुल टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खेलते हैं। उम्मीद है कि वह पहले मैच से ही चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। राहुल और अय्यर दोनों लंबे समय से चोटिल थे और उन्होंने फिट होने के लिए काफी मेहनत की है। राहुल को फिर से चोटिल होने से छोटा झटका लगा है लेकिन हमें उम्मीद है कि सब ठीक हो जाएगा। वह एक बहुत ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। अगरकर ने टीम घोषित करते हुए यहां कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को राहुल के बैकअप के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। हाल में राहुल को मामूली चोट के कारण परेशानी हो गई थी। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, हमें जो बताया गया है, उसके अनुसार यह चोट (राहुल के मामले में) ज्यादा गंभीर नहीं है। हमारे पास विश्व कप से पहले अभी भी डेढ़ महीने का समय है, उम्मीद है कि उन्हें (अय्यर और राहुल) उससे पहले पर्याप्त क्रिकेट मिलेगा। अगरकर ने यह भी स्पष्ट किया कि ईशान किशन फिलहाल रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकल्प के तौर पर सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में हैं। इससे निकट भविष्य में शिखर धवन की वापसी की संभावना खारिज हो गई है। रोहित कोई बुरा खिलाड़ी नहीं है, शुभमन के लिए यह साल शानदार रहा है। किशन के साथ भी यही स्थिति है। शिखर भारत के लिए एक शानदार खिलाड़ी रहे हैं। इस समय ए तीनों खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आप टीम में केवल 15 खिलाड़ियों को ही रख सकते है। दुर्भाग्य से किसी को बाहर होना पड़ेगा। फिलहाल ए हमारे पसंदीदा सलामी बल्लेबाज हैं। युजवेंद्र चहल को टीम में नहीं चुनने पर अगरकर ने कहा, वह भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। कभी-कभी चीजें टीम के संतुलन या संयोजन पर निर्भर रहती है।

## मूडी ने एशिया कप टीम में वर्मा के चयन को साहसिक करार दिया

**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी ने सोमवार को आगामी एशिया कप के लिए युवा तिलक वर्मा को टीम इंडिया मे शामिल किए जाने की सराहना करते हुए इसे साहसिक और चतुराई भरा निर्णय बताया। अजित अगरकर की अगुवाई वाली बीसीसीआई चयन समिति ने 31 अगस्त से पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाने वाले महाद्वीपीय मुकाबले के लिए 17 सदस्ईय टीम की घोषणा की। वर्मा को कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव के साथ छठे विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप मे टीम में शामिल किया है। मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत चयन है। मै इसे साहस के साथ चतुराई भरा फैसला कहूंगा। वह तेजी से उभरता हुआ खिलाड़ी है। वह कौशल मे बेहतर होने के साथ मजबूत मानसिकता वाला खिलाड़ी है। वह अपने खेल में इसे लगातार दिखा भी रहा है। वह वामहस्त बल्लेबाज है और ऐसे में पांचवे या छठे क्रम पर खास कर के स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय भारत को विविधता मिल सकती है।

## बल्लेबाजी क्रम के किसी एक स्थान से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता: गांगुली

**मुंबई।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि भारत के पास अपनी वनडे टीम में चौथे स्थान के बल्लेबाज लिए बहुत सारे विकल्प है और सिर्फ एक स्थान पर ध्यान देकर विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट नही जीते जा सकते। गांगुली ने कहा कि टीम प्रबंधन को एक खिलाड़ी को तय कर उसे चौथे स्थान पर लंबे समय तक मौका देना चाहिए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष गांगुली ने कहा , भारत में अपार प्रतिभा है। मै इस तरह की शिकायतें सुनता रहता हूं कि हमारे पास यह नही है , वह नही है , लेकिन हमारे पास बहुत कुछ है और समस्या यह है कि हम निर्णय नही ले पा रहे है। बल्लेबाजी मे चौथे क्रम को लेकर राहुल (द्रविड़), चयनकर्ताओं और रोहित (शर्मा) को किसी एक खिलाड़ी को तय कर उसे लगातार मैचों में मौका देना चाहिए। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा , चौथा क्रम सिर्फ एक नंबर है और इसमे कोई भी फिट हो सकता है। मैने एक दिवसीय क्रिकेट मे मध्य क्रम में शुरुआत की और फिर पारी का आगाज करने लगा क्योंकि मुझे तत्कालीन कप्तान सचिन (तेंदुलकर) ने ऐसा कहा था। सचिन के साथ भी ऐसा ही हुआ था। तेंदुलकर ने करियर की शुरूआत मे छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। जब उनके कप्तान ने उन्हें पारी का आगाज करने के लिए कहा तो वह एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी बन गए। नंबर चार पर कोई भी खेल सकता है।

## भारतीय टीम से बाहर होने से हताश हो गया था : पुजारा

लंदन। अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने सोमवार को स्वीकार किया कि भारतीय टेस्ट टीम से बाहर होना एक निराशाजनक अनुभव था और इससे उन्हें आत्म-संदेह और अहं पर चोट का सामना करना पड़ा। पैंतीस साल के इस बल्लेबाजी को वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नही मिली थी। भारत के लिए 103 टेस्ट खेलने वाले पुजारा ने राष्ट्रीय टीम के लिए पिछला टेस्ट जून मे द ओवल मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैपियनशिप फाइनल के रूप में खेला था जिसमें उन्होंने 14 और 27 रन बनाए थे। पुजारा ने फाइनल वर्ड पोडकास्ट से कहा, पिछले कुछ वर्षो मे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। यह एक खिलाड़ी के रूप में आपकी परीक्षा लेता है क्योंकि 90 से अधिक टेस्ट खेलने के बावजूद मुझे अब भी खुद को साबित करना पड़ता है। मुझे अब भी साबित करना पड़ता है कि मै वहां रहने का हकदार हूं। यह अलग तरह की चुनौती है। पुजारा ने कहा कि टीम से बाहर होने से वह कभी-कभी हताश हो जाते है।

## एशियाई खेलों में कप्तानी करते समय धोनी से मिली सीख पर अमल करेंगे गायकवाड़

**डबलिन।** तुराज गायकवाड़ का मानना है कि किसी टीम का नेतृत्व करना आसान काम नही है लेकिन वह अगले महीने एशियाई खेलो मे भारत की कप्तानी करते समय चेन्नई सुपर किंग्स मे अपने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिली सीख पर अमल करके उनकी तरह इसे सरल बनाने की कोशिश करेंगे। गायकवाड़ हांगझोउ मे होने वाले एशियाई खेलो मे युवा टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि उस समय टीम के सीनियर खिलाड़ी विश्वकप की तैयारियो मे लगे होंगे। ईमानदारी से कहूं तो किसी टीम की कप्तानी करना बेहद जटिल चीज है। जैसे कि माही भाई (धोनी) हमेशा कहते रहते है कि एक बार मे एक मैच पर ध्यान दो और भविष्य को लेकर चिंता मत करो। हर कोई चीजों को बढ़ा चढ़ा कर पेश करता है। मै उन लोगो मे शामिल नही हूं जो सोशल मीडिया पर ध्यान देते है या फिर उन बातो पर गौर करते है जो मेरे बारे मे कही जा रही हो। आयरलैड के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच मे भारत की 33 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, मेरा मानना है कि यह एक ऐसी चीज है जो मैने चेन्नई सुपर किंग्स मे सीखी। मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और फिर घर लौट कर अपने दोस्तो के साथ समय बिताने को लेकर मेरी राय बहुत स्पष्ट है।

## बीसीसीआई ने हैदराबाद क्रिकेट संघ से कहा, कार्यक्रम में बदलाव की संभावना नही

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को आईसीसी विश्व कप 2023 के कार्यक्रम मे बदलाव के हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अनुरोध को आधिकारिक तौर पर खारिज कर दिया।एचसीए ने भारत मे पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप के दौरान लगातार दो दिन दो मैचों की मेजबानी को संगठनात्मक और सुरक्षा कारणों से मुश्किल करार देते हुए कार्यक्रम मे बदलाव की मांग की थी।बीसीसीआई के सूत्र ने बताया, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एशिया कप टीम चयन बैठक (जिसके लिए सचिव संयोजक है) के बाद दिल्ली मे एचसीए अधिकारियों के साथ बैठक की और राज्य इकाई को स्पष्ट कर दिया की नौ अगस्त को संशोधित कार्यक्रम जारी होने के बाद कोई बदलाव नही किया जाएगा। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रविवार को ही कहा था कि कार्यक्रम मे और बदलाव संभव नही है। काफी विलंब के बाद इस साल जून मे विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। बीसीसीआई और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने इस महीने की शुरुआत मे नौ मैचो के कार्यक्रम मे बदलाव किया, जिसमे भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला बड़ा मुकाबला भी शामिल था।

# प्रणय और सेन बैडमिंटन दूसरे दौर में

● विश्व चैम्पियनशिप

भाषा। कोपेनहेगन




**भारतीय बैडमिंटन** खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सोमवार को यहां क्रमश: कोले कोलजोनेन और जॉर्जेस जूलियन पॉल पर सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व चैम्पियनशिप के पिछले दो सत्र में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने वामहस्त कोलजोनेन को सीधे गेम में 24-22, 21-10 से हराया। प्रणय की फिनलैंड की इस खिलाड़ी के खिलाफ यह तीन मैचों में तीसरी जीत है। राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मॉरीशस के पॉल को महज 25 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-12, 21-7 से शिकस्त दी। विश्व चैम्पियनशिप (2021) में कांस्य पदक जीत चुके अल्मोडा के शटलर के सामने अगले दौर में कोरिया के जियोन ह्योक जिन जबकि केरल के 31 वर्षीय खिलाड़ी प्रणय के सामने इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो की चुनौती हो सकती है। कोलजोनेन ने शुरुआती गेम में प्रणय को कड़ी टक्कर दी लेकिन इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम को एकतरफा अंदाज में जीतकर मैच अपने नाम किया। पहले गेम में कोलजोनेन ने प्रणय पर 8-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। प्रणय ने इसके बाद वापसी करते हुए ब्रेक के समय तीन अंक (11-8) की बढ़त कायम कर ली। ब्रेक के बाद भी दोनों खिलाड़ी के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला जहां कोई भी खिलाड़ी दूसरे को आसानी से अंक बनाने का मौका नहीं दे रहा था। कोलजोनेन ने तीन गेम प्वाइंट हासिल किए लेकिन प्रणय ने अपना धैर्य बनाए रखा और तीनों गेम प्वाइंट का बचाव कर अच्छी वापसी की। उन्होंने बैकहैंड के शानदार इस्तेमाल से कोलजोनेन को एक बार फिर से गेम प्वाइंट भुनाने से रोक दिया। प्रणय ने इसके बाद शटल को नेट पर खेल दिया जिससे फिनलैंड के खिलाड़ी को 22-21 की बढ़त मिल गई। कोलजोनेन हालांकि इसका फायदा उठाने में विफल रहे और भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक बनाकर गेम जीत लिया।

# साइ ने बजरंग से विश्व चैंपियनशिप के लिए ट्रायल देने या फिटनेस प्रमाणपत्र दिखाने को कहा



**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) चाहता है कि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल में शामिल हो और अगर वह पटियाला में इस सप्ताह होने वाले ट्रायल से छूट चाहते हैं तो फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करें। बजरंग 25 और 26 अगस्त को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग नहीं लेने की योजना बना रहे हैं। वह 23 सितंबर से हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं। बजरंग भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में शामिल थे। उनके अलावा राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता दीपक पूनिया (86 किग्रा) भी 16 सितंबर से बेलग्रेड में विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक नहीं हैं। दीपक भी एशियाई खेलों की तैयारी के लिए लंबे समय तक विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं। बजरंग ने किर्गिस्तान के इससिक-कुल (21 अगस्त-28 सितंबर) में प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजा है तो वहीं दीपक एशियाई खेलों से पहले पांच सप्ताह (23 अगस्त से 28 सितंबर) तक खासाव्युर्ट (रूस) में प्रशिक्षण लेना चाहते हैं। साइ के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, हां, हमने बजरंग से पूछा है कि वह विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल में भाग क्यों नहीं ले रहे हैं। वह एशियाई खेलों के लिए तैयारी करना चाहते हैं और इसके लिए विदेश में प्रशिक्षण लेना चाहते हैं।

# एसएन व माध्यमिक विद्यालय इण्टर कॉलेज फाइनल में



**लखनऊ।** बप्पा नारायण मेमोरियल सेवनए साईंड कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमी फाइनल मैच में एसएन इण्टर कॉलेज नगराम ने गत वर्ष की विजेता सेठ एम आर जयपुरिया कॉलेज को 4-2 गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया । मैच के शुरू होते ही एस एन कॉलेज के संतोष ने तीसरे मिनट में ही गोलकर बढ़त बनाई परन्तु ये बढ़त ज्यादा देर नही रही और जोरदार पलटवार करते हुए जयपुटिया कॉलेज के शोमिल ने 6वें मिनट में गोल कर स्कोर को बराबर किया दोनो टीम एक दूर पर जोरदार आक्रमण करते रहे एस एन कॉलेज के लक्ष्मण ने 14वें मिनट में गोल कर 2-1से बढ़त बनाई। दूसरे हाफमें एस एन0 कॉलेज नए जोश के साथ उतरी और संतोष व प्रियांशु ने 26वें व 32वें मिनट में 1-1 गोल किया जयपुरिया के हर्ष ने 36वें मिनट में गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में माध्यमिक विद्यालय इण्टर कॉलेज तोपखाना ने गत वर्ष की उपविजेता व मेजबान बीएसएन वी इण्टर कॉलेज को 2.0 से मात देकर फाइनल में अपनी जगह बनाई

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 4-0 से हराया

भाषा। डसेलडोर्फ


**भारतीय** जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ 4-0 की आसान जीत दर्ज की।भारत की ओर से राजिंदर सिंह (13वें मिनट), आमिर अली (33वें मिनट), अमनदीप लाकड़ा (41वें मिनट) और अरिजीत सिंह हुंदल (58वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने मैच में सतर्क शुरुआत की। राजिंदर ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई। एक गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में कई हमले किए लेकिन टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली। मध्यांतर तक भारतीय टीम।-0 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही आमिर अली ने मैदानी गोल दागकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया और इंग्लैंड पर दबाव बढ़ा दिया।

# जोकोविच ने सिनसिनाटी में तीसरा खिताब जीता

● मैराथन मुकाबले में अल्कराज को हराया

भाषा। मेसन

**नोवाक जोकोविच** ने लगभग चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। जोकोविच ने यह मैच 5-7, 7-6 (7), 7-6 (4) से जीतकर अल्कराज से पिछले महीने विंबलडन फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता किया। यह मैच तीन घंटे 49 मिनट तक चला जो कि 1990 के बाद एटीपी टूर के इतिहास में सबसे लंबा तीन सेट वाला फाइनल था। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच के करियर का यह 95वां खिताब है और वह इवान लेंडल को पीछे छोड़ कर 1968 के बाद ओपन युग में सर्वाधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। सर्बिया के रहने वाले जोकोविच कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण पिछले दो वर्षों में अमेरिकी धरती पर अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे थे। उन्होंने पांचवें मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज करके छह वर्षों में सिनसिनाटी में अपना तीसरा खिताब जीता। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, मैंने जितने भी टूर्नामेंट खेले उन सभी में यह सबसे अधिक रोमांचक मैचों में से एक था। मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं ग्रैंड स्लैम में खेल रहा हूं। यह सिनसिनाटी में खेला गया सबसे लंबी अवधि का मैच था। पिछला रिकॉर्ड 2010 में बना था जब रोजर फेडरर ने मार्डी फिश को दो घंटे 49 मिनट में हराया था। अल्कराज ने पिछले महीने विंबलडन के फाइनल में जोकोविच को पांच सेट में पराजित किया था।



## कोको गॉफ ने मुचोवा को हराकर महिला एकल का खिताब जीत

मेसन। अमेरिका की कोको गॉफ ने करोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे महिला एकल का खिताब जीता। गॉफ ने फाइनल में मुचोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। यह 19 वर्षीय खिलाड़ी पिछले 50 वर्षो से भी अधिक समय में सिनसिनाटी में खिताब जीतने वाली पहली किशोरी है। फ्रेंच ओपन 2022 की उपविजेता गॉफ का यह पहला मास्टर्स 1000 खिताब है। इस एक घंटे 56 मिनट तक चले मैच मे उन्होंने चौथे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। गॉफ ने जीत के बाद कहा, यह अविश्वसनीय है। मै करोलिना को इस टूर्नामेंट मे शानदार अभियान के लिए बधाई देना चाहती हूं। उम्मीद है कि हम इससे भी बड़े स्तर पर लगातार एक-दूसरे के खिलाफ खेलते रहेंगे।